www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

मां कात्यायनी

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 28 सितंबर 2025 | 13 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 271, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



सूर्योदय 6:14 सूर्यास्त 6:11

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 27 अधि |
| धर्मशाला | 19 न्यू | 29 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,426.46 |
| निफ्टी | 24,654.70 |
| सोना | 1,13,299 |
| चांदी | 1,37,067 |

## षष्टम मां कात्यायनी



**छठे** नवरात्र पर मां कात्यायनी की पूजा की जाती। देवी कात्यायनी को महिषासुर मर्दनी के नाम से भी जाना जाता है। यह देवी का कन्या स्वरूप है, जो अपने भक्त ऋषि कात्यायन की मुराद पूरी करने के लिए पुत्री रूप में प्रकट हुई थीं। नवरात्र में देवी कात्यायनी की पूजा के साथ ही नवरात्र का उत्सव जोर पकड़ने लगता है। पूजा पंडालों में इस दिन से विशेष पूजा का आरंभ हो जाता है। मां कात्यायनी का शरीर सोने जैसा सुनहरा और चमकदार है। मां 4 भुजाधारी और सिंह पर सवार हैं। एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में कमल का पुष्प धारण किया हुआ है। अन्य दो हाथ वरमुद्रा और अभयमुद्रा में हैं।

**कंचनाभा वराभयं पद्मधरां मुकटोज्जवलां।**
**स्मेरमुखीं शिवपत्नी कात्यायनी नमोस्तुते॥**

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में चुनावी जनसभा में हिमाचल सरकार पर किया हमला, बोले-

# हमने सीमेंट सस्ता किया, तो कांग्रेस ने टैक्स बढ़ा दिया

**एजेंसी, पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में एक चुनावी जनसभा में हिमाचल की कांग्रेस सरकार पर तीखा जुबानी हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि जब हमने 22 सितंबर से जीएसटी की नई दरें लागू की, तो इससे सीमेंट की दरें भी कम हो गई, ताकि लोगों को मकान बनाने और मरम्मत के लिए सस्ता सीमेंट मिल सके, मगर हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने सीमेंट पर टैक्स बढ़ा दिया।

केंद्र सरकार जीएसटी सुधारों से जो फायदा हिमाचल के लोगों को देना चाहती थी, कांग्रेस की लूटबाज सरकार उसमें दीवार बनकर खड़ी हो गई। उन्होंने कहा कि इन लोगों की करतूत देखिए, हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है, इन्हें भांति-भांति की गालियां देने की आदत पड़ गई है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस जहां भी रहेगी, लोगों को जरूर लूटेगी

**पीएम** मोदी ने कहा कि मैं कहता हूं कांग्रेस की सरकार जहां भी रहेगी, वहां लोगों को जरूर लूटेगी। उन्होंने कहा कि लोगों को कांग्रेस से सावधान रहना होगा, इसके साथियों से भी बचकर रहना होगा। केंद्र सरकार लगातार टैक्स में छूट देकर राहत दे रही है, लेकिन कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है।



बिहार में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### हिमाचल सरकार ने 5 रुपए बढ़ाया है टैक्स

**केंद्र** सरकार ने 22 सितंबर को जीएसटी की नई दरें लागू की। इससे सीमेंट 35 से 40 रुपए प्रति बैग सस्ता हुआ था, मगर हिमाचल सरकार ने अगले ही दिन कतिपय माल के वहन पर कर (सीजीसीआर) में संशोधन करते हुए सीमेंट पर लगने वाला टैक्स 11 से बढ़ाकर 16 रुपए प्रति बैग कर दिया है। इससे सीमेंट 5 रुपए प्रति बैग महंगा हो गया है।

### बीएसएनएल का 4जी नेटवर्क किया लॉन्च


**एजेंसी, भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा में बीएसएनएल का 4जी नेटवर्क लॉन्च किया। बीएसएनएल 4जी अब देशभर के 98 हजार लोकेशंस पर रोलआउट हो गया है। यह नेटवर्क पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर तैयार हुआ है। इस सर्विस के लॉन्च होते ही भारत के सभी टेलिकॉम ऑपरेटर 4जी से लैस हो गए हैं। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो खुद अपने इस्तेमाल के लिए टेलीकॉम कंपोनेंट्स बनाते हैं। यह तकनीक पूरी तरह भारत में बनी है और भविष्य में 5जी सेवाओं में अपग्रेड किया जा सकेगा।

# सीएम सुखविंद्र सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश बन रहा खेलभूमि

## खिलाड़ियों की शिक्षा, डाइट व यात्रा सुविधा पर सरकार का विशेष ध्यान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश खेल भूमि बनने जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि राज्य अब केवल पर्यटन और प्रकृति की धरती ही नहीं, बल्कि खेलों की भूमि के रूप में भी अपनी अलग पहचान बनाए। इसके लिए आधुनिक अधोसंरचना से लेकर खिलाड़ियों की पढ़ाई, पोषण, यात्रा और सम्मान तक हर क्षेत्र में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। हमीरपुर जिले के नादौन उपमंडल के खरेड़ी में 65.61 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक बहुउद्देशीय खेल परिसर का निर्माण हो रहा है। इसमें आठ लेन का स्विमिंग पूल, शूटिंग रेंज, कुश्ती, मुक्केबाजी, कबड्डी, टेबल टेनिस, टेनिस और बैडमिंटन की सुविधा होगी। इसी तरह बिलासपुर के लुहणू में 100 बिस्तरों का खेल छात्रावास तैयार किया जाएगा।



शिमला के कुटासनी स्थित राजीव गांधी बहुउद्देशीय स्टेडियम का विस्तार किया जा रहा है, जबकि सोलन, रिकांगपिओ, हरोली और जयसिंहपुर में नए स्टेडियम बनेंगे। हमीरपुर और सुजानपुर में सिंथेटिक ट्रैक भी तैयार होंगे।

खिलाड़ियों की शिक्षा प्रभावित न हो, इसके लिए बड़ा निर्णय लिया गया है। राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की अनुपस्थिति दर्ज करने के बजाय 'विशेष अवकाश उपस्थिति' मानी जाएगी। यह व्यवस्था स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की तर्ज पर लागू की गई है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए डाइट मनी में बढ़ोतरी की गई है। अब प्राथमिक स्तर के खिलाड़ियों को 250 रुपए, अन्य को 400 रुपए और प्रदेश से बाहर प्रतियोगिताओं में जाने वालों को 500 रुपए प्रतिदिन मिलेंगे। इस वर्ष 421 खिलाड़ियों को 76.98 लाख रुपए की डाइट मनी दी गई है।

### इनाम राशि में बढ़ोतरी

**अंतरराष्ट्रीय** स्तर पर खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार राशि में भारी वृद्धि की गई है। ओलंपिक और पैरालंपिक स्वर्ण विजेताओं को अब 5 करोड़, रजत विजेताओं को 3 करोड़ और कांस्य विजेताओं को 2 करोड़ दिए जाएंगे। एशियाई खेलों में स्वर्ण विजेताओं की राशि 4 करोड़ कर दी गई है। हाल ही में प्रदेश के 21 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को 14.77 करोड़ की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया है।

# विमल नेगी मामला : सीबीआई ने देसराज से 3 घंटे की पूछताछ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के मुख्य अभियंता विमल नेगी की आत्महत्या प्रकरण में सीबीआई ने शनिवार को शिमला ऑफिस में बिजली बोर्ड के मुख्य अभियंता देसराज से तीन घंटे तक पूछताछ की। सीबीआई ने देसराज से कार्यसंस्कृति, नेगी के परिजनों द्वारा लगाए गए आरोप तथा पेखुवाला परियोजना से संबंधित प्रश्न किए। परिजनों ने देसराज के अतिरिक्त पूर्व प्रबंध निदेशक हरिकेष मीणा एवं निदेशक कार्मिक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए छोटा शिमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। पूछताछ की संपूर्ण वीडियोग्राफी की गई, जिसे आगामी सुनवाई में प्रस्तुत किया जाएगा।

**पूछताछ की संपूर्ण वीडियोग्राफी की**

# इंडियन आर्मी खरीदेगी 'अनंत शस्त्र'

## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को दिया 30 हजार करोड़ रुपए का टेंडर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय सेना का एयर डिफेंस सिस्टम अब और मजबूत होगा। सेना ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को लगभग 30 हजार करोड़ रुपए में 'अनंत शस्त्र' सरफेस टू एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। पहले इसे क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल कहा जाता था। अब इसका नाम बदलकर 'अनंत शस्त्र' रखा गया है। (अनंत ज्ञान)



### 'अनंत शस्त्र'?

**'अनंत शस्त्र'** की खासियत यह है कि यह चलते-फिरते भी दुश्मन के टारगेट को हिट कर सकता है। इसकी मारक क्षमता लगभग 30 किलोमीटर (जमीन से हवा में) तक है। यह सेना के मौजूदा आकाशतीर और मीडियम रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल सिस्टम का साथ देगा। 'अनंत शस्त्र' की दिन और रात दोनों में सफल टेस्टिंग की जा चुकी है।

# विवाद होने पर स्वास्थ्य मंत्री शांडिल का विदेश दौरा रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल का लंदन और फ्रांस दौरा रद्द कर दिया गया। उनके नेतृत्व में 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 2 से 11 अक्तूबर तक विदेश जाने वाला था, लेकिन जैसे ही यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना और सवाल उठे, मंत्री ने शनिवार को घोषणा की कि फिलहाल विदेश यात्रा स्थगित की जा रही है। सरकार की अधिसूचना में प्रतिनिधिमंडल के साथ मंत्री के बेटे कर्नल संजय शांडिल और बहू का नाम भी शामिल था। सोशल मीडिया पर लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर मंत्री के परिजन सरकारी प्रतिनिधिमंडल में क्यों शामिल हो रहे हैं।

**दल में बेटे-बहू का शामिल होना बनी विवाद की वजह**

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

# हिमाचल में STEM क्रांति की शुरुआत

## छात्रों ने 700 विद्यालयों में दिया प्रवीणता टेस्ट

हिमाचल प्रदेश में छात्रों को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से समग्र शिक्षा (Samagra Shiksha) द्वारा शुरू किए गए स्टेम पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रवीणता टेस्ट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह टेस्ट प्रदेश के 12 जिलों में आयोजित किया गया, जिसमें 700 विद्यालयों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कक्षा 6 से 12 के 146332 विद्यार्थियों ने इस टेस्ट में भाग लिया यह पहल इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान के बजाय प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य छात्रों को उनके आसपास की स्थानीय समस्याओं पर काम करने और उनके समाधान के लिए प्रोजेक्ट्स बनाने के लिए सशक्त बनाना है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुरूप है, जो 21वीं सदी के कौशलों पर विशेष जोर देती है। इस टेस्ट और आगामी प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता (Creativity), आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking), सहयोग (Collaboration) और संचार (Communication) जैसे महत्वपूर्ण कौशलों को बढ़ावा देना है। ये सभी कौशल बच्चों की समग्र शिक्षा और उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### शिक्षक प्रशिक्षण और विषयों पर फोकस

इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए, समग्र शिक्षा ने शिक्षकों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया था। शिक्षकों को कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) और थ्रीडी एक्सआर (3D XR) जैसी आधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षित किया गया, ताकि वे छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन दे सकें। STEM का अर्थ हिंदी में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित है, और इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य इन्हीं विषयों में छात्रों की रुचि और क्षमता को बढ़ाना है। इस परीक्षा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुल 700 स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। इनमें कांगड़ा जिले से सर्वाधिक 149 स्कूल, मंडी से 109, ऊना से 71, हमीरपुर से 67, सोलन से 59, शिमला से 53, सिरमौर से 51, चंबा से 50, बिलासपुर से 47, कुल्लू से 30, लाहौल-स्पीति से 10 और किन्नौर से 4 स्कूलों के छात्र शामिल हुए।

इस टेस्ट में सफल होने वाले छात्रों को एक विशेष बूटकैंप में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहाँ उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक से सीधे सीखने का मौका मिलेगा। यह प्रोजेक्ट हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने और छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।







## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचली-केरलीय व्यंजनों ने बांधा समां

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय (उत्कृष्ट) वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टौणी देवी में बैग फ्री डे के अवसर पर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' और विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने हिमाचल और केरल के पारंपरिक व्यंजन तैयार कर सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। वहीं, पर्यटन विषय के छात्रों ने भारत के प्रसिद्ध तीर्थस्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों के मॉडल्स प्रदर्शित किए। प्रदर्शनी में केदारनाथ, अयोध्या धाम, इंडिया गेट आदि के सुंदर मॉडल्स आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, एकता और देश की सांस्कृतिक विविधता के प्रति समझ विकसित करना था। कार्यक्रम का सफल संचालन नविता व विनोद कुमार के मार्गदर्शन में हुआ।

### डीडीएम कॉलेज में मनाया साई बाबा का जन्मदिवस

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडी साई कॉलेज कल्लर जलाड़ी में शिरडी साई बाबा का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कल्लर साई समिति द्वारा भजन किए गए और कॉलेज के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समिति के जिलाध्यक्ष रविन्द्र ने साई बाबा के चमत्कारों और उनकी महानता का वर्णन किया। बीएएलएलबी व डीएलएड प्रशिक्षुओं ने साई वंदना व भजनों से सभी का मन मोह लिया। साथ ही महिलाओं के लिए स्त्री रोग संबंधी मुफ्त चिकित्सा शिविर का भी आयोजन हुआ, जिसमें डॉक्टर राजेश्वर ठाकुर, डॉक्टर शिवानी और अन्य स्टाफ मौजूद रहे। कॉलेज प्रिंसिपल और स्टाफ ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की। अंत में डॉ. मल्कीयत सिंह राणा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

### बैठक में युवाओं की समस्याओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर टिहरा विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक संधू ने की। इस बैठक में मुख्यातिथि के रूप में युवा कांग्रेस जिला प्रभारी अब्दुल खालिक उपस्थित रहे, जबकि प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रवक्ता चंदन ठाकुर भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्र के युवाओं से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। संगठन के पदाधिकारियों ने युवाओं की समस्याओं और उनके समाधान पर अपनी बातें रखीं। युवा कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के जनकल्याणकारी कार्यों और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के जिला महासचिव केशव ठाकुर, सुजानपुर के उपाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, ब्लॉक यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विजय कुमार, शहरी इकाई के उपाध्यक्ष दिव्यांशु समेत कई मौजूद थे।

### 50 महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मॉडल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगल बेरी के अंतर्गत बेरी आंगनवाड़ी में शिविर आयोजित किया। मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. सुरिंदर सिंह डोगरा के नेतृत्व में शिविर में 50 महिलाओं की बीपी, शुगर आदि की जांच की गई। डॉ. डोगरा ने कहा कि नवजात शिशुओं से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और वृद्धों को संतुलित आहार मिलना बेहद आवश्यक है। अच्छा पोषण प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है और बच्चों के मस्तिष्क विकास में भी सहायक होता है। उन्होंने महिलाओं से नियमित जांच की अपील की। शिविर को सफल बनाने में सुपरवाइजर रविंद्रा देवी, सीएचओ शिवानी शर्मा, आशा वर्कर सुषमा व आंगनवाड़ी वर्कर कविता ने सहयोग दिया।

### हिमुडा में पदों की समाप्ति पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा हमीरपुर ने हिमुडा में 327 रिक्त पदों को समाप्त करने के सरकार के फैसले को युवाओं के साथ विश्वासघात बताया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने लाखों नौकरियों के वादे किए थे, लेकिन अब पद समाप्त कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। हिमुडा के 633 स्वीकृत पदों में से 327 रिक्त थे, जिन्हें हाल ही में समाप्त कर दिया गया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार केवल अपने चहेतों को एडजस्ट करने के लिए 'सलाहकार' जैसी नई पोस्टें बना रही है, जबकि युवाओं को हतोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अब 'वन मित्र', 'पशु मित्र' जैसे नामों से 4000-8000 रुपए की मामूली नौकरियां थमाई जा रही हैं। भाजपा ने चेतावनी दी कि वह युवाओं के हितों के लिए संघर्ष जारी रखेगी और कांग्रेस सरकार के फैसलों को हर मंच पर उजागर करेगी।

### बिक्रम बने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सलाहकार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना में 33 वर्षों तक कार्यक्रम व पर्यावरणीय गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पूर्व राज्य लाइजन अधिकारी प्रो. बिक्रम राणा को ईको पर्यावरण समूह की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बोर्ड में सलाहकार सदस्य नियुक्त किया गया है। यह घोषणा समूह के निदेशक व पूर्व कुलपति प्रो. परविंदर सिंह ने की। प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप गर्ग ने प्रो. राणा का ईको परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि उनकी अनुभवी नेतृत्व क्षमता संगठन के पर्यावरणीय मिशन को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति समूह की सामुदायिक सेवा व पर्यावरणीय स्थिरता की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करेगी।

### छोटे प्रयासों से लाएं बड़े बदलाव: प्रदीप चौहान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** बाल विकास परियोजना सुजानपुर के सौजन्य से वार्ड नंबर 4 में पोषण अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण पर शिविर आयोजित किया गया। अध्यक्षता कर रहे पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार चौहान ने कहा कि प्लास्टिक का कम उपयोग, पौधारोपण और कचरे का सही निपटान जैसे छोटे प्रयास सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने जंक फूड से बचने और कम नमक, चीनी व तेल के सेवन की सलाह दी। इस अवसर पर स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी और पोषण वॉक का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड समन्वयक पंकज कुमार, क्षेत्रीय कार्यकर्ता और कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

### युवक से 152 ग्राम चरस बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, भोटा।** पुलिस ने भोटा के नरेण नगर में शुक्रवार देर रात नाके के दौरान एक युवक से 152 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी की पहचान विक्रांत (27), पुत्र लोत राम, निवासी भुंतर, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। पुलिस सहायता कक्ष भोटा की टीम – हेड कांस्टेबल अनिल चंदेल, हेड कांस्टेबल कुलदीप कुमार शर्मा, कांस्टेबल रवि कुमार और महिला आरक्षी सुलोचना कुमारी ने रात लगभग 1 बजे बाइक सवार युवक को शक के आधार पर रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से चरस मिली। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कुत्ता काटे तो तुरंत करवाएं इलाज: बीरबल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विश्व रेबीज दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ताल में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बीरबल ठाकुर ने कहा कि रेबीज जानलेवा वायरस है जो संक्रमित जानवरों के काटने से फैलता है, लेकिन समय पर इलाज से बचाव संभव है। उन्होंने बताया कि घाव को तुरंत साबुन व पानी से धोना, एंटीसेप्टिक लगाना और अस्पताल जाना जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि संक्रमित जानवरों में व्यवहारिक बदलाव, पानी से डर और आक्रामकता देखी जाती है। पालतू जानवरों का नियमित टीकाकरण जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपचार के बजाय समय पर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अतुल शर्मा सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### नवभवनों की योजना तैयार कर विभाग को भेजें

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन के विस्तारीकरण हेतु हस्तांतरित की जा रही वन भूमि का निरीक्षण उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा ने किया। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेंद्र सिंह, ज्वालामुखी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुशील बस्सी तथा स्थानीय कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम उपस्थित रहे। उच्च शिक्षा निदेशक ने निर्देश दिए कि छात्र आवश्यकताओं के अनुरूप नवभवनों की रूपरेखा तैयार कर शीघ्र विभाग को भेजी जाए। उन्होंने बताया कि यह दौरा मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशों के तहत हुआ, ताकि महाविद्यालय को एक आदर्श संस्थान के रूप में विकसित किया जा सके और विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं मिल सकें।

### गेहूं की उन्नत किस्म एचएस 562 के फायदे समझाए

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय केंद्र शिमला द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र हमीरपुर के बड़ा में नादौन और सुजानपुर उपमंडल में अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत 100 किसानों के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय केंद्र शिमला के प्रमुख डॉ. धर्मपाल ने की, जिन्होंने किसानों को सरकार की योजनाओं और गेहूं की उन्नत किस्म एचएस 562 के फायदे समझाए। डॉ. विशाल डोगरा ने आगामी रबी मौसम में सब्जी खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# क्लस्टर प्रणाली का किया विरोध

## अंडर-12 टूर्नामेंट को बंद करना बच्चों के सर्वांगिण विकास के साथ खिलवाड़: प्राथमिक शिक्षक संघ

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ खंड हमीरपुर की महत्वपूर्ण बैठक खंड प्रधान नरेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें संघ के समस्त पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विभाग द्वारा बनाई जा रही नई क्लस्टर प्रणाली का कड़ा विरोध किया गया। संघ ने कहा कि पहले भी सभी प्राथमिक पाठशालाओं के क्लस्टर बनाए गए थे और वे अच्छी तरह से कार्यरत हैं। नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अंतर्गत नए क्लस्टर बनाए जा रहे हैं, लेकिन एनईपी 2020 में कक्षा बार अध्यापक नियुक्त करने की बात स्पष्ट है, परन्तु इस दिशा में अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

साथ ही, संघ ने कहा कि एनईपी में कहीं भी खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी या केंद्रीय मुख्य शिक्षकों की शक्तियों को छीनने की बात नहीं कही गई है, लेकिन वर्तमान में उनके अधिकारों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है, जिससे उनके पद समाप्त किए जाने की संभावना है। इस कदम का प्राथमिक शिक्षक संघ कड़े शब्दों में विरोध करता है।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने विभाग द्वारा अंडर-12 टूर्नामेंट को बंद करने के फैसले को बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ खिलवाड़ बताया। एनईपी 2020 में बच्चों के खेल और सांस्कृतिक विकास को विशेष महत्व दिया गया है, लेकिन इस टूर्नामेंट को बंद करना नीति के विपरीत है और बच्चों के खेल-कूद तथा शारीरिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा। संघ ने इस निर्णय का सख्त विरोध करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार टेट की बाध्यता को समाप्त करने की भी मांग की गई। संघ ने कहा कि वर्तमान में जो शिक्षक सेवा में हैं, उन्होंने समय-समय पर जरूरी योग्यताएं पूरी की हैं, इसलिए उनके ऊपर नई शर्तें लगाना उचित नहीं है। इसके अलावा, प्रदेश सरकार से अनुरोध किया गया है कि अध्यापकों को अनावश्यक डाक कार्य, बीएलओ की ड्यूटी और तीन-तीन जगह हाजिरी लगाने जैसे अतिरिक्त कार्यों से मुक्त किया जाए ताकि वे अपनी प्राथमिक जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान नरेश शर्मा, चीफ पैटर्न सुनीता बन्याल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय लक्ष्मी, महासचिव वीरेंद्र राणा, मुख्य सलाहकार सुभाष कसाना, कोषाध्यक्ष जीवन कुमार, महालेखाकार वरुण ठाकुर, महिला विंग प्रधान रीना रानी, महासचिव महिला विंग अंजू राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला विंग सरोज कुमारी, राज्य प्रवक्ता अशोक पठानिया, सहसचिव अभिनव शर्मा तथा खंड प्रवक्ता सुशील कुमार शामिल रहे।

### वेतन लाभ, पदोन्नति व पाठ्यक्रम सुधार की मांग

**संघ** ने समय-समय पर मिलने वाले वेतन लाभ जैसे टाइम स्केल के अंतर्गत 4-9-14 का लाभ, मुख्य शिक्षक की पदोन्नति, 2016 से लंबित एरियर और चार-चार डीए किस्तों का शीघ्र भुगतान करने की मांग की। साथ ही हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक व सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप बच्चों के लिए पाठ्यक्रम विकसित करने की अपील की गई, क्योंकि एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में कई खामियां हैं और वे प्रदेश के बच्चों के अनुकूल नहीं हैं।

### उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा का किया धन्यवाद

**प्राथमिक** शिक्षक संघ खंड हमीरपुर ने उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा का धन्यवाद किया, जिन्होंने लंबे समय से कोर्ट में विचाराधीन जेबीटी अध्यापकों की वरिष्ठता सूची के मामले को ठीक करने में मदद की। साथ ही, संघ ने उनसे खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, केंद्रीय मुख्य शिक्षकों और मुख्य शिक्षकों की पदोन्नति शीघ्र अति शीघ्र कराने की अपील की ताकि वर्षों से प्रतीक्षित पदोन्नति लाभ शिक्षकों को मिल सके।

# भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति: अनुराग ठाकुर

- कहा- भारत का 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य
- अमेरिका-भारत साझेदारी मंच में ऊर्जा क्षेत्र की महत्वाकांक्षाएं उजागर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अमेरिका में आयोजित अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के कार्यक्रम में भारत की ऊर्जा नीतियों का प्रतिनिधित्व करते हुए बताया कि भारत 2030 तक अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को 227 गीगावाट से बढ़ाकर 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य पूरा करने की दिशा में तेजी से कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सस्ती, विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



अनुराग ने बताया कि भारत ने 2014 में मात्र 2.3 गीगावाट सौर मॉड्यूल क्षमता से आज 100 गीगावाट की बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। भारत अब दुनिया के छठे सबसे बड़े सौर पीवी निर्यातक के रूप में उभरा है, जिसकी वैश्विक निर्यात हिस्सेदारी 2.51% से बढ़ाकर 2030 तक 7% करने का लक्ष्य है। अमेरिका में भारत की सौर पीवी आयात हिस्सेदारी भी 2.2% से बढ़कर 9% हो गई है।

उन्होंने कहा कि भारत की घरेलू सौर मॉड्यूल निर्माण क्षमता मार्च 2025 तक 74 गीगावाट तक पहुंच गई है, जिससे आयात पर निर्भरता में कमी आई है। इस क्षेत्र में नई नीतियों से 1.5 लाख करोड़ का निवेश और 5-7 लाख नौकरियों का सृजन संभव होगा। अनुराग ने कहा कि भारत ऊर्जा क्षेत्र में स्वच्छ और टिकाऊ विकास के लिए वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है और नया ऊर्जा समीकरण दुनिया के लिए भारत के नेतृत्व का अवसर है।

# राजपूत महासभा सरकारों की भेदभावपूर्ण नीतियों को बदलने के लिए बनाएगी दबाव



- एक माह बाद जिला की कार्यकारिणी घोषित, 41 सदस्य शामिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला राजपूत महासभा ने एक माह बाद अपनी नई जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी है। स्थानीय कुमार पैलेस में आयोजित भव्य सभा में जिले भर के वरिष्ठ और प्रबुद्ध राजपूतों ने भाग लेकर महासभा के उद्देश्यों को समर्थन दिया। अध्यक्ष अजमेर ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को जोश से भरते हुए कहा कि राजपूत समाज संविधान में प्रदत्त समानता और सामाजिक न्याय के अधिकारों की लड़ाई लड़ने तथा जाति विहीन समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

कार्यकारिणी में 41 पदाधिकारियों को शामिल किया गया है, जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, महिला विंग, भूतपूर्व सैनिक विंग के पदाधिकारी शामिल हैं। लीगल सेल का नेतृत्व एडवोकेट दिनेश ठाकुर करेंगे। युवा वर्ग को जागरूक करने का कार्य परमिंदर पम्मी, हरिओम सिंह और अजय ठाकुर को सौंपा गया है।

सभा ने सलाहकार बोर्ड का भी गठन किया है, जिसमें जिले के 25 वरिष्ठ राजपूत सदस्य शामिल हैं। महासभा जल्द ही प्रदेश और केंद्र सरकार को अपने मांग पत्र भेजकर भेदभावपूर्ण नीतियों को बदलने के लिए दबाव बनाएगी। महासभा ने सभी राजपूतों से जुड़ने का आह्वान भी किया है ताकि सामूहिक शक्ति के साथ अपने अधिकारों की रक्षा की जा सके।

### पदोन्नति की राह देख रहे हैं हजारों शिक्षक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश के करीब 2230 शिक्षक पिछले दो वर्षों से पदोन्नति की राह देख रहे हैं। इनमें 850 प्रिंसिपल पदों पर प्रवक्ता और हेडमास्टर, 270 टीजीटी और प्रमोटी प्रवक्ता, 200 जेबीटी से टीजीटी, 120 सी एंड वी से टीजीटी तथा 80 जेबीटी से भाषा शिक्षक शामिल हैं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद लगभग 700 टीजीटी भी अनुपूरक प्रवक्ता पदोन्नति सूची का इंतजार कर रहे हैं। राजकीय टीजीटी कला संघ के महासचिव विजय हीर ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर कहा है कि पंचायती राज चुनावों की आचार संहिता लागू होने से पहले लंबित पदोन्नति सूचियां जारी की जाएं। उन्होंने बताया कि लगभग 270 हेडमास्टर पदों की डीपीसी दो माह पहले पूरी हो चुकी है, जबकि 800 प्रिंसिपल पदों की फाइल जुलाई 2025 में लोक सेवा आयोग को भेजी गई थी, लेकिन आपत्तियों के कारण सूची लंबित है। इस देरी के कारण कई शिक्षक बिना प्रमोशन के सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संघ ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से जल्द कदम उठाने की मांग की है।

# हमीरपुर में कांग्रेस का एक ही गुट, जिसका मैं स्वयं कर रहा हूं नेतृत्व: डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा है कि हमीरपुर में कांग्रेस पार्टी के भीतर कोई अलग गुट नहीं है, बल्कि एक ही गुट है जिसका नेतृत्व वे स्वयं कर रहे हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात स्पष्ट की और कहा कि पार्टी के अंदर मतभेद होना सामान्य है जैसे घर में पति-पत्नी के बीच होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कोई समस्या है।

डॉ. वर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद किया, जिन्होंने हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत किए हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तलाशी गांव से शिवनगर तक सड़क निर्माण की मांग की थी, जो नाबार्ड योजना में शामिल होकर 9 करोड़ 44 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। साथ ही उन्होंने कहा कि सदर विधायक की आलोचनाएं राजनीति से प्रेरित हैं, क्योंकि सड़क निर्माण में वैकल्पिक व्यवस्थाएं पीडब्ल्यूडी विभाग करता है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्ति।

- सीएम का 36 करोड़ के विकास कार्यों के लिए किया धन्यवाद
- सड़क, शिक्षा सहित कई योजनाओं पर दिया जोर

डॉ. वर्मा ने शिक्षा क्षेत्र में भी 26 करोड़ रुपए की योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें नेरी कॉलेज और हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के लिए छात्रावास निर्माण शामिल हैं। साथ ही, शनि देव मंदिर के सौंदर्यकरण के लिए 1 करोड़ और हमीरपुर के बस स्टैंड को विश्वस्तरीय बनाने के लिए 123 करोड़ रुपए की लागत बढ़ाने की योजना पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर प्रदेश किसान कांग्रेस संयोजक विवेक कटोच, ब्लॉक यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दिवस ठाकुर, उपाध्यक्ष रजत राणा, शहरी कांग्रेस यूथ उपाध्यक्ष शुभम शर्मा, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज मिनाज, पूर्व पार्षद हर्ष कालिया, धनेड प्रभारी दीपक भारद्वाज, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम चौधरी, पुर्व प्रधान कमल पठानिया, जिला परिषद सदस्य महेंद्र कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरसी डोगरा सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

### हिम अकादमी में हिंदी पखवाड़े का हर्षोल्लास से आयोजन

# सुलेख स्पर्धा में गौरिक, मीनल व अशमी प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में हिंदी पखवाड़ा हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन 14 से 28 सितंबर तक चला। पखवाड़े के दौरान कक्षा तीसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत सुलेख, कहानी वाचन, कविता वाचन, निबंध लेखन, भाषण, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन तथा बाल कवि सम्मेलन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रत्येक प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम जागृत करना और उनकी अभिव्यक्ति क्षमता को निखारना था।

सुलेख प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी और चौथी के विद्यार्थियों ने सुंदर लेखन कला प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कक्षा तृतीय-'अ' में गौरिक एवं मीनल प्रथम, शिवाली द्वितीय तथा नक्षिता और अवनी तृतीय रहे। कक्षा तृतीय-'ब' में शरण्या एवं अखिलेश प्रथम, अलीशा द्वितीय तथा भव्यम तृतीय स्थान पर रहे। चतुर्थ-'अ' में अशमी प्रथम, रैना द्वितीय और सरस व काशवी तृतीय रहे। वहीं चतुर्थ-'ब' में कायना प्रथम, अयान द्वितीय और प्रिशा तृतीय स्थान पर रहीं। कहानी वाचन प्रतियोगिता में कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति और भावाभिव्यक्ति की सराहना हुई। कविता वाचन प्रतियोगिता में कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने अपनी काव्य प्रस्तुति से माहौल को साहित्यिक बना दिया। नारा लेखन प्रतियोगिता कक्षा सातवीं में आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने समाज और भाषा से जुड़े सशक्त संदेश दिए।



हिम अकादमी में बच्चे हिंदी भाषा के प्रति अपनी प्रतिभा और उत्साह का परिचय देते हुए।

भाषण प्रतियोगिता में आठवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के महत्व और सामाजिक मुद्दों पर गहन विचार रखे। कक्षा 8वीं में प्रथम निवेदिता, द्वितीय करुल तथा तृतीय अखिलेश एवं उन्नति रहे। कक्षा 9वीं में आरुषि, जानवी एवं अनिष्का ने प्रथम, पावनी ने द्वितीय और रिजवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में अन्नयश्री प्रथम, कीर्ति द्वितीय तथा अथर्व और शाद आलम तृतीय स्थान पर रहे।

### बड़सर के विकास की नींव भाजपा सरकार ने रखी: शर्मा

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर में भाजपा मंडल द्वारा लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंडल अध्यक्ष श्री संजीव शर्मा ने कांग्रेस नेताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र में जितना भी विकास हुआ है, वह पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और केंद्र की भाजपा सरकार की देन है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता जनता के सामने अधूरी जानकारी रखकर केवल वाहवाही लूटने की कोशिश कर रहे हैं।

- कांग्रेस नेताओं पर अधूरी जानकारी फैलाने व श्रेय लेने का आरोप

उन्होंने कहा कि मिनी सचिवालय, बम्बलू हैलीपैड, एडीबी प्रोजेक्ट, कोटला सब स्टेशन, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, और क्रिटिकल केयर यूनिट जैसी योजनाएं भाजपा की देन हैं, जिन पर अब कांग्रेस केवल पट्टिका लगाकर श्रेय ले रही है।

शर्मा ने कांग्रेस नेताओं से सीधा सवाल किया कि मुख्यमंत्री ने अब तक बड़सर के विकास में क्या योगदान दिया है? उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता जिन 400 करोड़ के विकास कार्यों की बात कर रहे हैं, उन्हें जनता आज तक ढूंढ रही है। इस अवसर पर प्रेम दत्याल, अश्वनी बन्याल, दिनेश व्यास, रवि कानूनगो सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस पदाधिकारियों की हालत 'खिसियानी बिल्ली' जैसी: विनोद

- सांसद अनुराग ठाकुर पर टिप्पणी करने वालों को भी दिखाया आईना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सचिव विनोद ठाकुर ने कांग्रेस के बयानवीरों पर जोरदार तंज कसा है। उन्होंने शंखनाथ चुनौती पर नगर निगम के चुनाव में अपने वार्ड से चुनाव लड़ने की चुनौती पेश की है। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़कर देख लें जनता जमानत जब्त करवा कर कांग्रेसी बयान वीरों को आईना दिखाएगी। उन्होंने कहा कि चाटुकार कांग्रेस पदाधिकारियों की कथनी और करनी में जमीन आसमान का फर्क है। अपने शीर्ष नेताओं को खुश करने के लिए अनाप-शनाप बयान बाजी कर चाटुकारिता की सभी हदें लांग दी है।



कांग्रेस के हालात प्रदेश और जिला में खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे और थोथा चन्ना बजे घना कहावतों जैसी बन चुकी है। विनोद ठाकुर ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से पांच बार लगातार सांसद बनने वाले अनुराग ठाकुर पर उंगली उठाने से पहले वह अपना हद और कद दोनों को जान लें।

ठाकुर ने आपदा के समय संसदीय क्षेत्र के तीनों जिले के अंतर्गत आने वाली 17 विधानसभाओं में जहां-जहां आपदाएं हुईं वहां का दौरा कर उन्हें मौलिक और फौरी राहत पहुंचाने का काम किया और वहीं कांग्रेस राजनीतिक सलाहकार सुनील बिट्टू एक दिन का हमीरपुर दौरा कर सांसद पर उंगली उठाकर खुद को हंसी का पात्र बन गए। विनोद ने कहा कि एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, नशा निवारण समिति के संयोजक नरेश ठाकुर व राजेश आनंद जैसे लोग जिनका जनाधार शून्य के समान है वह लोग 5 बार के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर पर उंगली उठाते हैं।

### कार्यशाला — डीसी ने अधिकारियों को वित्तीय अनुशासन का पालन करने के दिए निर्देश

# पेंशन, जीपीएफ व लेखा मामलों में दिखाएं सतर्कता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सभी आहरण एवं संवितरण (डीडीओ) अधिकारियों तथा संबंधित कर्मचारियों को पेंशन, जीपीएफ और लेखा मामलों में सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

शनिवार को हमीर भवन में प्रधान महालेखाकार (एजी) कार्यालय (लेखा एवं व्यय) शिमला द्वारा जिला कोषाधिकारी कार्यालय के सहयोग से आयोजित एक कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इन सभी मामलों में वित्त विभाग और एजी के दिशा-निर्देशों की अक्षरश: अनुपालना होना चाहिए, ताकि किसी भी तरह की वित्तीय अनियमितता से बचा जा सके और जीपीएफ खाताधारकों तथा पेंशनरों को कोई दिक्कत न हो। इस अवसर पर एजी ऑफिस के वरिष्ठ लेखाधिकारी हंसराज हीर ने बताया कि सेवानिवृत्त होने जा रहे कर्मचारी का पेंशन केस 6 माह पहले ही तैयार कर लेना चाहिए तथा सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद यह सेवानिवृत्ति से 3 माह पहले ही एजी ऑफिस पहुंच जाना चाहिए। कर्मचारी के सभी दस्तावेज डीडीओ द्वारा सत्यापित होने चाहिए। इसमें पत्नी या पति का नाम और जन्म तिथि सही होनी चाहिए तथा ये सभी दस्तावेजों जैसे- सर्विस बुक, आधार और पैन इत्यादि में एक जैसी होनी चाहिए।



उपायुक्त अमरजीत सिंह कार्यशाला में पेंशन, जीपीएफ और लेखा मामलों में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश देते हुए।

उन्होंने पेंशन के विभिन्न नियमों, नॉमिनी, एनपीएस से ओपीएस में आए मामलों के बारे में भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की तथा प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया। वरिष्ठ लेखाधिकारी राजेंद्र सिंह चंदेल जीपीएफ के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जीपीएफ के फॉर्म में खाताधारक का मोबाइल नंबर अवश्य दर्ज होना चाहिए, जिससे उसे अपने खाते के बारे में त्वरित जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। सहायक लेखाधिकारी सुधीर राणा ने कहा कि अकाउंट्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन मामलों में सटीकता एवं पारदर्शिता बहुत जरूरी होती है। हर बिल में सभी आवश्यक दस्तावेज और स्वीकृति आदेश इत्यादि संलग्न होने चाहिए। अगर डीडीओ अकाउंट है तो उसमें भी धनराशि अनावश्यक रूप से लंबे समय तक नहीं रहनी चाहिए। वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले दिशा-निर्देशों पर पैनी नजर रखनी चाहिए तथा इनकी अक्षरश: अनुपालना होनी चाहिए।

इस अवसर डीटीओ डालिम चौधरी ने उपायुक्त और एजी ऑफिस के अधिकारियों का स्वागत किया तथा जिला के सभी डीडीओ एवं संबंधित कर्मचारियों से सभी दिशा-निर्देशों की अनुपालना की अपील की।

### रोस्टर जारी करने में जानबूझकर की जा रही देरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया है कि प्रदेश कांग्रेस सरकार आगामी पंचायत चुनावों के रोस्टर में छेड़छाड़ कर अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि इस कारण रोस्टर जारी करने में जानबूझकर देरी की जा रही है ताकि आरक्षण का लाभ अपने अनुसार बांटा जा सके। विभिन्न पंचायत प्रतिनिधिमंडलों ने भी इस मामले में चिंता जताई है। राणा ने सरकार से चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी कराने की मांग करते हुए अधिकारियों को कानून के दायरे में काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि गलत तरीके से रोस्टर जारी करने से लोकतंत्र को ठेस पहुंचेगी।

### तकनीकी विवि में पर्यटन दिवस कार्यक्रम संपन्न

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में विश्व पर्यटन दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिपार्टमेंट ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फ्रूट कार्विंग में शाहिद अंसारी व गुलाब जामुन खाने की स्पर्धा में आयुष सांख्यान विजेता रहे। प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, संस्कृत श्लोक, मॉकटेल, रस्साकशी, यात्रा ब्लॉग, दो मिनट की बात, मॉडल प्रदर्शनी, कल्चरल वॉक और फॉलो द बीट जैसी गतिविधियों में छात्रों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में डॉ. विनित, डॉ. आयुष, पायल सूद व अजय कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विजेता प्रतिभागियों को विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।

### भाजपा हमीरपुर महिला मोर्चा अध्यक्ष बनी अर्चना

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** भारतीय जनता पार्टी ने महिला मोर्चा हमीरपुर की कमान एक बार फिर अर्चना चौहान को सौंपी है। संगठन ने उन पर भरोसा जताते हुए दूसरी बार जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर अर्चना चौहान ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है और वह पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगी।अर्चना चौहान ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर सहित पूरे नेतृत्व को धन्यवाद दिया।

## भगवान रघुनाथ की भव्य रथ यात्रा से सजेगा सराहन का जिला स्तरीय दशहरा मेला

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** जिला स्तरीय दशहरा मेला सराहन इस वर्ष 2 से 5 अक्तूबर तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि मेले का शुभारंभ 2 अक्तूबर को भगवान रघुनाथ की भव्य रथ यात्रा और देवी-देवताओं के आगमन के साथ होगा। मेले में रोजाना सांस्कृतिक संध्याएं और पारंपरिक प्रस्तुतियां होंगी। 3 अक्तूबर को भीमाकाली मंदिर ट्रस्ट द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष चंद्र प्रभा नेगी मुख्य अतिथि होंगी। विशेष अतिथियों में सीके गुंडे, कमांडिंग ऑफिसर, 11वीं बटालियन महार रेजीमेंट अवरीपट्टी, श्रीपाल, कमांडिंग ऑफिसर, 19वीं बटालियन आईटीबीपी सराहन, सुरेंद्र पंवार, कमांडिंग ऑफिसर, 43वीं बटालियन आईटीबीपी ज्यूरी और प्रवीन कुमार, कमांडिंग ऑफिसर, एसएसबी सराहन शामिल होंगे।

### न्यूज़ ब्रीफ

## स्प्रिंग डेल स्कूल खनेरी में प्रतिभाओं का जलवा

**जस्टिस सदन रहा अव्वल**

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के अंतर्गत स्प्रिंग डेल स्कूल खनेरी में शनिवार को विद्यार्थियों की प्रतिभा और ज्ञान को मंच देने के उद्देश्य से प्रतिभा खोज व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य, एकल गीत, चित्रकला, ड्राई कुकिंग, श्लोक वाचन, मिमिक्री और वाद्य वादन जैसी प्रस्तुतियों से अपनी रचनात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। विद्यालय के चार सदनों लिबर्टी, इक्वालिटी, जस्टिस और फ्रेटरनिटी के बीच हुई प्रश्नोत्तरी में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। अंडर-14 और अंडर-19 वर्गों में हुए मुकाबले में जस्टिस सदन ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। लिबर्टी सदन दूसरे और इक्वालिटी सदन तीसरे स्थान पर रहे।

## हिमाचल विवि में हुई सॉफ्ट स्किल्स वर्कशॉप



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सायंकालीन अध्ययन विभाग ने 22 से 27 सितंबर तक सॉफ्ट स्किल्स संवर्धन पर एक सप्ताहीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया। प्रो. मीनाक्षी एफ पॉल के नेतृत्व व डॉ. विपन कुमार भुलाल, डॉ. अजीत कुमार और डॉ. राजीव कुमार के कुशल समन्वय में आयोजित इस प्रशिक्षण में 40 से अधिक स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लेकर संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, करियर योजना, टीमवर्क, सृजनात्मकता और पेशेवर शिष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। छह सत्रों में प्रतिदिन सुबह से शाम तक चले इस कार्यक्रम ने छात्रों को व्यावसायिक और शैक्षणिक चुनौतियों के लिए तैयार किया। दिल्ली, चंडीगढ़, गुजरात, हैदराबाद व अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों से आए विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, बौद्धिक संपदा अधिकार व एआई उपकरणों के प्रयोग जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को नई दृष्टि प्रदान की।

## प्रदेश सरकार आपदा प्रबंधन में विफलः डोगरा

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार आपदा प्रबंधन में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के लिए हमेशा संवेदनशीलता दिखाई है। वर्ष 2023 से अब तक प्रदेश को 5500 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी गई है और हाल ही में 1500 करोड़ रुपए के नए पैकेज की घोषणा की गई है। इस प्रकार कुल-मिलाकर 7000 करोड़ रुपए से अधिक की मदद केंद्र सरकार ने दी है, लेकिन दुर्भाग्य से मुख्यमंत्री ने इस सहायता के लिए आभार व्यक्त करना तक उचित नहीं समझा। डोगरा ने कहा कि प्रदेश में 2500 से अधिक घर जमींदोज हो चुके हैं और हजारों परिवार विस्थापित हैं, लेकिन मुख्यमंत्री जनता का दर्द सुनने तक नहीं जा रहे। राहत राशि को सीधे प्रभावितों और क्षतिग्रस्त ढांचों की मरम्मत पर खर्च किया जाना चाहिए, जबकि कांग्रेस सरकार इसे मनमाने ढंग से उपयोग करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता पर बोझ डालने में व्यस्त है, कभी सीमेंट की कीमतें बढ़ाकर तो कभी नए टैक्स लगाकर, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली से पहले जीएसटी सरलीकरण का तोहफा देकर व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को राहत दी है।

## पेंशन समय पर देने को लेकर हाईकोर्ट ने सरकार व निगम को भेजा नोटिस

**पुष्पेंद्र अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने एचआरटीसी पेंशनरों की हर माह की पहली तारीख को समय पर पेंशन जारी करने संबंधी याचिका पर राज्य सरकार और एचआरटीसी प्रबंधन को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने अशोक पुरोहित व अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा दायर याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के बाद सभी प्रतिवादियों को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का समय दिया। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी है कि सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 83 के तहत पेंशन का भुगतान हर माह के पहले कार्यदिवस को अनिवार्य है और सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों के अनुसार इसमें देरी पेंशनरों के अधिकारों का उल्लंघन है।

# सेब के गिरते दामों से बागवान चिंतित

## भट्ठाकुफर मंडी में सेब के दाम आधे से भी कम

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचे बागों से शुरू होकर दिल्ली की विशाल मंडियों तक हर बाजार में सेब के दाम गिरने से बागवानों की चिंता अब चरम पर है। भट्ठाकुफर फल मंडी में शुरू हुई यह गिरावट, अब शिलारू, नारकंडा, पराला और पिंजौर मंडियों में भी साफ दिखाई दे रही है। वहीं आजादपुर जैसे बड़े ग्रेड की मंडियों में बाहर से आने वाले सेबों की ताजा खबर इस गिरावट को और तूल दे रही है।



भट्ठाकुफर मंडी की हालत तो अब किसी ऊंची चोट की तरह दिख रही है। पहले जिन पेटियों का भाव 1500 से 2000 रुपए था, वे अब 800 से 1200 के बीच बिकी हैं। नीचे की किस्मों के सेबों ने इस गिरावट को और तेज किया है। वहीं, पराला मंडी में भी सुबह से ही गुणवत्तायुक्त सेब की तलाश जारी रही, लेकिन अधिकांश खेप अपेक्षित मानकों से कमतर रही।

शिलारू मंडी, जो ऊंचाई वाले बागों की फसल का केंद्र है, वहां बागवानों ने मौसम की मार का दर्द साझा किया। देर से फूल आने, कीटों के हमले और मौसम की अनिश्चितताओं ने फसल की गुणवत्ता को कमजोर किया। नारकंडा में भी इसी तस्वीर ने भाव को नीचे खींचा। वहां अच्छी किस्म के सेब कम पहुंचे और मिश्रित खेप ने बाजार को दबा दिया। पराला मंडी में बड़े आकार वाले सेब को प्राथमिकता मिली, लेकिन औसत और टूटे सेब के आने से दरें गिर गईं।

पिंजौर मंडी, जो पंचकूला और चंडीगढ़ जैसे बड़े उपभोक्ता शहरों को सेब सप्लाई करती है, वहां भी हालात बेहद कमजोर रहे। सुबह कुछ ट्रकों में हिमाचली सेब भेजे गए, पर खरीदारों ने अधिकतम 70 से 80 रुपए प्रति किलो का ही भाव दिया। अनुमान है कि जब तक यह खेप बड़े शहरों में पहुँचेगी, दाम और नीचे आ जाएंगे।

### दिल्ली की आजादपुर मंडी में सेबों की बाढ़

**सबसे** चिंताजनक तस्वीर दिल्ली की आजादपुर मंडी की है। वहां कश्मीर और हिमाचल के सेब पहले से ही दबाव में हैं, ऊपर से ईरान और अफगानिस्तान से आए सेबों ने स्थानीय उत्पादकों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। हाल की रिपोर्टों के अनुसार, हाल ही हजारों मीट्रिक टन सेब इन देशों से दिल्ली पहुंचा है। इस आवक ने कश्मीरी सेब की मांग तक को लगभग आधा कर दिया है और हिमाचली सेब भी उसी मार में पिसता हुआ दिख रहा है। यही नहीं, कई बार यह भी कहा जाता है कि इन देशों से आयात शुल्क से बचने के लिए अफगानिस्तान के रास्ते गलत पहचान देकर भारत लाया जाता है।

### बागवानों की पीड़ा से उठे सवाल

**हिमाचल** के बागवानों का कहना है कि उनकी लागत लगातार बढ़ रही है। दवाइयां, खाद, पैकेजिंग और मजदूरी पर हर साल नई चोट पड़ती है, लेकिन बाजार में उसका प्रतिफल नहीं मिल पाता। हालिया मंडियों का दृश्य इसका जीवंत उदाहरण है। कोई बागवान अपनी पेटियों पर सिर टिकाए खामोश बैठा था, तो कोई आढ़ती से उलझ रहा था। वहीं खरीदार अपने हिसाब से दाम बोलते और सेब की पेटियां टटोलते रहे। यह दृश्य किसी आम मंडी का नहीं, बल्कि उम्मीदों और हकीकत के टकराने का था। सवाल यही है कि क्या सरकार और बाजार मिलकर इस जीवन-रेखा को संभाल पाएंगे, या हर साल बागवान केवल मौसम और मंडी की मार झेलते रहेंगे।

# एचपीयू में एसएफआई का हंगामा पुलिस से हुई झड़प में तीन घायल



एचपीयू में प्रदर्शन के दौरान पुलिस से भिड़ते एसएफआई के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में शनिवार को स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने कार्यकारी परिषद बैठक के दौरान जोरदार प्रदर्शन किया। छात्र मांगों को लेकर ईसी मेंबर्स को ज्ञापन सौंपा गया और शिमला शहरी विधायक हरीश जनारथा का घेराव किया गया। इस दौरान पुलिस और छात्रों में तीखी झड़प हुई। पुलिस लाठीचार्ज में तीन छात्र घायल हो गए, जिसके बाद गुस्साए छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

धरने को संबोधित करते हुए एसएफआई नेताओं ने 2013 से बंद छात्र संघ चुनावों को बहाल करने, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को 10 फीसदी आरक्षण लागू करने, हॉस्टल की सुविधा बढ़ाने और विश्वविद्यालय में फर्जी भर्ती की न्यायिक जांच जैसी कई मांगें उठाईं। नेताओं ने नई शिक्षा नीति को भी जनविरोधी बताते हुए इसे शिक्षा का भगवाकरण करार दिया। एसएफआई कैंपस अध्यक्ष योगी ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो छात्र संगठन प्रशासन के खिलाफ बड़े आंदोलन की तैयारी करेगा।

# 'जीएसटी सबसे बड़ा रिफॉर्म' जनता को होगा फायदा : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला मे जीएसटी आभार सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि जीएसटी आजादी के बाद का सबसे बड़ा रिफॉर्म है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 12 फीसदी टैक्स स्लैब में शामिल 400 से अधिक वस्तुओं में से 90 प्रतिशत को 5 फीसदी और 10 प्रतिशत को शून्य प्रतिशत टैक्स स्लैब में लाया गया है। इससे छोटे व्यापारियों को भी बड़ी राहत मिली है। बिंदल ने कहा कि इस बदलाव से जनता की जेब में प्रति वर्ष 2 लाख 5 हजार करोड़ रुपए जाएंगे, जिससे देश की आर्थिकी और मजबूत होगी।



डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस ने इनकम टैक्स में केवल 7 लाख की रिबेट की मांग की थी, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12.50 लाख रुपए तक की रिबेट देकर आम जनता को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके शासनकाल में बैरियर और भ्रष्टाचार साथ-साथ चलते थे, जबकि मोदी सरकार ने इस व्यवस्था को खत्म कर पारदर्शिता सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि कोविड संकट के समय भी प्रधानमंत्री ने 10 लाख करोड़ का पैकेज देकर भारत को तेजी से रिकवर करने वाली अर्थव्यवस्था बनाया और अब व्यापार जगत भी ट्रेंड में आगे बढ़ रहा है।

## जल रक्षकों का सेवाकाल घटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश जल रक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा ने प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जल रक्षकों के लिए आर एंड पी नियमों में संशोधन की प्रक्रिया शुरू की है, जिसके तहत अभी तक 12 वर्ष का सेवाकाल घटाकर 8 वर्ष किया जा रहा है। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हाल ही में हुई जल शक्ति विभाग की बैठक में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। संघ को विश्वास है कि आगामी कैबिनेट बैठक में सरकार जल रक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस पर सकारात्मक निर्णय लेगी।

# जुब्बल-नावर-कोटखाई में आई सड़क क्रांति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- रोहित ठाकुर के नेतृत्व में विकास के नए आयाम हुए स्थापित
- नावर को 16.72 करोड़ की सौगात

जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का सुनहरा दौर एक बार फिर लौट आया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के सशक्त नेतृत्व और दूरदर्शी सोच ने इस क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। हाल ही में नावर क्षेत्र को विधायक प्राथमिकता योजना नाबार्ड के अंतर्गत 16.72 करोड़ की सौगात देकर उन्होंने फिर यह साबित कर दिया है कि क्षेत्र की तरक्की उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जानकारी के अनुसार यह कोई पहला अवसर नहीं है जब ठाकुर ने सड़कों के क्षेत्र में रिकॉर्ड कायम किया हो। अपने पूर्ववर्ती कार्यकाल 2003-07 और 2012-17 में भी उन्होंने जुब्बल-नावर-कोटखाई को सड़क नेटवर्क से इस तरह जोड़ा कि पूरा प्रदेश प्रभावित हुआ। गांव-गांव तक सड़क पहुंचाने का उनका संकल्प इस क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ।

वर्ष 2023 के बाद से तो जुब्बल-नावर-कोटखाई में सड़क निर्माण के 400 करोड़ के अभूतपूर्व प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है, जिससे इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी और जीवन स्तर दोनों में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। दुर्गम से दुर्गम गांव अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। किसानों, बागवानों और विद्यार्थियों के लिए सड़कें किसी जीवनरेखा से कम नहीं, और यही कारण है कि यह क्षेत्र तेजी से आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर है।

### मंत्री की जनहितैषी सोच के लोग कायल

**रोहित** ठाकुर के मजबूत नेतृत्व और जनहितैषी दृष्टिकोण ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जुब्बल-नावर-कोटखाई का भविष्य विकास, प्रगति और खुशहाली से भरा हुआ है। उनकी कार्यशैली और समर्पण से प्रेरित होकर क्षेत्र की जनता भी गर्व से कह रही है।

# ढाकगांव का प्रतिनिधिमंडल मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मिला



ढाकगांव पंचायत का प्रतिनिधिमंडल मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मुलाकात के दौरान।

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह से शिमला में उनके कार्यालय में ढाकगांव पंचायत का प्रतिनिधिमंडल पंचायत प्रधान गीता पगरुवाण की अध्यक्षता में मिला।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने उन्हें शादी की बधाई भी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने नाबार्ड के माध्यम से ग्राम पंचायत ढाकगांव को जोड़ने वाली सड़क निर्माण को स्वीकृति देने के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के कार्य के पूर्ण होने से सभी लोगों को बहुत लाभ होगा। इस अवसर पर पंचायत प्रधान के साथ पंचायत निवासी पृथ्वीराज चौहान, बीरबल नेगी, दीपक खुराना, रबेश नेगी व संगीता खुराना भी विशेष रुप से मौजूद रहे।

## भाजपा ने विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्ष किए घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा ने संगठनात्मक मजबूती और पार्टी कार्यों को गति देने के उद्देश्य से अपने विभिन्न मोर्चों के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों की घोषणा की है। प्रदेश नेतृत्व से चर्चा उपरांत युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षों ने अपने-अपने जिलों में नए जिलाध्यक्षों की सूची जारी की।

- युवाओं, महिलाओं और किसानों को नई जिम्मेदारी

युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने चंबा से मिलाप ठाकुर, कांगड़ा से तपन मिन्हास, नूरपुर से सभ्य लोटिया, शिमला से सुमित ठाकुर समेत कई युवाओं को जिम्मेदारी दी। महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. डेजी ठाकुर ने कांता ठाकुर, मोनी धीमान, सीमा चौधरी, अर्चना चौहान और सत्या देवी जैसी नई पदाधिकारियों की नियुक्ति की। किसान मोर्चा की कमान संजीव देष्टा ने संभाली और नरेंद्र ठाकुर, महेंद्र राणा, टाशी ज्ञालसन, दलीप कुमार और दिनेश ठाकुर को जिलाध्यक्ष बनाया।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष सुनील नेगी ने चरणजीत, नरेंद्र पठानिया, रोहित कपूर और जयचंद नेगी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रामलोक धनोटिया ने जोगिंद्र सिंह, विजय कुमार, पवन चौधरी और विजय भारद्वाज सहित कई जिलों में जिम्मेदारी सौंपी। अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मनीष चौहान ने नर सिंह धीमान, अमीचंद, रमेश चंद गुलेपा, खेम चंद संध्याना और पूर्णमल को दायित्व दिया।

# विश्व फूड इंडिया-2025 में हिमाचल के प्रीमियम उद्यान उत्पादों की धाक



**हिमाचल के उत्पादों ने खींचा ध्यान, सेब से लेकर शहद तक प्रदर्शित**

विश्व फूड इंडिया-2025 में लगा हिमाचल प्रदेश उद्यान विभाग का स्टॉल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नई दिल्ली में आयोजित विश्व फूड इंडिया-2025 उत्सव में हिमाचल प्रदेश उद्यान विभाग के प्रीमियम उत्पादों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई। 25 से 28 सितंबर तक भारत मंडपम में आयोजित इस आयोजन में 100 देशों से आए प्रतिनिधियों और 1700 से अधिक प्रदर्शकों के बीच हिमाचल की प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण रही। निदेशक उद्यान विनय सिंह ने बताया कि यह आयोजन खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को वैश्विक निवेश और नवाचार से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

राज्य की प्रदर्शनी में हिमालयन हनी, एप्पल जूस, सेब की विभिन्न किस्में जैसे रॉयल डिलीशियस, गोल्डन डिलीशियस, रॉयल गाला और ग्रैनी स्मिथ, पर्सिमोन, अनार, मीठा संतरा, ड्रैगन फ्रूट, कीवी, विदेशी शिमला मिर्च और लाल चावल जैसी उच्च गुणवत्ता वाली उपज प्रदर्शित की गई। ये उत्पाद लंबे शेल्फ-लाइफ और पोषण गुणों के कारण विशेष पहचान रखते हैं। निदेशक विनय सिंह के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ शिमला जिले के 10 प्रगतिशील किसान भी शामिल हुए। इस दौरान उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पैकेजिंग, ब्रांडिंग और गुणवत्ता मानकों का अनुभव मिला।

# हिमाचल में मलबा डंपिंग स्थलों को चिन्हित करने के निर्देश



राज्य कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने राज्य में उपयुक्त मलबा डंपिंग स्थलों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 और 2025 की प्राकृतिक आपदाओं से सर्वाधिक प्रभावित मंडी, कुल्लू, चंबा और शिमला जिलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। राज्य कार्यकारी समिति की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने लोक निर्माण विभाग को वन, जल शक्ति और एनएचएआई सहित अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर ठोस योजना तैयार करने के निर्देश दिए। अब मलबा हटाने की अनुमति जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को दी जाएगी, जो पहले राज्य स्तर पर थी।

बैठक में 2015 के दिशा-निर्देशों और बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 के तहत बांधों में पूर्व चेतावनी प्रणाली की स्थापना पर चर्चा हुई। प्रदेश में 25 बड़े बांध बन चुके हैं, जबकि पांच निर्माणाधीन हैं। राष्ट्रीय भूस्खलन जोखिम शमन कार्यक्रम (एनएलआरएमपी) के तहत 139 करोड़ रुपए की परियोजना रिपोर्ट और वन अग्नि जोखिम प्रबंधन योजना के लिए 8.16 करोड़ रुपए की रिपोर्ट पर भी विचार हुआ। साथ ही मंडी जिले से 46,988 घन मीटर मलबा हटाने के लिए एसडीआरएफ/एनडीआरएफ से 78.76 लाख रुपए खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया।

### विश्व पर्यटन दिवस | शिमला में पर्यटकों का रंग-बिरंगी फूलमालाओं से हुआ स्वागत

# शिमला में पर्यटकों का घर जैसा स्वागत

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** शिमला की ठंडी हवा में जब कालका-शिमला रेलगाड़ी की सीटी गूँजी, तो प्लेटफ़ॉर्म पर खिले फूलों और स्थानीय मुस्कानों ने पर्यटकों का स्वागत किया। रेलवे स्टेशन पर उतरते ही यात्रियों को लगा मानो हिमाचल की गोद ने उन्हें बाँहों में भर लिया हो। फूल मालाओं से सजी यह मेहमाननवाजी सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि एक संदेश थी कि यह पहाड़ अपनी संस्कृति और अपनी आत्मीयता से हर मेहमान को अपना बना लेता है।




कालका-शिमला रेलवे स्टेशन पर फूलों से पर्यटकों का स्वागत करते स्थानीय लोग।

मॉल रोड पर चहल-पहल थी, विक्ट्री टनल और द लिफ्ट पर पर्यटकों को न केवल मुस्कुराहटें मिलीं, बल्कि पर्यटन से जुड़ी जानकारियाँ भी वितरित की गईं। हर कदम पर महसूस हो रहा था कि यह दिन सिर्फ उत्सव नहीं बल्कि एक अनुभव है। जहाँ यात्राएँ सीमाओं से परे जाकर लोगों को जोड़ती हैं। इस वर्ष की थीम पर्यटन और सतत परिवर्तन मानो सीधे इन गलियों से संवाद करती हो।

जिला पर्यटन विकास अधिकारी जगदीश शर्मा ने बताया कि हिमाचल सरकार पर्यटन उद्योग को मजबूत करने के लिए लगातार नई योजनाओं पर काम कर रही है। खासतौर पर मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्टअप योजना, जिसके तहत होम स्टे और पर्यटन इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए ऋण पर ब्याज सब्सिडी दी जा रही है। शहरी क्षेत्रों में तीन प्रतिशत, ग्रामीण में चार और जनजातीय इलाकों में पाँच प्रतिशत तक। यह केवल हिमाचलियों के लिए है, ताकि स्थानीय लोग न सिर्फ मेजबान बनें बल्कि पर्यटन को रोजगार और आत्मनिर्भरता का जरिया भी बना सकें। होम स्टे पहाड़ी संस्कृति की झलक और पर्यटकों को किफ़ायती ठहराव दोनों प्रदान करते हैं।

### पर्यटन का दिखा सामाजिक और सांस्कृतिक रंग

**हर** साल 27 सितंबर को मनाया जाने वाला विश्व पर्यटन दिवस दरअसल यही याद दिलाता है कि यात्राएं सिर्फ सैर-सपाटे तक सीमित नहीं होती। ये सांस्कृतिक पहचान को साझा करती हैं, स्थानीय व्यापार को सहारा देती हैं और रोजगार के अवसरों के साथ-साथ आपसी समझ और एकता की राह खोलती हैं। शिमला के स्टेशन पर पर्यटकों को दी गई मालाएं उस बंधन का प्रतीक थीं जो यात्रियों और इस देवभूमि के बीच सहजता से बुना जाता है।

# शिमला नागरिक सभा 29 को करेगी नगर निगम के बाहर प्रदर्शन



पार्षदों को ज्ञापन सौंपते शिमला नागरिक सभा के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला नागरिक सभा ने छोटा शिमला, रुलदुभटा, जाखू, कुसुंपटी व पंथाघाटी वार्ड में पार्षदों को ज्ञापन सौंपकर आवारा कुत्तों और बंदरों की समस्या को निगम सदन में उठाने की मांग की है। सभा ने कहा कि शहरवासियों को राहत देने के लिए कुत्तों-बंदरों की नसबंदी, वैक्सीनेशन, कुत्ता पालकों पर सख्त कानून और आवारा कुत्तों को गोद लेने की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। सभा ने चेतावनी दी है कि यदि निगम ने इस गंभीर समस्या पर ठोस कदम नहीं उठाए तो 29 सितम्बर को नगर निगम कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए नागरिकों से भी आह्वान किया गया है कि वे बड़ी संख्या में शामिल हों।

## न्यूज ब्रीफ

### हथियार संचालन का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** पुलिस मुख्यालय शिमला के निर्देशानुसार, अब पुलिस जिला देहरा में हथियार लाइसेंस के आवेदकों को 3 दिवसीय हथियार संचालन प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण पुलिस लाइन देहरा में उपलब्धता अनुसार आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण में हथियार एवं गोला-बारूद की बुनियादी जानकारी, सुरक्षित हैंडलिंग, फायरिंग तकनीक, देखभात, सुरक्षित भंडारण एवं परिवहन की प्रक्रिया सिखाई जाएगी। आवेदक को प्रशिक्षण शुरू होने से पहले अपना लिखित आवेदन एवं 500 की राशि नकद अथवा डिमांड ड्राफ्ट के रूप में पुलिस अधीक्षक, पुलिस जिला देहरा के पक्ष में, सीडीओ, पुलिस लाइन देहरा के पास जमा करवाना अनिवार्य है। प्रशिक्षण प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे सप्ताह के सोमवार, मंगलवार और बुधवार को आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा करने पर फॉर्म-5-1 के अनुसार प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

### टांडा रेंज में फायरिंग अभ्यास 6 अक्तूबर से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त उपायुक्त, कांगडा स्थित धर्मशाला ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में सेना की ओर से 6 अक्तूबर से 7 अक्तूबर तक सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने पंचायत कोहाला, कछियारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं तथा अपने पालतु पशुओं को भी न जाने दें ताकि किसी भी प्रकार की जान माल की हानि से बचा जा सके।

### विद्यार्थियों ने लगाई व्यंजनों की प्रदर्शनी




**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** अटियालादाई स्कूल में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत पाक-कला उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने केरल व हिमाचल के व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य विनोद राणा ने प्रदर्शिनी का अवलोकन किया व बच्चों की ओर से बनाए गए व्यंजनों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का आयोजन ईबीएसबी के प्रभारी विवेक सूद तथा रोजी शर्मा द्वारा करवाया गया।

### घराणा स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया

**अनंत ज्ञान, डरोह।** घराणा स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा तथा बैग फ्री-डे मनाया गया। एनएसएस के स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई, पानी की टंकियों की सफाई, नशे के दुष्प्रभावों पर भाषण प्रतियोगिता तथा एक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य मनोज जरियाल ने की, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विकास भारद्वाज व कुमारी सीमा तथा सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

### सुनेहड़ स्कूल में बताए जंक फूड के दुष्प्रभाव



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जागोरी संस्था की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला सुनेहड़ में पारंपरिक पौष्टिक आहार उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 105 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान निर्मल ने जंक फूड के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए पारंपरिक आहार को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया। आयोजन में कंगनी की खीर, राजमाह की खिचड़ी, खमीर की रोटी, पतरोड़े, गूलगूले जैसे व्यंजन प्रस्तुत किए गए।

### रक्कड़ व जागोरी में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर संतोष कुमार ने बताया कि बिजली लाइनों एवं उपकरणों के आवश्यक रखरखाव के लिए 29 सितंबर को प्रातः 9:30 बजे से सायं कार्य समाप्ति तक सिद्धपुर एवं एमईएस फीडर के तहत आने वाले क्षेत्रों क्लब महिंद्रा, धर्मशाला पेराडाइज, पेट्रोल पंप, शिला चौक के आस-पास के सभी क्षेत्र और रक्कड़, दरूणी माता मंदिर, जागोरी और दादीयां दा लाहड़ आदि क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। मौसम खराब होता है या अन्य किसी आकस्मिक स्थिति में यह कार्य स्थगित अथवा आंशिक रूप से किया जा सकता है। आम जनता से अपील की है कि वे इस अवधि में सहयोग करें ताकि रखरखाव का कार्य समय पर पूर्ण किया जा सके।

### स्वास्थ्यवर्धक भोजन के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शिवनगर कॉलेज में पोषण अभियान लगातार जारी है। वेलनेस क्लब के तहत विद्यार्थियों ने स्वास्थ्यवर्धक भोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सामूहिक रूप से पोषण युक्त भोजन कराया। दिन की शुरुआत योगाभ्यास और प्राणायाम से हुई, जिससे स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। इसके बाद महाविद्यालय परिवार ने पौष्टिक और संतुलित दोपहर का भोजन किया, जिससे सही आहार की आदत विकसित हुई। छात्रों ने स्वास्थ्यवर्धक नाश्ते के रूप में मौसमी फल और खीरे का सलाद तैयार कर अन्य विद्यार्थियों में वितरित किया। इस प्रयास से स्वस्थ खानपान का संदेश पूरे परिसर में फैलाया गया। प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने कहा कि यह अभियान केवल भोजन तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के संपूर्ण मानसिक और शारीरिक विकास का प्रयास है।

### मुंडी स्कूल में नशीली दवाओं के बताए दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आयुष विभाग पालमपुर ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुंडी में चिकित्सा सह-जागरूकता शिविर का आयोजन किया। डॉ. कविता सूद ने छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और पोषण व जीवनशैली के महत्व पर चर्चा की। फार्मासिस्ट और योग प्रशिक्षकों ने योग प्रदर्शन कराया, जिससे बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिला। शिविर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरे पर भी जागरूकता फैलायी गई। साथ ही, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत स्कूल परिसर में 'अपराजिता' का पौधा रोपित किया गया।

## 6.97 ग्राम चिट्टे के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस ने 6.97 ग्राम चिट्टे चिट्टा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए यह सफलता पाई है। आरोपी की पहचान 31 वर्षीय विशाल कुमार निवासी गांव, डाकघर व तहसील बैजनाथ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस थाना पालमपुर में मामला दर्ज किया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि उक्त आरोपी लंबे समय से नशे के अवैध धंधे में सक्रिय था और निरंतर पुलिस की निगरानी में था। शुक्रवार को जब उक्त आरोपी नशे की खेप लेकर आ रहा था तो उस समय जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तुरन्त नियामानुसार कार्रवाई करते हुए होटल विला कैमिला के समीप इसे रंगे हाथों काबू किया और उसके कब्जे से 6.97 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

# नशा तस्कर को दस साल कैद

## अदालत ने एक लाख रुपए जुर्माना भी लगाया, तस्करी के कई मामले हैं दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पुलिस** थाना इंदौरा के तहत 2018 में नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई थी। पुलिस थाना इंदौरा के अधीन नांकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल नंबर पीबी-35टी-6393 पर सवार सुखदेव उर्फ नानकू पुत्र गुरदयाल निवासी डमटाल जिला कांगड़ा के कब्जे से मुकाम रांची मोड़ में 8.28 चिट्टा व 53,200 रुपए की नकदी बरामद की थी।



इस पर आरोपी सुखदेव उपरोक्त के विरुद्ध थाना इंदौरा में अभियोग संख्या 61/18, 14 मार्च 2018 अधीन धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। उपरोक्त अभियोग की जांच पूरी करके पुलिस द्वारा इस अभियोग का चालान 24 जुलाई, 2018 को अदालत में पेश कर दिया था। उपरोक्त अभियोग की सुनवाई को पूर्ण करने के बाद राज्य वक्फ ट्रिब्यूनल तथा स्पेशल जज धर्मशाला, जिला कांगड़ा ने इस मामले में सुखदेव उर्फ पुत्र गुरदयाल निवासी डमटाल जिला कांगड़ा को दोषी करार देते हुए मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 10 वर्ष के कठोर कारावास व 1,00,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि सुखदेव उर्फ नानकू पुत्र गुरदयाल निवासी डमटाल जिला कांगड़ा एक कुख्यात तस्कर है, जिसके विरुद्ध अन्य अभियोग भी दर्ज हैं। जिला पुलिस नूरपुर आम जनता से अपील करती है कि नशा तस्करी जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करें।

### एनडीपीएस मामले में दोषी को 7 साल कठोर कारावास और 1 लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विशेष न्यायालय (वॉक ऑफ ट्रिब्यूनल) धर्मशाला के चेयरमैन जसवंत सिंह ने नूरपुर थाना क्षेत्र के एनडीपीएस एक्ट मामले 13 फरवरी, 2020 में आरोपी मुनीश शर्मा पुत्र मचलू राम, निवासी वार्ड नंबर 7, नूरपुर, जिला कांगड़ा को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी को धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत 7 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1,00,000 का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त 1 वर्ष का कठोर कारावास भुगतना होगा। मामले की पैरवी जिला न्यायवादी संजीव राणा द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 12 गवाहों के बयान दर्ज करवाए गए, जिनके आधार पर अदालत ने आरोपी को दोष सिद्ध पाया। 13 फरवरी, 2020 को पुलिस ने नूरपुर के डिफेंस रोड पर दबिश देकर आरोपी के कब्जे से 5.57 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। बरामद हेरोइन को फॉरेंसिक लैब जुन्गा भेजा गया, जहां से रिपोर्ट में इसे डायसिटाइल मॉर्फिन (हेरोइन) की पुष्टि की गई। लगभग साढ़े पांच साल चली सुनवाई के बाद अदालत ने शनिवार को आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

यदि किसी भी व्यक्ति को नशा तस्करी या इससे संबंधित गतिविधियों की जानकारी हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। भविष्य में भी नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ जिला पुलिस नुरपुर का अभियान जारी रहेगा।

## छेड़छाड़ का आरोपी प्रवक्ता अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में तैनात हिंदी विषय के प्रवक्ता पर स्कूल की कुछ छात्राओं द्वारा अभद्र भाषा तथा छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे। छात्राओं ने इसकी शिकायत स्कूल प्रबंधक से की। छात्राओं ने आरोप लगाया था कि उक्त प्रवक्ता कई दिनों से उनके साथ अशोभनीय भाषा व छेड़छाड़ की कोशिश कर रहा है। स्कूल प्रबंधक द्वारा तुरंत इस मामले को अनुशासन समिति को सौंपा तथा जांच के दौरान मामला सही जाने पाए जाने पर थाना इंदौरा में इसकी सूचना दी गई। इस पर थाना इंदौरा में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस जिला नूरपुर के एएसपी धर्मचंद वर्मा ने करते हुए बताया के जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## कृषि विवि के वैज्ञानिक थाईलैंड में प्राप्त करेंगे कैंसर अनुसंधान पर विशेष प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**प्रदेश** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के पशु विज्ञान एवं पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पशु प्रजनन एवं आनुवंशिकी विभाग के डॉ. प्रोफेसर सुभाष वर्मा को कैंसर जीनोम विश्लेषण पर एक अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रतिष्ठित यूके यात्रा अनुदान से सम्मानित किया गया है।

वेलकम कनेक्टिंग साइंस, वेलकम जीनोम कैंपस, हिंक्सटन, यूनाइटेड किंगडम द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 26 से 31 अक्तूबर तक खोन केन विश्वविद्यालय थाईलैंड में आयोजित किया जाएगा। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने डॉ. वर्मा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी।



कैंसर अनुसंधान के प्रति उनके समर्पण की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि विशेष प्रशिक्षण न केवल उनकी विशेषज्ञता को समृद्ध करेगा, बल्कि विश्वविद्यालय की वैश्विक दृश्यता और मान्यता को भी बढ़ाएगा। यह गहन कार्यक्रम प्रतिभागियों को दैहिक जीनोम अध्ययनों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा, जिसमें उत्परिवर्तन पहचान, चालक जीन पहचान, उत्परिवर्तन हस्ताक्षर विश्लेषण और आरएनए विसंक्रमण शामिल हैं। डॉ. वर्मा ने पहले ही पशु कैंसर, विशेष रूप से श्वान और गोजातीय पेपिलोमावायरस से संबंधित कैंसर के अध्ययन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में उनकी भागीदारी से मानव और पशु चिकित्सा कैंसर विज्ञान के बीच सेतु का काम करके बहु-विषयक समझ को मजबूत करने की उम्मीद है, साथ ही श्वान कैंसर से जुड़े उत्परिवर्तनों की पहचान में संभावित अनुप्रयोग भी होंगे।

### राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक दो साल की इंटर्नशिप योजना की भर्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की दो साल की इंटर्नशिप योजना की भर्ती की जा रही है। यह पहल भारत को विकसित भारत @2047 बनाने की दिशा में युवाओं को सशक्त एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने का सुनहरा अवसर है। जिले के सभी ब्लॉक आदि क्षेत्रों में स्वयंसेवकों की नियुक्ति की जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 5 अक्तूबर निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योगयता दसवीं पास, उम्र 18 से 29 वर्ष रखी गई है तथा प्रतिमाह मानदेय 5 हजार रुपए देय होगा।

## मोरिंगा और अश्वगंधा के पौधे किए वितरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय कांगड़ा में पोषण माह 2025 के तहत औषधीय पौधों के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीसी विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं आयुष मंत्रालय की प्रतिनिधि की उपस्थिति में सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को मोरिंगा (सहजन) और अश्वगंधा के पौधे वितरित किए गए।

एडीसी ने इस पहल को 'एक पेड़ मां के नाम' के रूप में बताया, जिसका उद्देश्य मातृत्व की ममता और धरती की हरियाली को जोड़कर मातृ एवं शिशु पोषण को सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य और पोषण से गहराई से जुड़ा हुआ है। आंगनबाड़ी केंद्र इस पहल के माध्यम से पोषण सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक जागरुकता के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अशोक कुमार ने बताया कि पौधों का वितरण आंगनबाड़ी स्तर पर किया जा रहा है, जहां कार्यकर्ताओं को पौधों की देखभाल और उपयोगिता के बारे में समुदाय को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. हरीश भारद्वाज ने कहा कि अश्वगंधा तनाव कम करने और ऊर्जा बढ़ाने में सहायक है, जबकि सहजन एनीमिया और कुपोषण दूर करने में प्रभावी है। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए सहजन आयरन और कैल्शियम का प्राकृतिक स्रोत है। आयुष विभाग ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों और इच्छुक समुदायों को और भी औषधीय पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिससे पोषण सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीण परिवारों को आर्थिक अवसर भी प्राप्त होंगे।

### आंगनबाड़ी केंद्र मुहाला में महिलाओं को समझाई पोषण की अहमियत

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** गरली पंचायत के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय की ओर से आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आंगनबाड़ी केंद्र मुहाला (गरली) में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यवेक्षिका कमलेश कुमारी ने की। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सरला देवी, अमराज कौर, सविता देवी और सुनीता देवी ने ग्रामीण महिलाओं को पोषण की अहमियत समझाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं और अन्य ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं। इस दौरान सरला देवी, अमराज कौर सविता देवी व सुनीता देवी ने बताया कि संतुलित आहार, हरी सब्जियां, दालें और अनाज बच्चों व माताओं के स्वास्थ्य की रीढ़ हैं। गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक भोजन की अनदेखी भविष्य की पीढ़ी को कमजोर कर सकती है।

## आम आदमी पार्टी ने भरी संगठन विस्तार की हुंकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**देवभूमि** हिमाचल में आम आदमी पार्टी नए उत्साह और ऊर्जा के साथ अपने संगठन का विस्तार कर रही है। प्रदेश प्रभारी ऋतु राज गोविंद झा व सह प्रभारी अजय राजपूत के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पार्टी ने एक सुनियोजित टाइमलाइन तय की है, जिसके तहत सर्वप्रथम जिला स्तर पर, उसके बाद विधानसभा और अंततः प्रदेश स्तर पर संगठन निर्माण को मजबूत आधार दिया जाएगा।

आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने एक बयान में बताया कि इस कड़ी में प्रदेश संगठन ने बड़े निर्णय लेते हुए संगठनात्मक जिलों का गठन किया है। कांगड़ा को चार संगठनात्मक जिलों में विभाजित किया गया है, ताकि संगठन की पहुंच गांव-गांव तक सुनिश्चित की जा सके। इन जिलों के संगठन निर्माण के उद्देश्य उद्देश्य से आम आदमी पार्टी आगामी 29 सितंबर को कांगड़ा स्थित निजी होटल में एक अहम बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक पूर्ण चंद करेंगे, जिनके साथ पार्टी के को-ऑर्डिनेटर भी मौजूद रहेंगे।

बैठक में हर जिले के लिए जिला अध्यक्ष, जिला संगठन मंत्री, चार जिला सचिवों के साथ-साथ प्रत्येक वर्ग, क्षेत्र और समुदाय को सक्रिय प्रतिनिधित्व देने के लिए जिला उपाध्यक्ष, जिला सह सचिव तथा मीडिया प्रभारी भी नियुक्त किए जाएंगे। कल्याण भंडारी ने कहा कि पार्टी का यह कदम पार्टी की समावेशी राजनीति और सशक्त संगठनात्मक ढांचे की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। संगठन निर्माण की यह प्रक्रिया आम जनता की समस्याओं की आवाज को शक्ति और स्वर देने का कार्य करेगी। वर्तमान कांग्रेस सरकार ने जनता से किए वादों पर अमल नहीं किया है। ऐसे में 'आप' नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में राज्य स्तरीय धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का घेराव करेगी।

## विधायक बुटेल ने किया पंचायत भवन व पुस्तकालय का शिलान्यास

### सात महिला मंडलों को 15-15 हजार रुपए देने की घोषणा की




विधायक आशीष बुटेल ने 12.9 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का भी उद्घाटन किया।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने पंचायत वड़सर में 1 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले पंचायत भवन और 9.80 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पुस्तकालय भवन का शिलान्यास किया। उन्होने 12.9 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पहले पंचायत भवन निर्माण के लिए 33 लाख रुपए की राशि का प्रावधान था, लेकिन प्रदेश सरकार ने इस राशि को बढ़ाकर 1 करोड़ 14 लाख रुपए का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन की प्रथम मंजिल निर्माण के लिए 45 लाख रुपए का टेंडर कर कार्य को आज शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में विकासात्मक कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में ही लगभग 1000 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं।

उन्होंने कहा कि इस पंचायत में मनरेगा के तहत जारी वित्त वर्ष में 56 निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित 7 महिला मंडलों को 15-15 हजार रुपए देने की भी घोषणा की।

## अंडर-19 ट्रायल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में एक दिवसीय ट्रायल-19 जसवां परागपुर जॉन ब्वॉयज टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें 28 स्कूलों के करीब 200 खिलाड़ी पहुंचे और खेल के मैदान में अपने हुनर का परचम लहराया। यह ट्रायल प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने मुख्य अतिथि शिरकत की। स्कूल प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया।

वॉलीबाल, कबड्डी, बैडमिंटन और खो-खो शामिल रहे, जिनमें खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर सेवानिवृत प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह सपेहिया, सेवानिवृत्त डीपी जगदीप सिंह मनकोटिया, व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, उपप्रधान परमेश्वरी दास, ब्लॉक महिला अध्यक्ष अनुराधा सपेहिया, पूर्व प्रधान बबीता मेहरा, एसएमसी कमेटी के प्रधान अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** जीजीडीएसडी कॉलेज में स्टूडेंट्स ने बिखेरे सांस्कृतिक रंग

# एग्जिबिशन स्पर्धा में खुशबू प्रथम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



जीजीडीएसडी महाविद्यालय राजपुर में कॉमर्स विभाग की ओर से नवरात्र महोत्सव आयोजित किया गया।

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म (जीजीडीएसडी) महाविद्यालय राजपुर में कॉमर्स विभाग की ओर से नवरात्र महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर समूह नृत्य प्रतियोगिता तथा सनातन और भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देवी मां को श्रद्धासुमन अर्पित किए और अपनी कला एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कॉमर्स विभाग के समन्वयक सहायक प्राध्यापक यशविंदर कुमार और सहायक प्राध्यापक अश्वनी कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बीएससी मेडिकल और नॉन-मेडिकल संकाय के विद्यार्थियों ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किए, जबकि बीबीए विभाग के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान हासिल किया। कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य ने सभी को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्रीय विरासत से जुड़े रहने का महत्व बताया। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। एग्जिबिशन प्रतियोगिता में खुशबू (बीकॉम, द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, काजल (बीएससी मेडिकल, प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान, कमल सिंह (बीबीए, तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान और साक्षी (बीए, तृतीय वर्ष) तथा साहिल (बीसीए, तृतीय वर्ष) को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निर्णायकों के रूप में सहायक प्राध्यापक सुमन कुमार, वनीत राणा एवं विनीत ठाकुर और सहायक प्राध्यापिका पूजा वासुदेवा, ईशा चावला, आईना और शिल्पा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक प्राध्यापक कॉमर्स अश्वनी कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

## बीएड कॉलेज में बिखरी पारंपरिक व्यंजनों की महक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** 'विश्व पर्यटन दिवस' के उपलक्ष्य पर राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में 'युवा टूरिज्म क्लब, गूंज' के संयोजन में 'पारंपरिक व्यंजन उत्सव' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्या डॉ. बीना चन्द्रिका नायर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। डॉ. नायर ने प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि पर्यटन न केवल आनंद और मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह किसी भी देश की आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक विकास का भी महत्वपूर्ण आधार है। यह विभिन्न देशों और संस्कृतियों को आपस में जोड़ता है तथा भाईचारे और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है। इस वर्ष की थीम पर्यटन और सतत परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यटन केवल आर्थिक विकास का स्रोत ही नहीं है, बल्कि वह सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है। पारंपरिक व्यंजन उत्सव में कुल 10 टीमों ने भाग लिया, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों के पारंपरिक व्य नों में मधरा, पनीर, छोले, कद्दू का खट्टा, कचोरी, सिड्डू, चावल पूरी, चना, खीर, पटांडे, दहीं-भल्ले, चना-चाट, चिल्ला नारियल की चटनी आदि एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर अपने-अपने स्टॉल पर शानदार ढंग से प्रस्तुत किया। उधर, अपनी थाली मंडयाली को प्रथम स्थान, 'चंबा स्पेशल मधरा' को दूसरा स्थान प्रदान किया, जबकि कांगड़ा के दाल-पकौड़े टीम ने तीसरे स्थान पर बाजी मारी।

# सतारी गांव के अनाथ भाई-बहन के लिए सरकारी योजनाएं फेल

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** सरकारें जनता के लिए कई योजनाएं चलाती हैं, लेकिन ये योजनाएं तब दम तोड़ जाती हैं, जब किसी जरूरतमंद को उसका लाभ नहीं मिल पाता है। ऐसा ही एक मामला जिला उपमंडल जवाली की नियांगल पंचायत के गांव सतारी में देखने को मिला है, जहां अनाथ भाई-बहन को पक्के मकान जैसी सुविधा नहीं मिल पाई है।

अनाथ नेहा जरियाल व विशाल जरियाल के पिता रमेश कुमार का 10 साल पहले व माता बबली देवी का 4 साल पहले निधन हो चुका है। माता-पिता के निधन के बाद नेहा बालिका अनाथ आश्रम गरली में तथा विशाल तितली होम फॉर चिल्ड्रन पालमपुर में रहते हैं। नेहा 18 वर्ष की आयु के बाद अब घर वापस आ गई और कच्चे व खस्ताहाल कमरे में रहने को मजबूर है। नेहा जरियाल ने बताया कि मई 2025 में कमरा क्षतिग्रस्त हो गया था। पटवारी रिपोर्ट के बाद ऑनलाइन भी करवाया गया, लेकिन मकान बनाने के लिए कोई अनुदान नहीं मिला। एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाली, जिसके बाद दानी सज्जनों के सहयोग से मिली राशि से कमरे को रिपेयर करवाया। मात्र सुख आश्रय योजन के तहत 1 हजार रुपए पेंशन मिल रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार व डीसी कांगड़ा से आग्रह किया है कि हम अनाथों के लिए मकान के लिए अनुदान राशि मुहैया करवाई जाए, ताकि हम भी बाकी लोगों की तरह जी सकें।



पक्के मकान जैसी सुविधाएं नहीं मिल पाईं

### अनाथ भाई-बहन को नहीं मिली मदद: संदीप

**नियांगल** पंचायत उपप्रधान ठाकुर संदीप सिंह समकड़िया ने बताया कि मेरी पंचायत में बेहद गरीब परिवार है और दोनों बच्चे अनाथ हैं। मई माह में इनका कच्चा कमरा डैमेज हुआ था, जिसकी रिपोर्ट ऑनलाइन भेज दी थी, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली है। इन अनाथों को पक्के मकान के लिए सहायता राशि मुहैया करवाई जाए।

### मौका का मुआयना करेंगे : एसडीएम

**एसडीएम** जवाली नरेंद्र जरियाल ने बताया कि मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है। जल्द मौके पर मुआयना किया जाएगा। प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ व पक्के मकान के लिए कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सुधीर ने भगवान वाल्मीकि तीर्थ यात्रा की रवाना




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने शनिवार को दो बसों को हरी झंडी दिखाकर वाल्मीकि तीर्थ अमृतसर के लिए रवाना किया। बता दें कि पूरे हिमाचल प्रदेश से शनिवार को वाल्मीकि तीर्थ यात्रा निकाली गई है और रविवार को यह यात्रा अमृतसर के वाल्मीकि तीर्थ में पहुंच कर संपन्न होगी। इस यात्रा में वाल्मीकि समुदाय के कई लोगों ने भाग लिया है और काफी संख्या में लोग हिमाचल प्रदेश से वाल्मीकि तीर्थ अमृतसर के लिए रवाना हुए है। पत्रकारों से बातचीत में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि इस बार बरसात के दौर में हिमाचल प्रदेश को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है और हिमाचल प्रदेश एक बड़ी आपदा से इस बरसात के दौरान गुजरा है। उन्होंने कहा कि यह वाल्मीकि तीर्थ यात्रा रविवार को अमृतसर के वाल्मीकि तीर्थ में संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में भाग ले रहे लोग निश्चित रूप से हिमाचल में आने वाले समय मे खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

### शाहपुर कॉलेज में सीएससीए का गठन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कॉलेज स्टूडेंट्स सेंट्रल एसोसिएशन का गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर दीपांक्षा, उपाध्यक्ष पद पर पल्लवी धवन, सचिव पद पर प्रदीप कुमार तथा सह सचिव पद पर अवनी खोलिया निर्वाचित हुए। इसके अलावा कक्षा प्रतिनिधि के रूप में नेहा, पल्लवी धीमान, नंदनी, जाह्नवी, मनोज कुमार, अनमोल भारद्वाज और अवनी खोलिया का चयन हुआ। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

### आईटीआई शाहपुर में जागरूकता कार्यक्रम

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार विशेष अभियान के तहत शनिवार को आईटीआई शाहपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा एवं आईएमसी अध्यक्ष इंजीनियर सुरजीत राणा के प्रयासों से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य ने बताया कि महिला ही परिवार की धुरी है, इसलिए उसका स्वस्थ रहना परिवार और समाज दोनों के लिए अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। इसके बचाव के लिए आयरन और फोलिक एसिड युक्त आहार, हरी सब्जियां, दालें और फल आवश्यक हैं।

### भाषण प्रतियोगिता में सक्षम भाटिया प्रथम

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** खंड चिकित्सा अधिकारी नगरोटा सूरियां डॉ. अमन दुआ के सहयोग से वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलदोआ में विश्व रेबीज दिवस मनाया गया। प्रिंसिपल सुशील कुमार धीमान की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद ने छात्रों को रेबीज बीमारी के बारे में बताया। वहीं, बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें सक्षम भाटिया, राघवी और आरुषि ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्वास्थ्य विभाग ने सभी विजेताओं को पुरस्कार भी दिए। प्रिंसिपल धीमान ने बच्चों से इस जानकारी को दूसरों तक पहुंचाने की अपील की।

### रामायण क्विज में शिवाजी हाउस विजेता

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** बीके पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जयसिंहपुर में रामायण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में अजीत राणा उपस्थित रहे, जो पिछले 30 वर्षों से रामलीला जयसिंहपुर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एक शिक्षक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने बच्चों के समक्ष अत्यंत सुंदर विचार प्रस्तुत किए और उन्हें सदैव दूसरों की मदद करने के लिए प्रेरित किया। विशेष अतिथि के रूप में कृष्णकांत धीमान (प्रधान, पंचायत जयसिंहपुर) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। वे पिछले 25 वर्षों से रामलीला जयसिंहपुर में अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रतियोगिता हाउस वाइज आयोजित की गई, जिसमें शिवाजी हाउस विजेता रहा।

### हरित तकनीकों को अपनाने पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो,धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में 26 और 27 सितंबर को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) योजनाओं पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। पहला सत्र आईए संसारपुर टैरेस में और दूसरा धर्मशाला में हुआ। उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों को नवीनतम सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना था। आईए संसारपुर टैरेस में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ओम प्रकाश जारियाल ने उद्घाटन किया। पुणे से आए विशेषज्ञ डॉ. सात्वी ने स्पाइस और गिफ्ट योजनाओं पर व्याख्यान दिया। फार्मास्यूटिकल उद्यमियों ने फार्मा क्लस्टर स्थापित करने की इच्छा जताई। धर्मशाला में संसाधन व्यक्तियों संदीप शर्मा और दीपक बक्शी ने सतत विकास और क्लस्टर विकास की जानकारी दी। 100 से अधिक उद्यमियों ने दोनों सत्रों में भाग लिया और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा हरित तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया।

### आपदा से निपटने का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा के तत्वावधान में प्रधानमंत्री के दस सूत्री एजेंडा पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के दस सूत्री एजेंडा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि भाग लिया। आगामी तीन दिनों तक प्रतिभागियों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण, तैयारी एवं प्रभावी प्रतिक्रिया से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### जीएसटी दरों में कटौती, नवरात्र का तोहफा: विपिन

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी दरों में कटौती करके देशवासियों को नवरात्र का तोहफा दिया है। पालमपुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री विपिन परमार ने कहा कि 2017 से पहले 17 तरह के अलग अलग टैक्स लगाए जाते थे। जिनको कंट्रोल में लाना बहुत बड़ी चुनौती थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने इन टैक्सों से निजात दिलाने के लिए जुलाई 2017 में जीएसटी लागू किया जो उपभोक्ता को एक बार ही देना होता था। अब धीरे-धीरे जीएसटी की दरों में कटौती करके केवल 5 व 18 प्रतिशत का सैलाब रखकर कर प्रधानमंत्री ने आम जन मानस को राहत पहुंचाई है। परमार ने कहा कि दैनिक उपयोग करने वाले खाद्य पदार्थों की कीमतों में भारी कटौती की गई है। सीमेंट की कीमतें भी कम हो गई हैं, जिससे लोगों को कंस्ट्रक्शन के कार्य करने में भी राहत होगी।

# इंद्रुनाग में मानव परिंदों की उड़ान शुरू

## हवा में अठखेलियों के रोमांच से रू-ब-रू होंगे पर्यटक, विभाग व प्रशासन ने साइट का किया निरीक्षण

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित इंद्रुनाग पैराग्लाइडिंग साइट में मानव परिंदों की उड़ान का सिलसिला शुरू हो गया है। अब पर्यटक हवा में अठखेलियों के रोमांच से रू-ब-रू हो पाएंगे।

पैराग्लाइडिंग गतिविधियां शुरू करने से पहले पर्यटन विभाग व प्रशासन की टीम ने पैराग्लाइडिंग साइट का बकायदा निरीक्षण किया और सुपरवाइजर व मार्शल को आवश्यक दिशानिर्देश भी जारी किए।

पैराग्लाइडिंग गतिविधियों पर आगामी आदेशों तक लगा प्रतिबंध अब हट गया है, ऐसे में धर्मशाला भ्रमण पर आने वाले पर्यटक, जिले के रमणीक पर्यटक स्थलों का भ्रमण करने के साथ पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक गतिविधियों के रोमांच का भी आनंद ले पाएंगे।

**पैराग्लाइडिंग पर लगा प्रतिबंध हटा**

पैराग्लाइडिंग शुरू करने से पहले उपमंडल प्रशासन ने पर्यटन विभाग के साथ मिलकर पैराग्लाइडिंग साइट का निरीक्षण किया। इस दौरान विशेषज्ञों की निगरानी में टेंडम फ्लाइट का ट्रायल भी करवाया गया, जो कि सफल रहा। अब मानसून भी थम चुका है और पैराग्लाइडिंग गतिविधियों के लिए यह समय अनुकूल है, जिसके चलते पैराग्लाइडिंग पर जो प्रतिबंध लगाया गया था, उसे हटा दिया गया है।

### दिन ढलने के बाद न हो फ्लाइंग, मार्शल रखेंगे चेक

**इंद्रुनाग** पैराग्लाइडिंग साइट पर तैनात मार्शल को भी 24 घंटे ड्यूटी देने के लिए कहा गया है, जिससे कि मार्शल इस पर भी चेक रखें कि दिन ढलने के बाद वहां कोई पैराग्लाइडिंग न करे। सूर्यास्त से 15 दिन पहले पैराग्लाइडिंग बंद करनी होती है, इसका ध्यान साइट पर तैनात सुपरवाइजर व मार्शल रखेंगे। पूर्णतया सूर्योदय के 15 मिनट उपरांत पैराग्लाइडिंग की जा सकती है, जबकि इसमें विंड मेन फेक्टर रहता है। मार्शल को निर्देश जारी किए गए हैं, जब तक उन्हें नहीं लगता कि हवा उड़ान के लिए अनुकूल नहीं है, तब किसी को भी फ्लाइंग के लिए अनुमति न दें।



**इंद्रुनाग** में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों पर लगा प्रतिबंध हटा दिया गया है। जो भी फ्लाइंग करना चाहता है, वे प्रॉपर डॉक्यूमेंट के साथ फ्लाइंग करें तथा किसी के भी झांसे में न आएं। यदि कोई बिना दस्तावेज, इंश्योरेंस व परमिट के फ्लाइंग करवा रहा है तो पर्यटक वहां न जाएं। पर्यटन विभाग से एप्रूवड पायलटस जिनके पास लाइसेंस हैं, जिन आपरेटर्स के पास लाइसेंस हैं, ऐसे लोगों के साथ ही पर्यटक टेंडम फ्लाइंग करें।

**-मोहित रत्न, एसडीएम, धर्मशाला**

# विधायक हुए व्यापारियों के साथ खड़े, प्रशासन ने भी दिखाई सख्ती

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**फतेहपुर** विधानसभा के विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) भवानी सिंह पठानिया ने निजी ट्रेड फेयर का खुलकर विरोध किया है। हाल ही में रैहन व्यापार मंडल ने विधायक से मुलाकात कर त्योहारों के दिनों में आयोजित होने वाले इन मेलों पर आपत्ति जताई थी।

व्यापारियों का कहना था कि ऐसे मेलों से स्थानीय दुकानदारों का कारोबार प्रभावित होता है। व्यापारियों की पीड़ा को समझते हुए विधायक उनके साथ खड़े हो गए और सोशल मीडिया पोस्ट कर विरोध दर्ज कराया। विधायक ने अपनी फेसबुक पोस्ट में लिखा कि निजी भूमि पर मेला लगाने के लिए पंचायत या नगर परिषद से अनुमति जरूरी नहीं है, लेकिन पब्लिक सेफ्टी, राजस्व और स्वच्छता से जुड़े नियमों का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आयोजकों को फायर सेफ्टी परमिशन, जीएसटी और एक्साइज जांच, पुलिस वेरिफिकेशन, फूड सेफ्टी सैंपल, प्लास्टिक और घरेलू गैस सिलेंडर पर रोक, झूले व बिजली विभाग की एनओसी, पार्किंग और ध्वनि अनुमति,बाहरी लोगों की वैरिफिकेशन, जैसी शर्तें पूरी करनी होंगी। उन्होंने साफ कहा कि बांग्लादेशी या रोहिंग्या घुसपैठियों की रोकथाम भी वैरिफिकेशन के जरिए ही हो सकती है। स्थानीय प्रशासन ने भी कमियों को देखते हुए एनओसी न मिलने पर ट्रेड फेयर की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। विधायक का कहना है कि नियमों का पालन किए बिना ऐसे निजी फेयर न केवल अव्यवस्था फैलाते हैं, बल्कि व्यापारियों के धंधे को भी चौपट कर देते हैं।

# डीसी ने उतराला-होली सड़क के निर्माण कार्य का लिया जायजा



डीसी ने पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में विद्यालय प्रबंध समिति एवं विद्यालय सलाहकार समिति के साथ बैठक भी की।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**डीसी** कांगड़ा हेमराज बैरवा ने शनिवार को उपमंडल बैजनाथ का दौरा किया। उन्होंने पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला का दौरा कर विद्यालय प्रबंध समिति एवं विद्यालय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विद्यालय की गतिविधियों, अधोसंरचना एवं विद्यार्थियों की आवश्यकताओं से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उन्होंने बास्केटबाल मैदान में सिंथेटिक शीट बिछाने के लिए शीघ्र एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर खेल सुविधा मिल सके। विद्यालय परिसर में डिस्पेंसरी निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने और विद्यालय तक पहुंचने वाली सड़क का सुधारीकरण करने के निर्देश भी दिए। डीसी ने जिला चंबा को जोड़ने वाली उतराला से होली सड़क के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य प्रगति की जानकारी ली और कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) बैजनाथ के कार्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनहित में पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# धर्मशाला कॉलेज का पर्यटन संकाय टूरिस्ट साइट करे चिन्हित

## आरएस बाली बोले- विद्यार्थियों के बेहतर प्रशिक्षण के लिए सहयोग करेगा पर्यटन विभाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि धर्मशाला के पीजी कॉलेज धर्मशाला के पर्यटन विभाग के छात्रों को प्रशिक्षण की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टि टूरिस्ट साइट चिह्नित करने का प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा गया है। इसमें सरकार तथा पर्यटन विभाग कॉलेज प्रबंधन को पूरा सहयोग सुनिश्चित करेगा। शनिवार को धर्मशाला कॉलेज के ऑडिटोरियम में टूरिज्मो त्रिगर्त कार्निवल के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए आरएस बाली ने कहा कि महाविद्यालय के आर्ट्स ब्लॉक तक संपर्क मार्ग बनाने के लिए पचास लाख की राशि खर्च की जाएगी। इसके लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों को



टूरिज्मो त्रिगर्त कार्निवल उत्सव के समापन पर मंत्री बाली ने किए मेधावी सम्मानित।

आवाजाही की बेहतर सुविधा मिल सके। इससे पहले प्रिंसिपल राकेश पठानिया ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए टूरिज्मो त्रिगर्त कॉर्निवल के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रो. नरेश कुमार ने सभी आए हुए अतिथिगणों का कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए तथा मुख्यातिथि ने प्रतिभागियों तथा मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। इसके साथ ही कॉलेज की आचार्य शर्मिला की पेंटिंग्स को टूरिज्म के होट्लस में प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर पूर्व महापौर देविंद जग्गी, पार्षद अनुराग, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरभजन चौधरी, डीएम एचआरटीसी पंकज चड्ढा सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### स्वस्थ नारी से ही मजबूत समाज का निर्माण संभव

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) एवं विधायक नगरोटा बगवां आरएस बाली ने शनिवार को नागरिक चिकित्सालय नगरोटा बगवां में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब नारी स्वस्थ होंगी तभी परिवार स्वस्थ और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ परिप्रेक्ष्य में सशक्त बनने के लिए पहले स्वस्थ होना आवश्यक है। बाली ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता से संबंधित सेवाएं प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है।उन्होंने कहा कि यह अभियान महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर परिवार एवं समाज को भी सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### योग्यता और रुचि के अनुसार करियर चुनने की सलाह

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** बाल विकास परियोजना अधिकारी नगरोटा सूरियां द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्पैल में करियर काउंसिलिंग शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में छात्रों को उच्च शिक्षा और रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें अपनी योग्यताओं और रुचियों के अनुसार करियर चुनने की सलाह दी गई। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सतनाम सिंह सिद्धू ने बच्चों को बताया कि हर बच्चा अलग होता है और अपनी क्षमताओं के अनुसार पढ़ाई का क्षेत्र चुनना चाहिए। उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों को सही दिशा में मार्गदर्शन देना और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।

# आयुष मंत्री रथ खींचकर करेंगे राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव का शुभारंभ

**नरेंद्र शर्मा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर के तीन दिवसीय राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव का शुभारंभ 30 सितंबर मंगलवार को आयुष व खेल मंत्री यादविंदर गोमा करेंगे। दशहरा कमेटी के अध्यक्ष व एसडीएम संजीव ठाकुर ने बताया कि इस बार दशहरे के शुभारंभ पर रथ को खींचकर मेले का शुभारंभ करेंगे। 30 सितंबर को दशहरा की पहली सांस्कृतिक संध्या में आकर्षण मशहूर लोक गायक पहली सांस्कृतिक संध्या अर्शप्रीत कौर, डॉ. गगन, पूनम भारद्वाज, संजीव दीक्षित,धीरज शर्मा होंगे। वहीं, दूसरी सांस्कृतिक संध्या में अरविंद राजपूत, काकू राम, मोहित गर्ग होंगे। दो अक्तूबर दशहरा महोत्सव के दिन हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि होंगे। तीसरी सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर, अंजलि नायक मुख्य कलाकार होंगे। इस बार चौगान में लगने वाल पुतलो की ऊंचाई लगभग 50 फुट तक होगी। दशहरा उत्सव के दौरान पिछली बार की भांति इस बार भी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पुरुषों में वॉलीबाल प्रतियोगिता, कबड्डी,बैडमिंटन बास्केटबाल शामिल है। महिला वर्ग में रंगोली, रस्साकशी, चमच दौड़, म्यूजिक चेयर और बच्चों के लिए चमच दौड़, बेबी शो थ्री लेग रेस, इसके साथ विशेष आकर्षण मिसेज जयसिंहपुर रहेगी। एसडीएम संजीव ठाकुर ने बताया कि इस बार डीएसपी मुकेंद्र नेगी की अध्यक्षता में दशहरे में ट्रैफिक प्लान चेंज कर वनवें किया जाएगा, ताकि लोगों को दशहरे की दिन आवाजाही में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। जो गाड़ियां दगोह, तीनबड़ या टिक्करी, धाबी जाने वाली गाड़ियां एसडीएम कार्यालय की मुख्य सड़क से होकर जाएंगी और सुजानपुर से जयसिंहपुर की तरफ आने वाली गाड़ियां मुख्य सड़क मार्ग पर चलेंगी।

# नारी स्वस्थ होगी तो परिवार और मजबूत होगा : पठानिया



पठानिया फॉरेस्ट विभाग के कुटीर गृह और स्वास्थ्य कार्यक्रम में जनसंवाद करते हुए।

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक एवं विधायक शाहपुर केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को नागरिक चिकित्सालय लंज और हेल्थ एवं वेलनस सेंटर लपियाना में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया।

यह राष्ट्रीय स्तर पर चल रहा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि जब नारी स्वस्थ होगी, तभी परिवार स्वस्थ और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ परिप्रेक्ष्य में सशक्त बनने के लिए पहले स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता से संबंधित सेवाएं प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। शिविर में स्त्री रोग, प्रसूति सेवाएं, पोषण परामर्श, किशोरियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता, नि:शुल्क जांचें एवं औषधि वितरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर परिवार एवं समाज को भी सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस शिविर में मेरा भारत अभियान के तहत निक्षय मित्रों का पंजीकरण, टीबी की स्क्रीनिंग, आभा आईडी व आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा, साथ ही शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच भी की जा रही है। वहीं, फॉरेस्ट विभाग के कुटीर गृह और स्वास्थ्य कार्यक्रम में जनसमस्याएं भी सुनीं।

# बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ धन जुटाने को मनाया बैग फ्री-डे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल दाड़ी में बैग फ्री-डे को सहयोग मेला के रूप में मनाया। यह मेला बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए धन जुटाने के लिए आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल परिसर में विभिन्न खाद्य वस्तुओं के स्टाल लगाए थे। मेले का शुभारंभ एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने किया। वहीं, विशेष अतिथि के के रूप में एएसपी कांगड़ा अदिति सिंह, रोटरी क्लब से डॉ. विजय, अजय, इन्नर व्हील क्लब की अध्यक्ष सविता बेहल तथा भागसू एनजीओ से बीना सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यातिथि शिल्पी बेक्टा ने जहां सहयोग मेले में लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। वहीं, सहायता राहत कोष में दान भी दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार को बैग फ्री-डे को दाड़ी स्कूल के विद्यार्थियों ने सहयोग मेले के रूप में मनाया। इस मेले का उद्देश्य आपदा और बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों को राहत राशि एकत्रित करना था। सहयोग मेले के दौरान विद्यार्थियों ने फ्रूट चाट, सैंडविच और पानी पूरी आदि के स्टाल लगाए थे। इस सहयोग मेले में 31 हजार से अधिक की राशि एकत्रित की गई। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. भवन शर्मा तथा स्कूल स्टाफ के मार्गदर्शन में छात्रों ने खाने-पीने और खेलों के स्टॉल लगाए थे। इन स्टालों में बच्चों के अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. भवन शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल बाढ़ पीड़ितों की सहायता संभव होती है, बल्कि विद्यार्थियों में सेवाभाव, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है।

# भरमौर-कांगड़ा सुरंग निर्माण से रुकेगा पलायन : मेद सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मेरा गांव मेरा स्वाभिमान संस्था के चेयरमैन मेद सिंह ने जनजातीय क्षेत्रों में जीवन स्थितियों और हाल के बदलावों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में भी इन क्षेत्रों के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि देश डिजिटल प्रगति कर रहा है। धर्मशाला में आयोजित प्रेसवार्ता में मेद सिंह ने कहा कि समस्याओं पर चर्चा के बजाय ठोस समाधान चाहिए। इसी मकसद से संस्था का गठन कर 'आदर्श गांव हो अपना' अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने जागरूक नागरिकों से जुड़ने का आह्वान किया, ताकि जनजातीय विकास के लिए मजबूत मंच बने। मेद सिंह ने भरमौर से कांगड़ा जोड़ने वाली सुरंग निर्माण की मांग की, जिससे कनेक्टिविटी बेहतर होगी और पलायन रुकेगा। उन्होंने चंबा की रावी नदी से बिजली उत्पादन का लाभ स्थानीय जनता तक नहीं पहुंचने की बात कही। उनका लक्ष्य है कि भविष्य की पीढ़ी अपने गांव में गर्व से रहे और पलायन समाप्त हो।

# धर्मशाला दशहरा उत्सव का आगाज पांच तक होंगी सांस्कृतिक संध्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पुलिस** मैदान धर्मशाला में दशहरा उत्सव का शनिवार को आगाज हो गया। पहले दिन कुमार विक्की सहित अन्य कलाकारों ने सांस्कृतिक संध्या में रंग जमाया। इससे पहले दशहरा उत्सव आयोजन को लेकर जानकारी देते हुए आयोजक मोहिंद्र खन्ना ने बताया कि पांच अक्टूबर तक सांस्कृतिक संध्याएं होंगी। इसमें इशांत भारद्वाज, जैरी भरमोरी, काकू राम, कमल नेहरिया, अमित मित्तु, दीपक बटवाल, राज जैरी, डीजे नाइट, मोहित गर्ग, गौरव कौंडल, शुभम विर्क, अजु-अजय व ममता भारद्वाज व निकेश बरजातिया अलग-अलग संध्याओं में समां बांधेंगे।

**पहली को लेजर शो के साथ होगा 25 मिनट तक रामायण पाठ**

उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि सांस्कृतिक संध्याओं में ज्यादातर हिमाचली कलाकारों को प्राथमिकता दी गई जबकि पंजाबी कलाकारों को भी बुलाया गया है, ताकि संध्या में रंग जमाया जा सके। उन्होंने जानकारी दी कि पहली अक्टूबर को लेजर नाइट शो में 25 मिनट का रामायण पाठ किया जाएगा। इसी तरह से दो अक्टूबर को दशहरे वाले दिन भी रामायण पाठ का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रशासन की देखरेख में हो रहा है। उत्सव के दौरान विभिन्न राज्यों के व्यंजनों का स्वाद चखने के साथ हैंडलूम व ज्वेलरी सहित अन्य आकर्षक वस्तुएं भी लोग खरीद पाएंगे।

### एसडीएम की देखरेख में राजा का तालाब में मछली बीज डालकर संरक्षण की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा की विधानसभा क्षेत्र में स्थित राजा का तालाब अपनी ऐतिहासिकता और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। फतेहपुर प्रशासन ने यहां मछली की विभिन्न प्रजातियों के कुल 10,000 बीज छोड़े। प्रमुख प्रजातियों में राहु, कतला और ग्रास कार्प शामिल हैं। बीज का आकार 70 मिलीमीटर से अधिक रखा गया, ताकि मछली की पैदावार बेहतर हो और तालाब का पारिस्थितिक संतुलन बना रहे। बीज डालने की प्रक्रिया फतेहपुर के एसडीएम विश्रुत भारती की देखरेख में संपन्न हुई। इस अवसर पर पंचायत नेरना के प्रधान सुशील कुमार, पूर्व बीडीसी जगजीत सिंह, पंचायत सचिव अतुल शर्मा, अविनाश, मोनू कौंडल और तरसेम लाल सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य तालाब में जैव विविधता बढ़ाना और स्थानीय मछुआरों की आय में सुधार करना है। प्रशासन भविष्य में तालाब में नियमित निगरानी और देखभाल भी करेगा।

# ट्रंप के बचकाने व्यवहार से अमेरिका के स्वाभिमान को ठेस: शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत से दवाओं के आयात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का निर्णय भारत के लिए एक नई चुनौती है। उन्होंने इस कदम को न केवल आर्थिक दृष्टि से हानिकारक बताया, बल्कि इसे अमेरिका के राष्ट्रपति के बचकाने और अनुचित व्यवहार के रूप में भी देखा। शांता ने कहा कि अमेरिका खुद को विश्व पटल पर उपहास का पात्र बना रहा है। अमेरिका की नाराजगी का मुख्य कारण यह है कि भारत ने पाकिस्तान के साथ युद्ध समाप्ति के लिए अमेरिका द्वारा लिए जाने वाले श्रेय को नहीं दिया। शांता के अनुसार, भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान युद्ध समाप्त करने के लिए मजबूर हुआ था, न कि अमेरिका की कोई भूमिका थी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने डोनाल्ड ट्रंप की नोबल पुरस्कार के लिए की जा रही होड़ की भी कड़ी आलोचना की। ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने सात युद्धों को समाप्त करवाया है और इसके लिए नोबल पुरस्कार मिलना चाहिए। उन्होंने इतना भी कहा कि ट्रंप ने पाकिस्तान से नोबल पुरस्कार की सिफारिश करवाई, जो पूरी तरह से अनुचित और अपमानजनक है। शांता ने कहा कि भारत ने इस पूरे मामले में अपने स्वाभिमान को बनाए रखा है। भले ही इस कदम से भारत को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़े, लेकिन देश ने अपने सम्मान और गरिमा से कोई समझौता नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के इस व्यवहार से उसके मतदाता भी परेशान हो रहे हैं और कई लोग ट्रंप के पक्ष में पश्चाताप कर रहे होंगे। विश्व इतिहास में किसी बड़े राष्ट्र के राष्ट्रपति द्वारा इस प्रकार का बचकाना और लालायित व्यवहार दुर्लभ है, जो अमेरिका के स्वाभिमान को ठेस पहुंचा रहा है।

### साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट पठानकोट में सांस्कृतिक उत्सव 'जील 2025' संपन्न

# विद्यार्थियों ने भांगड़ा, गिद्दा से लूटी वाहवाही



विद्यार्थियों को पदक एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट पठानकोट में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'जील 2025' का समापन समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज ने की।

कार्यक्रम में ग्रुप की प्रबंध निदेशक (एमडी) तृप्ता पुंज, मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) कंवर तुषार पुंज तथा उपाध्यक्ष रिया पुंज विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। एमडी तृप्ता पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने भांगड़ा, गिद्धा तथा विभिन्न गीतों पर आकर्षक कोरियोग्राफी प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज ने विद्यार्थियों को परिवार का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि संस्थान में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र-छात्रा उनके लिए महत्वपूर्ण है और किसी भी समस्या के लिए वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सरकार इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है और यह तभी सफल हो सकता है जब समाज का प्रत्येक नागरिक इसमें अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने सभी से प्रदूषण मुक्त समाज की ओर बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक रणजीत सिंह, डॉ. विपिन गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, संजय पंडित, डॉ. नवदीप सांवल, डॉ. दिनेश महाजन, पुनीत सवाल, डॉ. दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### बरमाणा में चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** पुलिस थाना बरमाणा के अंतर्गत पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई हुए एक व्यक्ति को भारी मात्रा में चरस के साथ गिरफ्तार किया है। यह मामला 26 सितंबर देर शाम का था। थाना प्रभारी बरमाणा ने बताया कि जब वह अपनी टीम के साथ इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप जुखाला के पास गश्त कर रहे थे, उस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 781.82 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान जर्नैल सिंह पुत्र परशोत्तम सिंह, गांव निक्कू नंगल, तहसील आनंदपुर साहिब, जिला रूपनगर, पंजाब के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना बरमाणा में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच पुलिस पोस्ट नम्होल के हेड कांस्टेबल अशोक कुमार कर रहे हैं। मुख्यालय डीएसपी मदन धीमान ने स्पष्ट किया है कि नशे के सौदागरों को आगे भी बख्शा नहीं जाएगा।

### बरठीं-घुमारवीं मार्ग बड़े वाहनों के लिए जल्द खोलें

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र को घुमारवीं से जोड़ने वाला बरठीं-सुन्हाणी-घुमारवीं मार्ग भारी बारिश के कारण बरड़ के समीप दो स्थानों पर भूस्खलन से बंद हो गया। पहाड़ी से चट्टानें और मलबा सड़क पर गिरने से यह मार्ग दोपहिया वाहनों और कारों के लिए कुछ दिनों तक बंद रहा। लोक निर्माण विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छोटे वाहनों के लिए मार्ग को खोल दिया है, लेकिन बसों और बड़े वाहनों के लिए यह सड़क अभी भी बंद है। स्थानीय निवासियों ने लोनिवि और प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग को जल्द से जल्द बड़े वाहनों के लिए खोला जाए।

### बरठीं स्कूल में जोनल अंडर-19 खेल ट्रायल आयोजित

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** रावमापा बरठीं में अंडर 19 खेलकूद ट्रायल का आयोजन किया गया। जोन ट्रायल में 13 पाठशालाओं के 141 खिलाड़ी छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर हायर रेणु कौशल ने ट्रायल खेलकूद प्रतियोगिता का जायजा लिया। पाठशाला के प्रधानाचार्य सुरेश शर्मा के साथ संजय कौशल ने बताया कि उक्त ट्रायल प्रतियोगिता में वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो व बैडमिंटन जैसी खेलों में रावमापा बरठीं, कपाहड़ा, गंढीर, बड़गांव, सुनहाणी, बलोह, दसलेहड़ा, तलाई, गलियां, कोसरियां, ज्योति पब्लिक स्कूल बरठीं, नघयार व सीनियर सेकेंडरी अल्फा पब्लिक स्कूल बरठीं के खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल में चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, जो कि एक से 3 अक्तूबर रावमापा बरठीं में ही होगी, में भाग लेंगे।

### युवाओं को ई-टैक्सी खरीदने पर सब्सिडी की स्वीकृति

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजीव गांधी स्वरोजगार योजना-2023 के अंतर्गत जिले के 3 युवाओं को ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि इससे पहले जिला के 16 युवाओं को इस योजना का लाभ मिल चुका है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, परियोजना अधिकारी यशपाल सिंह, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र जेआर अभिलाषी, अग्रणी जिला प्रबंधक यूको बैंक चंद्रशेखर यादव और जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता भी मौजूद रहे।

### बिलासपुर में कानून व्यवस्था ध्वस्त : विधायक जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश सरकार पर कानून व्यवस्था के पतन को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चोरी और मारपीट की घटनाएं रोजमर्रा की बात बन गई हैं, जबकि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त गैंगों के बीच गैंगवार तक होने लगे हैं। विधायक ने सवाल उठाया कि क्या सरकार और पुलिस का फोकस केवल वाहन चालकों से राजस्व वसूलने तक सीमित है, जबकि आम लोगों की सुरक्षा दांव पर लगी हुई है।


### अंडर-19 ब्वॉयज ट्रायल खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान, कोठीपुरा ( बिलासपुर)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा, जिला बिलासपुर में खंड स्तरीय स्वारघाट जोन के एक दिवसीय अंडर-19 ब्वॉयज ट्रायल खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 15 विद्यालयों के कुल 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या निर्मला ठाकुर ने किया। प्रतियोगिताओं का संचालन इंचार्ज विशाल ठाकुर एवं सहायक इंचार्ज कमल ने सुचारु रूप से संपन्न करवाया। प्रधानाचार्या श्रीमती निर्मला ठाकुर ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि चयनित प्रतिभागी जिला स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करें और जो खिलाड़ी इस बार चयनित नहीं हो पाए, वे हतोत्साहित होने के बजाए और अधिक लगन से अभ्यास करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारे खिलाड़ी भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

### बिलासपुर एम्स : स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा की अहम भूमिका

# नौणी-भराड़ीघाट फोरलेन से एम्स को जोड़ने के लिए बन रहे अंडरपास व दो सर्विस लेन

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर एम्स का मुख्य द्वार। संस्थान ने दिलाई विशेष पहचान।

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में एम्स के खुलने से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। करोड़ों रुपए की इस महत्वाकांक्षी योजना के साकार होने से न केवल बिलासपुर, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। इसका सीधा श्रेय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को जाता है, जिन्होंने इसे ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में आगे बढ़ाया। एम्स की स्थापना ने बिलासपुर को स्वास्थ्य मानचित्र पर विशेष पहचान दिलाई है।

अब निर्माणाधीन नौणी-भराड़ीघाट फोरलेन से एम्स बिलासपुर को सीधा जोड़ा जाएगा। इसके लिए दो सर्विस लेन से अंडरपास बनाया जा रहा है, जो संस्थान के 2 और 3 नंबर गेट से जोड़ा जाएगा। बस स्टॉप के समीप बनने वाले अंडरपास से मरीज और तीमारदार सीधे एम्स परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। वर्तमान में बस से उतरने के बाद मरीजों को आधा किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ता है, लेकिन अंडरपास तैयार होने के बाद यह परेशानी पूरी तरह खत्म हो जाएगी। इससे बुजुर्गों, विकलांगों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को खास राहत मिलेगी।

एम्स प्रबंधन ने जिला प्रशासन और एनएचएआई से कनेक्टिविटी को लेकर अपनी चिंता पहले ही जताई थी। अब नई योजना के तहत जहां मरीजों और तीमारदारों को सुविधा मिलेगी, वहीं ट्रैफिक दबाव बढ़ने पर भी सुरक्षा बनी रहेगी। बस से उतरते ही लोग सीधे अस्पताल के भीतर पहुंच पाएंगे। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के लगातार एम्स बिलासपुर में रुचि लेने से यहां नई उपलब्धियां जुड़ती जा रही हैं।

हाल ही में एम्स में आधुनिक लैब, नई चिकित्सा मशीनें और विशेष वार्ड की सुविधाएं शुरू की गई। आने वाले समय में और भी अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध करवाई जाएगी। नड्डा का कहना है कि यह संस्थान उनकी जीवन भर की कल्पना रहा है और वह चाहते हैं कि हिमाचल के हर व्यक्ति को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा यहीं मिल सके। फोरलेन से एम्स जुड़ने के बाद शिमला, मंडी, कांगड़ा सहित अन्य जिलों से आने वाले मरीजों के लिए भी यह यात्रा आसान और सुरक्षित होगी।

आपातकालीन सेवाओं की गति बढ़ेगी और चिकित्सा शिक्षा व शोध कार्यों को और गति मिलेगी। इस अंडरपास से न केवल मरीजों बल्कि फैकल्टी, छात्रों और कर्मचारियों को भी प्रत्यक्ष लाभ होगा। एम्स बिलासपुर का यह नया अंडरपास और कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य ढांचे को नई दिशा देगा और बिलासपुर की पहचान को और मजबूत करेगा।

# कबड्डी चुनाव पर इंटरनेशनल कोच रतनलाल ठाकुर का वार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बोले-सोलन में पारदर्शिता घुमारवीं में खुली धांधली**

हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के पूर्व सचिव रतनलाल ठाकुर ने संगठन में चुनावी धांधलियों पर सीधा वार किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर सोलन में हुए चुनाव पूरी तरह पारदर्शी थे, लेकिन घुमारवीं में संघ के कबड्डी चुनाव नियमों को ताक पर रखकर करवाए गए। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में रतनलाल ठाकुर ने बताया कि घुमारवीं में चुनाव का समय सुबह 11 बजे तय था, मगर चुनाव अधिकारियों ने इसे सुबह 8 बजे ही करवा डाला। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सबकुछ पूर्व नियोजित तरीके से किया गया, ताकि मनमुताबिक परिणाम निकाले जा सकें।



रतनलाल ठाकुर ने कहा कि जिन लोगों को संगठन में पद नहीं मिला, वे अब सोलन के चुनावों पर झूठे आरोप लगाकर संघ की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि बतौर कोच उन्होंने हिमाचल कबड्डी टीम को नई बुलंदियों तक पहुंचाया। उनके कार्यकाल में टीम ने कई स्वर्ण पदक जीते और उनकी कोचिंग से प्रदेश को कम से कम 15 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मिले। रतनलाल ठाकुर ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने हमेशा खिलाड़ियों का हित सर्वोपरि रखा। मुझे 80 हजार रुपए वेतन मिलता था, लेकिन मैंने कभी खिलाड़ियों से एक पैसा नहीं लिया। कई बार तो मैंने अपनी जेब से खर्च कर टीमों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने भेजा।

सचिव रहते हुए 4 साल का पूरा लेखा-जोखा उन्होंने सार्वजनिक किया है, जबकि दूसरी ओर संगठन में कई ऐसे पदाधिकारी हैं, जो खिलाड़ियों से पैसे वसूलने का काम करते हैं। उन्होंने नंदलाल ठाकुर और जयपाल चंदेल जैसे वरिष्ठ कोचों की उपेक्षा पर भी नाराज़गी जताई और कहा कि यदि संघ की यह मनमानी और राजनीति नहीं रुकी, तो खेल और खिलाड़ियों का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा।

# शारदोत्सव की 5वीं संध्या में की मां स्कंदमाता स्वरूप की पूजा


हनुमान की झांकी प्रस्तुत करता कलाकार, जिस खुश होकर लोगों ने तालियां बजाईं।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर,**

बिलासपुर के धौलरा मंदिर में चल रहे शारदोत्सव यानी दुर्गा पूजा उत्सव में 5वें नवरात्रे पर मां दुर्गा के स्कंद माता स्वरूप की पूजा की गई। मंदिर में भक्तजनों ने विधिवत मां दुर्गा के पंचम स्वरूप की पूजा की। मां की पांचवीं शक्ति स्कंद माता का स्वरूप सृष्टि में परम शांति व सुख प्रदान करने वाला माना जाता है।

मां के स्कंद माता स्वरूप में नवरात्र के पांचवें दिन साधक पुष्कल चक्र यानी विशुद्ध चक्र पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। प्राणियों में इसी चक्र में स्कंद माता का स्थान माना जाता है। मां के इस स्वरूप को प्रसन्न कर साधक अपनी सभी इच्छुओं को पूर्ण कर पाते हैं व विशुद्ध चैतन्य को प्राप्त कर लौकिक कामनाओं से मुक्त हो जाते हैं।

इस शारदोत्सव की पांचवी सांस्कृतिक संध्या में अमन त्रिवेदी आर्ट ग्रुप ने रामभक्त बजरंगबली हनुमान की बेहद मनमोहक झांकी की प्रस्तुति दी। इस झांकी में बीर हनुमान की वेशभूषा में कलाकार नितिन हांडा ने खूब तालियां बटोरीं।

# 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**


कार्यक्रम को संबोधित करतीं डॉ. मल्लिका नड्डा, साथ हैं अन्य गणमान्य।

चेतना संस्था विजयपुर में भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), बिलासपुर द्वारा प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत निशुल्क मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 350 पुरुष एवं महिलाओं का परीक्षण किया गया। झंडूता क्षेत्र के विधायक जीतराम कटवाल सहित चेतना संस्था की संस्थापिका डॉ. मल्लिका नड्डा, अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, सचिव हरीश नड्डा, रिद्धि नड्डा, उपाध्यक्ष नीना कौशल, मनोज शर्मा, प्रबंधन समिति के सदस्य इंद्र डोगरा एवं अनीता शर्मा भी उपस्थित थे।

विजयपुर में आयोजित इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। डॉ. प्रोफेसर अनुपम पराशर (कार्य प्रभारी) और उनकी टीम के अंतर्गत स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. साक्षी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम, सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. नामित एवं डॉ. प्राची, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिरुद्ध, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. संध्या चौहान, कान-नाक-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन कुमार और मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति गुप्ता सहित अन्य विशेषज्ञों ने मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसके बाद सभी विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अनुपम पराशर ने उपस्थित सदस्यों को शिविर के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और स्वस्थ जीवनशैली के लिए सही खान-पान और व्यायाम के महत्व पर जोर दिया। डॉ. साक्षी ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि नियमित जांच और वैक्सीनेशन से इस बीमारी को रोका जा सकता है।

उन्होंने कहा कि 21 वर्ष से ऊपर की हर महिला को हर तीन साल में इसका परीक्षण कराना चाहिए। डॉ. शिव कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ ने ओरल कैंसर की वजहों और बचाव के उपायों के बारे में बताया। उन्होंने तंबाकू और शराब के अत्यधिक सेवन को ओरल कैंसर के मुख्य कारण बताया। चेतना संस्था की संस्थापिका डॉ. मल्लिका नड्डा ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के फायदे गिनाए। उन्होंने नियमित व्यायाम, योग और ध्यान के महत्व को समझाया और ताजे फल, सब्जियां तथा साबुत अनाज खाने की सलाह दी। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और समय-समय पर जांच करवाएं क्योंकि शुरुआती चरण में रोगों का पता लगाना इलाज को आसान बनाता है।

निशुल्क चिकित्सा शिविर का समापन पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने किया। उन्होंने कहा किसरकार भी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर चेतना संस्था के निदेशक अरुण कुमार गौतम, समन्वयक अनुक कुमार शर्मा, विशेष स्कूल विजयपुर एवं बिलासपुर की प्रधानाचार्या पूजा कुमारी, शैलेंद्र अवस्थी, प्रवक्ता राकेश कुमार सहित संस्था के समस्त कर्मचारी एवं स्टाफ उपस्थित थे।

# घुमारवीं में छल से रावण ने किया माता सीता का हरण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पुराना बस स्टैंड के प्रांगण में चल रही राम लीला की पांचवी संध्या में लंकाधिपति रावण द्वारा पंचवटी में सीता हरण का दृश्य मुख्य आकर्षण रहा। आदर्श श्री रामलीला नाटक समिति के प्रधान संजय कुमार ने बताया कि पांचवीं संध्या में एसडीसी घुमारवीं गौरव चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जिनका समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस संध्या में रावण मारीच संवाद, सीता हरण, रावण जटायू युद्ध, राम लक्ष्मण का जंगल में मिलन, राम लक्ष्मण का पंचवटी में प्रवेश, प्रभु राम का जटायु से मिलना, भगवान राम की माता शबरी से भेंट और संध्या के अंतिम दृश्यों में भगवान राम की सुग्रीव और हनुमान से भेंट दृश्य दिखाए गए। रावण को जब पता चलता है कि पंचवटी में राम, लक्ष्मण और सीता वनवास पर आए हैं तो वह सीता के हरण की योजना बनाने लगता है। रावण अपने सेनापति मारीच को बुलाता है तथा उसकी इस दुष्कार्य में सहायता करने का आदेश देता है। मारीज जो कि हर रूप धारण करने में पारंगत था, सोचता है कि यदि वह इस गलत कार्य में रावण का साथ देता है तो राम के हाथों मारा जाउंगा और नहीं देता हूं तो रावण उसके प्राण हर लेगा, ऐसे मे मारीच निर्णय लेता है कि राक्षस के हाथों मरने से अच्छा भगवान के हाथ मोक्ष को प्राप्त होना है।


रामलीला का मंचन करते कलाकार।

अगले दृश्य में रावण साधू वेश में जाकर ऐसी माया रचता है कि माता सीता स्वर्ण मृग बने मारीच की ओर आकर्षित हो जाती है तथा स्वर्ण मृग को लाने के लिए राम को वन की ओर भेज देती है, ऐसे में छल की चपेट में आकर सीता लक्ष्मण को भी पंचवटी से भेज देती है। मौके का लाभ उठाकर रावण माता सीता का हरण कर लेता है। माता सीता की खोज में वह जटायू और माता शबरी से मिलते हैं। जहां पर शबरी उन्हें ऋष्यमूक पर्वत पर किष्किंधा में सुग्रीव से भेंट करने का परामर्श देती है। इस संध्या में राम की भूमिका अभिषेक टेस्सू ने निभाई जबकि लक्ष्मण भुवनेश गौतम, सीता विशाल शर्मा, रावण ज्योति प्रकाश, मारीच मान सिंह, शबरी अंकु, साधु शशि, सुग्रीव जगरनाथ राणा, हनुमान सुरेश धीमान, जटायू अरविंद ठाकुर बने। मंच संचालन सतीश गौतम और सुरेंद्र शर्मा ने किया।

# स्वस्थ नारी : सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**अभियान के तहत आज और 2 को खुले रहेंगे स्वास्थ्य संस्थान**

> अभियान की शुरुआत 17 सितंबर से हुई और अब तक क्षेत्रीय चिकित्सालय बिलासपुर में 2,495 महिलाओं की जांच की जा चुकी है।
> **मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिलासपुर**

जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तहत चल रहे 'स्वस्थ नारी : सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत सभी स्वास्थ्य संस्थान रविवार 28 सितंबर और गांधी जयंती 2 अक्तूबर 2025 को भी खुले रहेंगे। विभाग ने सभी चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी अधिकारियों से आग्रह किया है कि इस दौरान अभियान में निर्धारित गतिविधियां यथावत रहें।

अभियान के तहत क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में 27 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। महिलाओं और किशोरियों की रक्तचाप, मधुमेह, क्षय रोग, अनीमिया, स्तन कैंसर, मुँह का कैंसर और गर्भाशय मुख कैंसर की जांच की गई, साथ ही सही खानपान, खाद्य सामग्री के रख-रखाव और स्वास्थ्य देखभाल के विषय में जानकारी भी दी गई।

इस दौरान सभी महिलाओं से अपील की गई कि वे अन्य किशोरियों, गर्भवती माताओं, बच्चों और अन्य महिलाओं को आगामी 2 अक्तूबरको आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की सेवाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित करें।

# नशा मुक्ति और संस्कृति संरक्षण का संदेश देगा सीर उत्सव

**भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान**


बैठक को संबोधित करते तकनीकी शिक्षा, नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी।

**घुमारवीं।** आगामी 2 और 3 अक्तूबर को घुमारवीं में आयोजित होने वाला सीर उत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज को नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश भी देगा। तकनीकी शिक्षा, नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास तथा औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि यह उत्सव संस्कृति, प्रकृति और समाज को जोड़ने का अनूठा प्रयास होगा।

उन्होंने बताया कि सीर उत्सव का मुख्य आकर्षण 'रन एगेंस्ट चिट्टा, वॉक एगेंस्ट चिट्टा और टॉक एगेंस्ट चिट्टा' अभियान रहेगा। युवाओं को खेलकूद व रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए मैराथन दौड़, कबड्डी, हैंडबाल, बास्केटबाल और बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। वहीं महिला मंडलों के लिए मटका फोड़, कुर्सी दौड़ और रस्साकसी जैसे खेल रखे गए हैं। मंत्री धर्माणी ने कहा कि 2 अक्तूबर को सिविल अस्पताल घुमारवीं में रक्तदान शिविर और 3 अक्तूबर को सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। इसमें शिमला के चमियाना अस्पताल के प्रिंसिपल डॉ. बृज शर्मा (गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट) सहित हड्डी रोग, हृदय रोग और अन्य विशेषज्ञ निशुल्क परामर्श देंगे।

सीर उत्सव में सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन भी विशेष आकर्षण होंगे। योगा सेशन, शोभायात्रा, विभागीय प्रदर्शनियां और भजन संध्या आयोजित की जाएगी। भजन संध्या में जीतू संख्यान, सुरेश वर्मा और करनैल राणा अपनी प्रस्तुतियों से भक्तिमय वातावरण बनाएंगे, जबकि सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों को मंच मिलेगा ताकि लोक संस्कृति को संरक्षण मिल सके।

बैठक के संचालनकर्ता एवं सीर उत्सव आयोजन समिति के संयोजक एसडीएम गौरव चौधरी थे। बैठक में एपीएमसी अध्यक्ष सतपाल, नगर परिषद अध्यक्षा रीता सहगल, उपाध्यक्ष श्याम शर्मा, पार्षद कपिल शर्मा, राकेश कुमार, मदन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अपने पैसे से सड़क को पक्का करने लगे छत पंचायत के लोग

**मदन गोपाल, अनंत ज्ञान**

**बोले-चुनावी वादों को भूल चुके पंचायत प्रतिनिधि**

**बरठीं।** मामला विधानसभा क्षेत्र घुमारवीं के तहत आने वाली ग्राम पंचायत छत के मंडेहल गांव के लोग आज भी सड़क के पक्का होने की राह देख रहे हैं। चारों तरफ से इस गांव के लिए सड़क सुविधा तो है, लेकिन काम की एक भी सड़क नहीं है। गांव के लोगों बलदेव, राजेश, पवन, मदन, नैन सिंह, संजीव, प्रवीण, विक्की, मनोज, रिखी राम, इंदरजीत, चमन लाल, संजू देवी सहित अन्य के अनुसार कल्लर गांव की मेन सड़क से इस गांव के लिए कई वर्षों से सड़क तो बना दी गई है, लेकिन आज दिन तक इसको पक्का नहीं किया गया है।

लोगों के अनुसार गत पंचायत चुनावों के समय पंचायत प्रतिनिधिओं ने इसको पक्का करने का वादा किया था, लेकिन आज दिन तक इस वादे को अमलीजामा नहीं पहनाया गया है। यहां तक कि पंचायत कोष में इसके कुछ भाग को पक्का करने के लिए एक लाख की राशि स्वीकृत भी कब की हो चुकी है, लेकिन अभी तक भी इसको पक्का नहीं किया गया है। अब हार मानकर गांव के लोगों के द्वारा स्वयं ही इसको पक्का करने का मन बना लिया है। इस गांव के लिए तीन स्थानों से सड़क है। एक हिम्मर गांव की तरफ से मेन सड़क मोरनाल से, एक चड़ोल गांव की मेन सड़क से और एकक़ल्लर गांव की मेन सड़क से, लेकिन गांव तक कोई भी आज दिन तक पूरी तरह से पक्की नहीं बन पाई है और आज भी मरीजों को पालकी का सहारा लेकर मुख्य सड़क तक पहुंचाना पड़ रहा है।

वहीं, पंचायत प्रधान परमजीत सिंह ने कहा कि इस सड़क पर दो लाख रुपए पंचायत के द्वारा लगा दिए गए हैं। हमारी पंचायत कार्यक्षेत्र का सिर्फ तीस मीटर हिस्सा बचता है, जो कि जिसके लिए हमने एक लाख का अस्टीमेट 15वें वितयोग में डाल दिया है। मंजूरी मिलने पर काम करवा दिया जाएगा।

**मंथन** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी बिलासपुर की वार्षिक आम सभा बैठक में बोले उपायुक्त

# रेडक्रॉस सोसायटी के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**


बैठक को संबोधित करते बिलासपुर जिले के उपायुक्त राहुल कुमार।

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा बिलासपुर के अध्यक्ष एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को बतौर स्थायी सदस्य जोड़ा जाना चाहिए। इससे न केवल जिला में रेडक्रॉस सोसायटी का विस्तार संभव होगा, बल्कि उपमंडल एवं ग्रामीण स्तर तक रेडक्रॉस की पहुंच को भी बल मिलेगा। उपायुक्त आज बचत भवन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी शाखा बिलासपुर की वार्षिक आम सभा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी मानवता की सेवा में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। सोसायटी के माध्यम से समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन, जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता तथा आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री पहुंचाई गई है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार करते हुए ग्रामीण स्तर पर सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने भविष्य में इन प्रयासों को और सशक्त बनाने के लिए सभी से सहयोग का आग्रह भी किया। राहुल कुमार ने कहा कि वर्तमान में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के साथ 294 स्थायी सदस्य तथा 6 पैटर्न जुड़े हुए हैं। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी का व्यापक विस्तार करते हुए नए लोगों को भी बतौर सदस्य शामिल करने का आह्वान किया।

उपायुक्त ने रेडक्रॉस सोसायटी का उपमंडल स्तर पर व्यापक विस्तार करने की दिशा में प्रयास करने पर बल देते हुए कहा कि सोसायटी में बेहतर कार्य करने वालों को समय-समय पर विभिन्न समारोहों में सम्मानित भी किया जाना चाहिए। इससे न केवल ऐसे लोगों में समाज के प्रति कार्य करने की भावना को बल मिलेगा, बल्कि दूसरे लोगों के लिए भी प्रेरणा का कार्य करेंगे। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी के साथ अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने पर भी बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि आने वाले समय में जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेला का भी आयोजन किया जाएगा, साथ ही कहा कि जिला में वृद्धजन संवाद केंद्र शहरी व ग्रामीण स्थापित करने के भी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने डिजिटल साक्षरता, बैंकिंग एवं बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर भी व्यापक जन जागरूकता लाने पर बल दिया।

इससे पहले बैठक का संचालन करते हुए सचिव अमित कुमार ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से वितीय वर्ष 2024-25 में स्वास्थ्य एवं मानवीय सहायता के अंतर्गत 47 गंभीर रोगियों को वित्तीय मदद, हेल्प पहल के तहत बस्सी क्लस्टर में अस्पताल बेड व उपकरण उपलब्ध करवाए हैं। वृद्धजन देखभाल कार्यक्रम स्पर्श के अंतर्गत 75 पंचायतों के 460 वृद्धजनों को गतिशीलता सहायक सामग्री व चिकित्सकीय उपकरण प्रदान किए गए हैं तथा 11 सौ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल साक्षरता व मानसिक स्वास्थ्य कार्यशालाओं से जोड़ा गया है। 460 से अधिक दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, 31 मोटराइज्ड व्हीलचेयर तथा दिव्यांगता बोर्ड शिविरों के माध्यम से 74 प्रमाणपत्र जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि बाल-केंद्रित कार्यक्रम 'उम्मीद के पंख' के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों के बच्चों के लिए साप्ताहिक शिक्षण सत्र एवं 200 कुपोषित बच्चों को पोषण किट का वितरण किया गया है। इसके अलावा आपदा प्रबंधन में 45 प्रतिभागियों को सेंट जॉन एंबुलेंस का प्रशिक्षण और आपदा में राहत सामग्री का भी वितरण किया गया। बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

# आपदा पीड़ितों की मदद राजनीति से ऊपर होनी चाहिए : रामलाल

**मुकेश गौतम, अनंत ज्ञान**

**नयना देवी।** पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामलाल ठाकुर ने श्री नयना देवी में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि हिमाचल प्रदेश में आपदा के समय राजनीति नहीं होनी चाहिए। सभी राजनीतिक दलों को प्रभावित लोगों की मदद सच्चे मन से करनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया गया, जिससे प्रभावित लोगों को अपेक्षित सहायता नहीं मिल पाई। रामलाल ठाकुर ने आरोप लगाया कि भाजपा के स्थानीय नेता राहत वितरण कार्यों में भी बाधाएं खड़ी कर रहे हैं।



उन्होंने जानकारी दी कि उन्होंने अपनी ऐच्छिक निधि से स्वाहन पंचायत के 14 प्रभावित परिवारों को पांच-पांच हजार रुपए की राशि प्रदान की है। इसके अतिरिक्त गोबिंदसागर झील किनारे बसे पांच परिवारों, जिनके मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, उन्हें भी उन्होंने पांच-पांच हजार रुपए की सहायता राशि दी। रामलाल ने कहा कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लोक निर्माण विभाग के सहयोग से श्री नयना देवी क्षेत्र की भूस्खलन से क्षतिग्रस्त सड़कों को बहाल करने में सक्रिय भूमिका निभाई। यह सारा कार्य लोक निर्माण विभाग की देखरेख में हुआ। इसके बावजूद कुछ नेता इस पर भी राजनीति कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि श्री नयना देवी का 50 बिस्तरों वाला अस्पताल अभी अधूरा है, जिस पर और धनराशि खर्च होनी बाकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जल्द से जल्द आवश्यक बजट उपलब्ध करवाकर अस्पताल का कार्य पूरा किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव विकास ठाकुर, न्यासी प्रदीप शर्मा, प्रभात शर्मा, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अच्छर सिंह चौहान और कनिष्ठ अभियंता राजेंद्र ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ड्रिल व फायरिंग में ककीरा के कैडेट्स अव्वल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एनएचपी कॉलोनी बनीखेत में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र के 650 से अधिक कैडेट्स ने भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और शारीरिक दक्षता का विकास करना था। इस कैंप में ककीरा स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन कर सर्वश्रेष्ठ स्कूल का खिताब प्राप्त किया। ड्रिल प्रतियोगिता में अभिनव थापा ने प्रथम स्थान, फायरिंग में कशिश ने द्वितीय स्थान और कल्चरल प्रतियोगिता में प्रीत कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। कैंप अधिकारियों ने इन कैडेट्स की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। स्कूल प्रधानाचार्य ने विजेता कैडेट्स को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विधायक ने किया भुनाड़ पंचायत का दौरा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डी.एस. ठाकुर ने भारी बारिश से बुरी तरह प्रभावित ग्राम पंचायत भुनाड़ का हाल जाना। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और राहत सामग्री वितरित की। पंचायत में घरों, खेतों और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे ग्रामीणों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने प्रभावितों को भरोसा दिलाया कि सरकार और प्रशासन उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों की त्वरित सहायता सुनिश्चित की जाए और पुनर्निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जाए। ठाकुर ने कहा कि भुनाड़ की जनता अकेली नहीं है और सभी स्तरों पर राहत कार्य जारी रहेंगे।

### कांग्रेस नेता ने आपदा प्रभावितों का जाना हाल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी रहे यशवंत खन्ना ने ग्राम पंचायत संधि (दूल्हार) के आपदा प्रभावित इलाकों का हाल जाना। भारी बारिश और भूस्खलन से प्रभावित परिवारों से मिलकर उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। यशवंत खन्ना ने प्रशासन से मांग की कि प्रभावितों को तुरंत राहत सामग्री और उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे जल्दी से सामान्य जीवन की ओर लौट सकें। उन्होंने स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और युवाओं से भी बातचीत कर पुनर्वास व बुनियादी सुविधाओं की बहाली को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी हमेशा जनता के साथ खड़ी है और प्रभावित इलाकों की आवाज़ को सरकार तक मजबूती से पहुंचाकर त्वरित राहत और पुनर्वास सुनिश्चित करेगी।

### नशे के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया दल ने शहर के प्रमुख स्थानों और स्कूलों में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जनता को जागरूक किया। इस दौरान स्वास्थ्य और सामाजिक नुकसान की जानकारी दी गई और लोगों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया गया। अभियान का उद्देश्य नशे से होने वाले गंभीर खतरे को समझाना और समाज में इसे रोकना है। पुलिस दल ने वरिष्ठ नागरिकों से भी शिष्टाचार भेंट की और उनके अनुभव व सुझाव सुने। इससे पुलिस की रणनीति को और प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि यह पहल नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने का भी माध्यम है।

### तीन दिवसीय ग्रामीण संवाद महोत्सव 30 से

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ग्रामीण विकास विभाग के तहत आगामी 30 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चंबा के हरदासपुरा पार्क में तीन दिवसीय 'ग्रामीण संवाद महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। जिला विकास अधिकारी तविंदर सिंह चिनोरिया ने बताया कि इस महोत्सव में जिले के सभी विकास खंडों के स्वयं सहायता समूह भाग लेंगे। महोत्सव के दौरान पारंपरिक व्यंजनों की विशेष प्रतियोगिता भी रखी जाएगी, जिसमें तीन श्रेष्ठ स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण संस्कृति, पारंपरिक खानपान और स्थानीय महिला समूहों को सशक्त मंच प्रदान करना है। तविंदर सिंह चिनोरिया ने सभी नागरिकों, खासकर बच्चों और महिलाओं से भागीदारी का आग्रह किया है।

### धर्म संघ ने किया सनातन का जयघोष

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जनपद के देवाधिदेव बूढ़ा बिंगल मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर 22 सितंबर से 10 दिन तक महाशक्ति महामाया शतचंडी यज्ञ का भव्य आयोजन हो रहा है। आईआईटी कटौला के मार्गदर्शन में और मंदिर कमेटी के सहयोग से यह अनुष्ठान मानव संपदा की रक्षा और जनकल्याण के लिए किया जा रहा है। धर्म संघ के प्रधान बीसी सरोच सहित उनकी कार्यकारिणी ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर अनुष्ठान को सफल बनाया। धर्म संघ के उपाध्यक्ष प्रकाश कश्यप, वित्त सचिव मुरारी लाल शर्मा, ब्राह्मण सभा के महासचिव प्रकाश चंद शर्मा समेत कई प्रमुख भक्त उपस्थित रहे। आचार्य अजय शर्मा के नेतृत्व में यह अनुष्ठान चल रहा है। मंदिर कमेटी व धर्म संघ ने सनातन संस्कृति को मजबूत करने और देव शक्तियों की महत्ता पर चर्चा की।

### मोर्चा जिला अध्यक्षों के बनने से मिलेगी मजबूती

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भाजपा मंडी जिला अध्यक्ष ने भाजपा के विभिन्न मोर्चों के नव नियुक्त जिला अध्यक्षों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योग राज डोगरा, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सीमा शर्मा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेम चंद, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बलवंत कुमार यादव, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार तथा भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि इनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नव नियुक्त पदाधिकारी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### तुंग पंचायत ने किया पानी ले जाने का विरोध

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ग्राम पंचायत तुंग के पदाधिकारियों व आम लोगों ने रोपानाला से पानी को दूसरी जगह ले जाने पर विरोध जताया है। उन्होंने सुझाव दिया है कि यदि पानी ले ही जाना है तो स्कोर सड़क के पास या नीचे से ले जाया जाए। मौके पर पहुंचे नायक तहसीलदार, कानूनगो, पुलिस, पंचायत प्रधान आरती देवी, उप प्रधान योगेश कुमार, वार्ड मेंबर योगेश व तेजराम शहीद कई ग्रामीण उपस्थित रहे। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि इस नाले में 7 घराट, चार कूहलें, व दो पानी के स्रोतों से स्थानीय ग्रामीणों की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी हो रही हैं जो प्रभावित हो रही है। ऐसे में उपस्थित सभी जनों ने निर्णय लिया कि सोमवार को सभी स्थानीय निवासी, पंचायत पदाधिकारी व ठेकेदार जिला प्रशासन से बातचीत करने के पश्चात ही यह कार्य शुरू करवाएंगे।

### मुश्किल वक्त में धैर्य और सत्य न छोड़ें: परमार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में चल रही श्री रामलीला के चौथे दिन जिला मंडी कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष गुरु शरण परमार मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे। रामलीला कमेटी ने उनका हार्दिक स्वागत करते हुए उन्हें राम नाम का पटका, बैच और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गुरु शरण परमार ने कला मंच की 27 वर्षों की सफल यात्रा की सराहना की और कमेटी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने जीवन में कई कष्ट सहने के बाद धैर्य और सत्य के बल पर हर विपत्ति पर विजय पाई। उन्होंने दर्शकों को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन समय में भी धैर्य और सच्चाई का साथ नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि बुरा वक्त बीत जाता है, पर गलत फैसले जिंदगी बर्बाद कर सकते हैं। परमार ने आशा जताई कि प्रभु राम का मार्गदर्शन युगों-युगों तक मानवता के लिए प्रकाशस्तंभ बना रहेगा।

### सतपाल व हरनाम सिंह बने मुख्य सलाहकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ के प्रदेश अध्यक्ष केसी गौतम ने नई कार्यकारिणी का गठन किया है, जिसमें सतपाल कालिया व हरनाम सिंह ठाकुर को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया है। संघ की कार्यकारिणी में विभिन्न पदाधिकारी और सलाहकार शामिल हैं, जो पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं संगठन की गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए काम करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष ने सभी सदस्यों से संघ-निष्ठा और पारदर्शिता के साथ सेवा करने का आह्वान किया है। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी को सदस्यों के सुझावों से मार्गदर्शन करते रहने की अपील भी की है।

### कविता व संगीत से संस्कृति की रंगीन झलक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एनआईटी हमीरपुर के इंग्लिश क्लब ने 'रिदम एंड राइम्स' नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. योगेश्वर दत्त शर्मा मुख्य अतिथि थे, जबकि अन्य फैकल्टी सदस्यों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ हुए इस आयोजन में छात्रों ने कविता, गद्य और स्वरचित रचनाओं के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम केवल सांस्कृतिक नहीं, बल्कि साहित्य, संगीत और कला का जीवंत उत्सव था, जिसने विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं और विचारों को खुलकर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया।

# किशोरी अपहरण व यौन शोषण मामले में 6 दोषी

## पांगी पुलिस की जांच व 20 गवाहों के बयान के आधार पर दोष सिद्ध

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- तलिव हुसैन को 18 वर्ष तक की सुनाई सजा, 20000 रुपए जुर्माना भी लगाया
- 14 अक्तूबर, 2019 का मामला, विशेष न्यायाधीश प्रीति की अदालत का फैसला

चंबा की विशेष न्यायाधीश प्रीति ठाकुर ने एक किशोरी अपहरण और यौन शोषण मामले में छह आरोपियों को दोषी ठहराया है। आरोपियों में तलिव हुसैन, खुर्शीद बेगम, मोहम्मद आजाद, गुलसर अहमद, हनीफ और नजीर अहमद शामिल हैं।

अदालत ने तलिव हुसैन को विभिन्न धाराओं के तहत सजा सुनाई। उन्हें 363 आईपीसी के तहत तीन वर्ष कड़ी सजा और 10,000 रुपए जुर्माने के साथ दंडित किया गया। इसके अलावा 366 आईपीसी के तहत पांच वर्ष, 342 आईपीसी के तहत छह माह, और 4 पोस्को अधिनियम के तहत दस वर्ष कड़ी सजा तथा 20,000 रुपए जुर्माना लगाया गया। खुर्शीद बेगम और मोहम्मद आज़ाद को 363 आईपीसी के तहत तीन वर्ष, 366 आईपीसी के तहत पांच वर्ष और 342 आईपीसी के तहत छह माह कड़ी सजा दी गई।

गुलसर अहमद, हनीफ और नज़ीर अहमद को 368 आईपीसी के तहत पांच वर्ष, 342 आईपीसी के तहत छह माह और 17 पोस्को अधिनियम के तहत दस वर्ष कड़ी सजा और जुर्माना लगाया गया। मामले के अनुसार, 14 अक्टूबर 2019 को पीड़िता को आरोपियों ने अपहरण कर लिया था। आरोपियों ने मिलकर उसकी शादी तलिव हुसैन से करवाने की साजिश रची और अपहरण के दौरान किशोरी के साथ यौन शोषण किया। इस दौरान पीड़िता को बंदी बनाकर रखा गया।

इस मामले की जांच पुलिस थाना पांगी ने की और अभियोजन पक्ष ने 20 गवाहों के बयान दर्ज किए। इसके बाद न्यायालय ने सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से अभियोजन कार्य डिप्टी जिला अटॉर्नी, अनिल शर्मा, चंबा द्वारा किया गया।

# प्रदेश में 'राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना' की पहली महिला लाभार्थी बनीं चंबा की आरती देवी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



- ई-टैक्सी से प्रतिमाह कमा रही है 52000, सरकार से मिला 6.97 लाख का अनुदान
- आत्मनिर्भर बनी आरती देवी ने जताया मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का आभार
- योजना के तहत अब तक चंबा जिले में 14 लाभार्थी उठा चुके हैं लाभ

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के तहत चंबा जिले की आरती देवी प्रदेश की इकलौती महिला लाभार्थी बनकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रही हैं। चंबा जिला मुख्यालय के सुल्तानपुर वार्ड की निवासी आरती देवी को योजना के तहत एक ई-टैक्सी की खरीद पर ₹6,97,000 का अनुदान प्राप्त हुआ। वर्तमान में उनकी ई-टैक्सी को राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, चंबा में सेवाओं के लिए उपयोग में लाया जा रहा है, जिससे उन्हें प्रति माह ₹52,000 की नियमित आय हो रही है।

आरती देवी ने बताया कि इस योजना ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी है। कम लागत और स्थिर आमदनी के साथ ई-टैक्सी उनके लिए आय का सशक्त साधन बनी है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

जिला रोजगार अधिकारी अरविंद चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को ई-टैक्सी की कुल कीमत पर 50% सब्सिडी, 40% बैंक लोन (7.9% ब्याज दर) तथा शेष 10% राशि स्वयं वहन करनी होती है। साथ ही, सरकार इन टैक्सियों को 4-5 वर्षों के लिए सरकारी विभागों के साथ अटैच करती है, जिससे लाभार्थियों को स्थिर मासिक आय सुनिश्चित होती है। अब तक चंबा जिले में 21 लोगों ने आवेदन किया, जिनमें से 14 लाभार्थी ई-टैक्सी खरीद चुके हैं, और उन्हें लगभग 1 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी जा चुकी है। शेष 7 लाभार्थियों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। योजना से जुड़ी जानकारी या आवेदन के लिए इच्छुक युवक/युवतियां जिला रोजगार कार्यालय चंबा से संपर्क कर सकते हैं। कार्यालय का दूरभाष नंबर 01899-222209 है।

# खज्जियार क्षेत्र में रामलीला की धूम दशहरे पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, धरवाला**



**विश्व** विख्यात पर्यटन स्थल खज्जियार के छोटे से गांव बैंसका में श्री रामलीला क्लब बीते 35 वर्षों से रामलीला का सफलतापूर्वक आयोजन कर रहा है। यह क्लब न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बन चुका है। नवरात्रों में यहां भारी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा भाग लेते हैं। क्लब के कलाकार हर किरदार को जीवंत कर देते हैं। शुक्रवार की लीला में कैकयी के वरदान से राम को बनवास और दशरथ के वियोग का मार्मिक दृश्य मंचित किया गया। क्लब प्रधान रंजू ने बताया कि दशहरे पर भव्य शोभायात्रा रामलीला क्लब से शुरू होकर जगदंबा मंदिर तक जाएगी और रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले जलाए जाएंगे। साथ ही, नवरात्रि के अंतिम दिन विशाल भंडारे और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

## भालू के हमले से पति-पत्नी घायल, एक गाय की मौत

**अनंत ज्ञान, पांगी।** उपमंडल की पंचायत कोठी-करयूनी के गांव सेरी में शनिवार सुबह अचानक हुई घटना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। गांव के जंगल में एक मादा भालू ने पहले स्थानीय निवासी नारायण सिंह व उसकी पत्नी अनीता कुमारी पर हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार यह दंपति अपने अधवारी से मवेशियों को लेकर घर वापस लौट रहे थे कि रास्ते में अचानक मादा भालू सामने आ गई और दोनों पर झपट पड़ी। हमले में दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल किलाड़ पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार, नारायण सिंह की पत्नी अनीता कुमारी की हालत चिंताजनक होने के चलते डॉक्टरों ने दोनों को तुरंत चंबा रेफर कर दिया। इसी जंगल में दोपहर बाद फिर एक नया हादसा हुआ। सेरी गांव के ही निवासी अमरनाथ की पालतु गाय पर उसी मादा भालू ने हमला बोल दिया। भालू ने गाय की पीठ पर गहरे घाव कर दिए, जिससे गाय की मौके पर ही मौत हो गई। लगातार हमलों से ग्रामीणों में भारी चिंता का माहौल है। लोग भयभीत हैं कि यदि भालू को पकड़कर सुरक्षित क्षेत्र में नहीं ले जाया गया तो गांव में और भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीण प्रशासन और वन विभाग से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# गुज्जर कल्याण बोर्ड के सदस्य बने गुलाम रसूल गामा, पूरे समाज में खुशी

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**



**चंबा।** जिला की ग्राम पंचायत पल्यूर के गुज्जर समाज कल्याण सभा के अध्यक्ष गुलाम रसूल गामा को हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश स्तरीय गुज्जर कल्याण बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से पूरे गुज्जर समाज में हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ गई है।

गुलाम रसूल गामा ने इस सम्मानजनक दायित्व के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुखु, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, चंबा सदर के विधायक नीरज नैय्यर और उनकी धर्मपत्नी भारती नैय्यर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह भरोसा जताया जाना गुज्जर समाज के उत्थान के लिए एक ऐतिहासिक कदम है।

गामा ने कहा कि गुज्जर समाज की आवाज अब प्रदेश स्तर पर और बुलंद होगी। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि गुज्जर समुदाय को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में बराबरी का हक दिलाने के लिए अब चंबा जिला से चुने गए प्रतिनिधि मजबूती से सरकार के समक्ष अपनी समस्याएं रख पाएंगे।

उन्होंने गुज्जर समाज के अन्य सदस्यों को भी कल्याण बोर्ड में प्रतिनिधित्व दिए जाने पर सरकार का धन्यवाद किया और कहा कि यह सामूहिक प्रयास पूरे समुदाय के विकास की नई राह खोलेगा। गुलाम रसूल गामा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता चंबा सहित प्रदेश के गुज्जर समुदाय को मुख्यधारा में लाने और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने की रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह नियुक्ति गुज्जर समाज के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगी।

## खैरी में डैम से छोड़े पानी ने मचाई तबाही, ग्रामीणों में डर का माहौल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के खैरी गांव में हाल ही में हुई भारी बारिश और एनएचपीसी डैम से अचानक छोड़े गए पानी ने भारी तबाही मचाई। तेज़ बहाव ने खैरी बाजार को लगभग पूरी तरह बहा दिया, जिससे दुकानों, सड़कों और घरों को भारी नुकसान पहुंचा। ग्रामीणों के अनुसार डैम प्रबंधन द्वारा गेट खोलने के बाद पानी इतनी तेजी से बहा कि सड़कें गायब हो गई और कई परिवारों की पूरी जमा-पूंजी तबाह हो गई। अब लोग इस डर में जी रहे हैं कि अगर अगली बारिश से पहले कोई ठोस इंतजाम नहीं हुआ, तो जो थोड़ा-बहुत बचा है, वह भी नदी में समा जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी किनारे कंक्रीट रिटेनिंग वॉल या क्रेट वर्क जैसे स्थायी समाधान की मांग की है। फिलहाल गांववासी टूटी सड़क और तबाह बाजार के बीच अपना जीवन पटरी पर लाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन असमंजस और भय का माहौल लगातार बना हुआ है।

# बल्ह में 30 करोड़ की लागत से बनेगा कोल्ड स्टोर, झूठ की राजनीति कर रहे हैं इंद्र सिंह गांधी : संजीव गुलेरिया

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**



मंडी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया।

**मंडी।** एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने कहा कि बल्ह के जरल में सब्जी मंडी के लिए भूमि अलाट हो गई है। जिसके बाद सब्जी मंडी का विधिवत रूप से शिलान्यास किया जाएगा। इसके अलावा बल्ह में किसानों की सुविधा के लिए 30 करोड़ की कोल्ड स्टोर, शापिंग कांप्लेक्स और पेट्रोल पंप लगाया जाएगा। संजीव गुलेरिया ने बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी पर आरोप लगाया कि वे झूठ की राजनीति कर रहे हैं।

मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए संजीव गुलेरिया ने कहा कि पूर्व सरकार के जाते-जाते इंद्र सिंह गांधी ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से बिना किसी जमीन के, बिना बजट के ही बल्ह के जरल में सब्जी मंडी का शिलान्यास करवा दिया। उन्होंने कहा कि इंद्र सिंह गांधी दो बार विधायक रहे हैं, लेकिन लोगों में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बल्ह के विकास में कांग्रेस सरकार और प्रकाश चौधरी का योगदान है। लेकिन इंद्र सिंह गांधी बड़ी-बड़ी डींगे हांक रहे हैं। आपदा के समय वे कह रहे थे की लेदा में डंगा ढह गया, एपीएमसी अध्यक्ष उसे बनवा नहीं रहा है। रिवालसर अस्पताल भवन का शुभारंभ नहीं करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के लिए बिजली आपूर्ति को ट्रांसफार्मर न होने की वजह से देरी हो रही थी। अब ट्रांसफार्मर भी लग गया है और अस्पताल भवन का शुभारंभ भी हो गया है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए सरकार के पास फंड की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बैंच और फर्नीचर की व्यवस्था की जा रही है। केवल नारेबाजी करने और भ्रम फैलाने से कार्य नहीं होते हैं। संजीव गुलेरिया ने कहा कि इंद्र सिंह गांधी अपने दम पर शिलान्यास का एक भी पत्थर नहीं रख पाए हैं। उन्होंने जितने भी उदघाटन किए हैं, उनका शिलान्यास पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय किया गया था। उन्होंने कहा कि बल्ह में तहसील,एसडीएम कार्यालय और अन्य बड़े -बड़े कार्यालय कांग्रेस सरकार और प्रकाश चौधरी की देन है।

संजीव गुलेरिया ने कहा कि बल्ह कांग्रेस में किसी तरह की गुटबाजी नहीं है। हाल ही में बल्ह के पूर्व कांग्रेस नेता युद्धवीर बैंस द्वारा लगाए गए आरोपों बारे पूछे गए सवाल के जवाब में संजीव गुलेरिया ने कहा कि उनके खिलाफ वे मानहानि का केस करने जा रहे हैं। इस अवसर पर मंडी शहरी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल सेन, पार्षद योगराज योगा, प्रदीप शर्मा, नप नेरचौक के मनोनीत पार्षद राधेश्याम मौजूद रहे।

# एनएचएआई की लापरवाही, बनाल सड़क 70 दिन से बंद

## बसें तो दूर दोपहिया वाहनों के लिए भी नहीं रास्ता, स्थानीय लोगों की बढ़ीं दिक्कतें

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

धर्मपुर वाया सरोली बनाल सड़क 70 दिनों से भूस्खलन के कारण बड़े और छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए बंद पड़ी है। सरोली से आगे भारी भूस्खलन से सड़क का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे ट्रक, बस और दो पहिया वाहनों के लिए व अन्य भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। सड़क का बड़ा हिस्सा भूस्खलन से गिर गया है। जिसे खोलने के प्रयास अभी तक नहीं किए गए हैं। बरसात के मौसम में लगातार गिर रहे पत्थर और मिट्टी से बहाली कार्य प्रभावित है, जिसमें रियूर बनाल हवानी के लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

सुरेश, कुलदीप, सुनील, विनोद, दिनेश, अनु, पाल, अजय, लाभू, गोल्डी ,निशु, सुनीता, ज्योति, आशु, संध्या, ममता का कहना है कि कंपनी का कार्य बहुत धीमी गति से हो रहा है, जिससे लोगों को काफी समस्या हो रही है। यह सड़क लगभग 70 दिनों से बंद पड़ी हुई है। यहां से रोजाना सैंकड़ों लोग रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए धर्मपुर सरकाघाट हमीरपुर और मंडी की ओर जाते हैं। सड़क बंद होने से उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द सड़क बहाली के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत लुआई**
विकास खण्ड बैजनाथ, तहसील मुलथान, जिला कांगड़ा, हि. प्र.

**निविदा सूचना**

बैठक में अध्यक्ष महोदय जी ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत लुआई में विकास कार्यों को करवाने हेतू सामग्री की आवश्यकता है पेवर ब्लॉक टाईल्स की खंड विकास कार्यालय द्वारा निविदाएं की अंतिम तिथि 31/08/2025 तक थी अब नए कार्यों को करवाने हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। यह निविदाएं 31/03/2026 तक मान्य होंगी सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है।

**1. पेवर ब्लॉक टाईल्स 60 एमएम, 40 एमएम, 80 एमएम**
**2. लकड़ी दरवाजा, खिड़की, पल्लों की**

अतः निविदाएं उपरोक्त सामग्री की दिनांक 03/10/2025 को शाम 3: 30 बजे तक जमा करवा सकते हैं फार्म इच्छुक आवेदनकर्ता ग्राम पंचायत लुआई के कार्यालय में औपचारिकताओं को पूर्ण करने के उपरांत फार्म सम्बंधित पंचायत कार्यालय में सीधे अथवा डाक द्वारा प्रेषित किए जा सकते हैं- 04/10/2025 को कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जाएंगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत लुआई**
**विकास खण्ड बैजनाथ, तहसील मुलथान, जिला कांगड़ा, हि. प्र.**

**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं पूनमा** आयु 38 वर्ष पुत्री श्री जिन्दू राम गांव निशानी, डाकघर ओलवा, तहसील आनी, जिला कुल्लू, हाल विधवा श्री जिया लाल गांव में डाकघर देलठ, तहसील ननखडी, जिला शिमला हल्फान ब्यान करती हूं कि मेरा नाम मायके की ग्राम पंचायत तलूणा में पप्पा उर्फ पूनमा दर्ज है और ससुराल की ग्राम पंचायत देलठ में पूनमा दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम सिर्फ पप्पा लिखा है। अब मैं अपना नाम पप्पा के बजाय पूनमा दर्ज करना चाहती हूं। भविष्य में मुझे पप्पा की जगह पूनमा नाम से जाना जाए। सभी संबंधित नोट करें।

# डिप्टी डायरेक्टर ऑफिस पहुंचीं मलोह स्कूल की प्रताड़ित प्रवक्ता



प्रेसवार्ता करते हुए।

- परिषद के नेतृत्व में लगाई न्याय की गुहार, सहकर्मियों पर लगाए प्रताड़ना के आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मलोह स्कूल में प्रवक्ता पद पर कार्यरत संध्या कुमारी ने स्कूल में ही कार्यरत सुरेंद्र जम्वाल टीजीटी मेडीकल पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाएं हैं। संध्या कुमारी द्वारा अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही को पत्र लिखकर सहायता की गुहार लगाई गई। तदोपरांत परिषद के नेतृत्व में प्रेसवार्ता का आयोजन किया, जिसमें स्कूल स्टॉफ व प्रधानाचार्य की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाए गए।

परिषद के नेतृत्व में संध्या कुमारी ने उच्च शिक्षा उपनिदेशक यशवीर धीमान की अनुपस्थिति में कार्यालय अधीक्षक चमन को शिकायत पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाई। संध्या कुमारी ने कहा कि विभागीय जांच किसी दबाव और भेदभाव के होनी चाहिए। प्रेसवार्ता में महिला ने कहा कि मेरी पति और बेटे की मृत्यु हो चुकी है, जिस कारण मैं अलग थलग पड़ चुकी हूं। यदि मुझे प्रशासन और सरकार से न्याय नहीं मिला तो मुझे आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। वहीं चमन राही ने कहा कि पीड़ित महिला की शिकायत पर स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा समय पर कार्रवाई न करना उनका फेलीयर दिखाता है। यदि उन्होंने समय पर कार्रवाई की होती तो आज संध्या कुमारी मानसिक रूप से प्रताड़ित न होती। वहीं कार्यालय अधीक्षक चमन ने कहा कि शिकायत आई है, मामले की कार्रवाई उच्च शिक्षा उपनिदेशक के आने पर होगी। प्रेसवार्ता में कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेश सचिव यशवंत गुलेरिया, वाल्मीकि समाज सुधार समिति संस्थापक चंद्रवीर कागरा, बामसेफ संस्था के प्रदेश पदाधिकारी डॉ. धर्म सिंह आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ब्याड़ा**
विकास खंड पंचरुखी, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत ब्याड़ा की बैठक में प्रधान महोदया जी ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि वितीय वर्ष 2025-26 के लिए विभित्र मदों से किये जाने वाले विकास कार्यों हेतु सामग्री क्रय करने के लिए निविदायें आमंत्रित की जानी है तथा निविदायें दिनांक 08/10/2025 को पंचायत के समक्ष 12:00 खोली जाएगी सामग्री का विवरण निम्न है और कुटेशन खोलने वाली दिनांक को किसी भी सप्लायर को डाक या विशेष रूप से आमंत्रित नहीं किया जायेगा।

| क्रं.सं. संख्या | वस्तु का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | इंटरलोक टाईल 40,60,80एमएम | प्रति नं. |
| 2 | साईन बोर्ड | प्रति नं. |
| 3. | वाटर कूलर | प्रति नं. |

**नियम व शर्तें:-** इच्छुक विक्रेता / फर्म के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य है बिना जीएसटी नं. की कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी निविदायें दिनांक 07/10/2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत ब्याड़ा कार्य दिवस में प्राप्त की जाएगी निविदा में सभी सामग्री का मूल मूल्य व जीएसटी दर राशी अलग से दर्शाना अनिवार्य है निविदाओं की दरें FOR ग्राम पंचायत ब्याड़ा में जीएसटी सहित होनी चाहिए निविदा पारित होने पर सप्लाई न देने पर विक्रेता को ग्राम पंचायत द्वारा आगामी पांच वर्षों के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया जायेगा किसी भी विवाद या सामग्री आपूर्ति समय पर न मिलने पर पंचायत किसी भी समय निविदा को रद्द करने हेतु सक्षम होगी। तथा निविदाओं की अवधि जून 2026 तक ही होगी

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत ब्याड़ा**
**विकास खंड पंचरुखी, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत अप्पर रजोट**
विकास खंड पंचरुखी, तह. बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अप्पर रजोट की बैठक में प्रधान महोदया जी ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि वितीय वर्ष 2025-26 के लिए विभित्र मदों से किये जाने वाले विकास कार्यों हेतु सामग्री क्रय करने के लिए निविदायें आमंत्रित की जानी है तथा निविदायें दिनांक 08/10/2025 को पंचायत के समक्ष 12:00 खोली जाएगी सामग्री का विवरण निम्न है और कुटेशन खोलने वाली दिनांक को किसी भी सप्लायर को डाक या विशेष रूप से आमंत्रित नहीं किया जायेगा।

| क्रं.सं. संख्या | वस्तु का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | इंटरलोक टाईल 40,60,80एमएम | प्रति नं. |
| 2 | साईन बोर्ड | प्रति नं. |
| 3. | वाटर कूलर | प्रति नं. |

**नियम व शर्तें:-** इच्छुक विक्रेता / फर्म के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य है बिना जीएसटी नं. की कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी निविदायें दिनांक 07/10/2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत अप्पर रजोट कार्य दिवस में प्राप्त की जाएगी निविदा में सभी सामग्री का मूल मूल्य व जीएसटी दर राशी अलग से दर्शाना अनिवार्य है निविदाओं की दरें FOR ग्राम पंचायत अप्पर रजोट में जीएसटी सहित होनी चाहिए निविदा पारित होने पर सप्लाई न देने पर विक्रेता को ग्राम पंचायत द्वारा आगामी पांच वर्षों के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया जायेगा किसी भी विवाद या सामग्री आपूर्ति समय पर न मिलने पर पंचायत किसी भी समय निविदा को रद्द करने हेतु सक्षम होगी। तथा निविदाओं की अवधि जून 2026 तक ही होगी

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत अप्पर रजोट**
**विकास खंड पंचरुखी, तह. बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**सैनिक** जो हमेशा अपने देश के प्रति वफादार रहते हैं, जो हमेशा अपने जीवन बलिदान के लिए तैयार होते हैं, वो अजेय हैं। **–सुभाष चंद्र बोस**

## संपादकीय

# शर्मसार होता हिमाचल

हिमाचल इस समय एक बेहद संवेदनशील और गंभीर बहस के बीच खड़ा है। राज्य के प्रशासनिक ढांचे की रीढ़ माने जाने वाले अव्वल दर्जे के अधिकारी रेप के आरोपों में घिर गए हैं। इससे पूरे प्रदेश का माहौल असहज हो गया है, साथ ही शासन और प्रशासन की साख पर भी गहरे सवाल खड़े हो रहे हैं। मामला केवल एक अधिकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि अलग-अलग जिलों में दो वरिष्ठ अधिकारियों के नाम इन आरोपों से जुड़े हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर सच क्या है? क्या सचमुच इन अधिकारियों ने अपनी कुर्सी और ताकत का दुरुपयोग कर युवतियों को अपनी हवस का शिकार बनाया या फिर यह किसी व्यक्तिगत रंजिश और झूठे आरोपों का जाल है? सबसे पहले ऊना के एसडीएम पर गंभीर आरोप लगे। एक युवती ने सोशल मीडिया से जान-पहचान के बाद उन पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया। आरोप यह भी है कि अधिकारी ने न केवल दफ्तर और कोर्ट चैंबर जैसे संवेदनशील स्थानों पर जबरन संबंध बनाए, बल्कि बाद में विश्राम गृह में भी किसी और नाम से कमरा बुक करवाकर युवती को बुलाया और उसकी आबरू से खिलवाड़ किया। यही नहीं, वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने तक की बात सामने आई। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि जब आरोप लगे तो अधिकारी फरार हो गया। उनका यह कदम ही जनमानस में शक और गहरा कर गया। चार दिन बाद उन्होंने अग्रिम जमानत की अर्जी डाली, लेकिन हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली।

महिला आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया और डीसी ऊना को निष्पक्ष जांच के आदेश दिए। यह वाकया संकेत देता है कि मामला अत्यंत गंभीर है और इसे हल्के में लेना समाज और न्याय दोनों के साथ अन्याय होगा। दूसरी ओर कुल्लू के पूर्व एसडीएम, जो वर्तमान में सुजानपुर में तैनात हैं, उन पर भी एक युवती ने रेप के आरोप लगाए हैं। हालांकि, उनका पक्ष इससे बिलकुल अलग है। उनका कहना है कि महिला उन्हें बार-बार फोन करती थी, पीछा करती थी और जब उन्होंने सख्ती दिखाई तो उन पर झूठे आरोप लगा दिए। अधिकारी का कहना है कि इस मामले की पहले भी जांच हो चुकी है और यदि दोबारा जांच होगी तो वे उसका पूरा सहयोग करेंगे। वहीं, पीड़ित महिला का आरोप है कि जब उसने कुल्लू पुलिस से मदद मांगी तो पुलिस ने उचित कार्रवाई नहीं की। इसके बाद एक वकील ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कोर्ट ने भी पुलिस व अधिकारियों से जवाब मांगा है। अब मुख्य सचिव ने मामले की दोबारा जांच के आदेश दिए हैं। इस घटनाक्रम से साफ है कि मामला इतना आसान नहीं है और दोनों पक्षों की बात सुनी व परखी जानी जरूरी है।

इन दोनों मामलों में सबसे अहम सवाल यही है कि आखिर सच्चाई क्या है? अगर सचमुच ये अधिकारी दोषी पाए जाते हैं तो यह पूरे प्रशासनिक ढांचे के लिए कलंक होगा और उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन पर ऐसी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए कि भविष्य में कोई भी अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग करने की हिम्मत न जुटा सके। वहीं, यदि महिलाओं के आरोप झूठे साबित होते हैं तो उन्हें भी कानून के शिकंजे में लाना उतना ही जरूरी है, क्योंकि झूठे आरोप लगाकर किसी की प्रतिष्ठा से खेलना भी उतना ही बड़ा अपराध है। न्याय का तकाजा यही है कि सच सामने आए और सच के आधार पर ही निर्णय हो। समाज में इस तरह के मामलों से एक बड़ा सवाल यह भी उठता है कि आखिर जब शारीरिक संबंध बनाए जा रहे थे, तब महिलाओं ने विरोध क्यों नहीं किया? यह पहलू भी जांच का हिस्सा होना चाहिए, क्योंकि कहीं न कहीं यह प्रश्न आम लोगों के मन में उठ रहा है। यदि संबंध सहमति से बने और बाद में निजी कारणों या मतभेदों के चलते उन्हें आरोप में बदला गया तो यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है। यह प्रवृत्ति न केवल न्याय व्यवस्था को बोझिल करती है, बल्कि असली पीड़िताओं की आवाज को भी कमजोर करती है।

इसके विपरीत अगर वाकई महिलाओं को जबरन शोषण किया गया है तो यह सत्ता और पद के अहंकार का सबसे शर्मनाक उदाहरण है, जिसे कड़ी से कड़ी सजा के बिना दबाया नहीं जा सकता। हिमाचल में लगातार रेप के मामले सामने आना प्रदेश की छवि को भी नुकसान पहुंचा रहा है। समाज का प्रशासन पर से भरोसा डगमगा रहा है। लोग सोचने को मजबूर हैं कि जब व्यवस्था के रक्षक ही भक्षक बन जाएंगे तो आम नागरिक किस पर भरोसा करें। इन मामलों का शीघ्र और निष्पक्ष निपटारा होना बेहद जरूरी है। देरी और लीपापोती न केवल आरोपियों को राहत देती है, बल्कि पीड़िताओं को न्याय से वंचित भी कर देती है। आज समाज को सबसे ज्यादा जरूरत एक ऐसे माहौल की है, जहां महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस करें और प्रशासन जनता का भरोसा बनाए रखें। इसके लिए जरूरी है कि न्यायिक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर ऐसी घटनाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। चाहे आरोपी कितना ही बड़ा पदाधिकारी क्यों न हो, कानून के सामने सभी बराबर हैं। दोषी पाए जाने पर उसे सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। दूसरी ओर अगर महिलाएं झूठे आरोप लगाकर किसी की प्रतिष्ठा से खेल रही हैं तो उन्हें भी उसी कठोरता से दंडित किया जाना चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# देश के महान स्वतंत्रता सेनानी



सरदार भगत सिंह
जन्म : 28 सितंबर, 1907
मृत्यु : 23 मार्च, 1931

**अमर** बलिदानी सरदार भगत सिंह का नाम विश्व में 20वीं शताब्दी के अमर बलिदानियों में बहुत ऊंचा है। भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए जिस साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया, वह आज के युवकों के लिए एक बहुत बड़ा आदर्श है। भगत सिंह अपने देश के लिए ही जीए और उसी के लिए बलिदान भी दे गए। भगत सिंह का जन्म पंजाब के जिला लायलपुर में बंगा गांव (पाकिस्तान) में हुआ था, एक देशभक्त सिक्ख परिवार में हुआ था, जिसका अनुकूल प्रभाव उन पर पड़ा था। भगत सिंह की दादी ने बच्चे का नाम 'भागां वाला' (अच्छे भाग्य वाला) रखा। बाद में उन्हें 'भगत सिंह' कहा जाने लगा। वे 14 वर्ष की आयु से ही पंजाब की क्रांतिकारी संस्थाओं में कार्य करने लगे थे। डीएवी स्कूल से उन्होंने नौवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। 1923 में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद उन्हें विवाह बंधन में बांधने की तैयारियां होने लगीं तो वे लाहौर से भागकर कानपुर आ गए। वे 'चंद्रशेखर आजाद' जैसे महान क्रांतिकारी के संपर्क में आए। 1928 में 'सांडर्स हत्याकांड' के वे प्रमुख नायक थे। 8 अप्रैल, 1929 को ऐतिहासिक 'असेंबली बमकांड' के भी वे प्रमुख अभियुक्त माने गए थे। ■



कविता

## नव उल्लास

राजकुमार कौंडल, गांव अमरपुर, तहसील घुमारवीं, बिलासपुर

*हर रोज सुबह जब भी आती,*
*छोड़ आलस की चादर, स्फूर्ति का अहसास दिलाती।*
*हर अंधेरी रात के बाद उजियारी भोर है आती,*
*कितना भी भटके हों चाहे उस काली रात में,*
*जीने की फिर सबको इक नई राह दिखाती।*
*प्रकृति ओस से नहाकर आती, बीते पलों की याद बिसार,*
*नए पलों संग हौसलों की सौगात लाती।*
*सूरज की लालिमा नभ में छाती,*
*सब परिंदों की जीविका की तलाश में,*
*इक स्फूर्ति भरी उड़ान शुरू हो जाती।*
*गौरैया चीं-चींकर बतियाती, बच्चों संग दाना चुगती,*
*कोयल मीठा राग सुनाती।*
*सर सर की सरगम पत्तियां सुनाती,*
*पेड़ों की अद्भुत सुंदरता बढ़ाकर,*
*सह हवा की मार नव उल्लास से जीना सिखाती।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिंदी की स्थिति और चुनौतियां, पखवाड़े तक न हो सीमित





**डॉ. अशोक कुमार चौबे**
पूर्व कृषि वैज्ञानिक
कृषि विवि पालमपुर

14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने निर्णय लिया कि हिंदी केंद्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी। भारत के अधिकांश राज्यों में हिंदी बोली जाती है, इसलिए इसे राज्य भाषा बनाने का फैसला लिया गया। हालांकि, कई राज्यों ने इसका विरोध किया और अपनी भाषाओं को प्राथमिकता दी। आज हिंदी दिवस एक औपचारिक रस्म बन चुका है, जहां सरकारी विभाग केवल एक सप्ताह हिंदी का प्रचार-प्रसार करते हैं। हिंदी के सम्मान के लिए हिंदी पखवाड़ा मनाया जाता है, भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं, पर हिंदी फिर अपनी पुरानी स्थिति में चली जाती है। कई बार हिंदी पखवाड़ा मनाने का सरकारी आदेश भी अंग्रेजी में जारी होता है।

हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए काका कालेलकर, हजारी प्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविंददास जैसे साहित्यकारों ने प्रयास किए। 1918 में महात्मा गांधी ने हिंदी को जनमानस की भाषा बताया था। यह भाषा लोगों को जोड़ती है और आपसी सौहार्द बढ़ाती है। अंग्रेजी शासन में भी हिंदी को नजरअंदाज नहीं किया गया। स्वतंत्र भारत के बाद फिजी जैसे देशों में हिंदी आधिकारिक भाषा बन गई और विश्व के लगभग दो सौ विश्वविद्यालयों में हिंदी की शिक्षा और शोध हो रहे हैं। अमेरिका, जापान, जर्मनी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल जैसे देशों में हिंदी बोली और पढ़ाई जा रही है। भारत में हिंदी के दो प्रमुख साहित्यिक समूह थे। एक ने खड़ी बोली को आधुनिक हिंदी के रूप में आगे बढ़ाया, जबकि दूसरे ने स्थानीय बोलियों के शब्दों को अपने लेखन में प्रयोग किया। मुंशी प्रेमचंद की कहानियों में यह साफ देखा जा सकता है। भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद, निराला, महादेवी वर्मा, दिनकर जैसे साहित्यकारों ने हिंदी को आधुनिक भाषा के रूप में स्थापित किया। हिंदी के विकास के लिए इसे द्विवेदी युग कहा जाता है क्योंकि हजारी प्रसाद द्विवेदी ने हिंदी साहित्य को कई नए शब्द दिए। इसके बाद डॉ. नामवर सिंह ने हिंदी साहित्य को नई दिशा दी।

सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने हिंदी को बहुत सम्मान दिया। आज की हिंदी उन लेखकों और पाठकों का परिणाम है, जिन्होंने इसे संजोया और आगे बढ़ाया। आज के कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल हर गली-कूचे में खुल गए हैं और अधिकांश सरकारें प्राइमरी शिक्षा में अंग्रेजी को शामिल कर रही हैं, पर सरकारी स्कूलों में हिंदी पूरी तरह हटाई नहीं जा सकी। हिंदी हर हिंदुस्तानी के मन से निकली भाषा है। हम चाहे जितनी भी अंग्रेजी बोल लें, घर में प्रेम की भाषा हिंदी ही होती है। विश्व के विकसित देशों में इंटरनेट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर और नई तकनीक में हिंदी सॉफ्टवेयर बन रहे हैं। बिना हिंदी के विश्व का विकास असंभव होगा।

हिंदी के विकास में महान साहित्यकारों के साथ-साथ भारतीय सिनेमा ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हिंदी सिनेमा का प्रभाव इतना गहरा है कि हिंदी नहीं बोलने वाले भी हिंदी गाने सुनते हैं। हिंदी में पहले स्थानीय बोलियों जैसे भोजपुरी, बुंदेली, ब्रज, राजस्थानी आदि का मिश्रण था, पर आधुनिकता के दौर में कई स्थानीय शब्द कम होते जा रहे हैं, जो चिंताजनक है। हिंदी की जिम्मेदारी है कि वह स्थानीय बोलियों और शब्दों को जीवित रखे।

हिंदी के विस्तार को कोई रोक नहीं सकता। आज हिंदी में हजारों टीवी चैनल हैं। जब मुख्यधारा के समाचारपत्र और टीवी चैनल एकतरफा हो गए, हिंदी यूट्यूबर्स की भरमार हो गई है, जो हिंदी की ताकत से पैसा कमा रहे हैं। यह हिंदी की नई ताकत है। भारत में हिंदी के पांच सबसे बड़े अखबारों का प्रसार एक करोड़ तक पहुंच गया है। हिंदी अखबारों से करोड़ों लोगों को रोजगार मिला है। पहले अंग्रेजी प्रकाशन का बोलबाला था, अब हिंदी प्रकाशन की दुनिया बड़ी हो गई है। हिंदी पुस्तकों का प्रकाशन लाखों में हो रहा है। हिंदी लेखकों को रॉयल्टी मिलने लगी है और बुकर पुरस्कार भी मिलने लगे हैं। हिंदी पर हिंदी उत्सव मनाने का माहौल बन रहा है। हिंदी अब बंद गलियों से बाहर निकल रही है।

अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाना ठीक है, पर राष्ट्रभाषा हिंदी से दूर नहीं होना चाहिए। विज्ञान और ज्ञान की पुस्तकें हिंदी में उपलब्ध नहीं हैं, जो हिंदी के कमजोर होने का बड़ा कारण है। सरकारी स्कूल हिंदी माध्यम हैं, जबकि निजी स्कूल अंग्रेजी माध्यम। हर प्रदेश में अलग-अलग बोर्ड और पाठ्यक्रम हिंदी के विकास में बाधक हैं। हिंदी का विस्तार भाषा के रूप में अपेक्षित तेजी से नहीं हो रहा। शहरों में नया धनाढ्य वर्ग हिंदी को अंग्रेजी से मिलाकर भाषा को विकृत कर रहा है। अंग्रेजी शब्दों का हिंदी में प्रयोग बढ़ा है, जो नुकसानदेह है। आज लगभग साठ करोड़ लोग हिंदी बोलते, लिखते और पढ़ते हैं। यह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा है, पर भारत में अभी भी इसे पूरा सम्मान नहीं मिला। हिंदी को सशक्त, स्वस्थ और विश्व स्तरीय भाषा बनाने के लिए अंग्रेजी के विस्तार को कम करना होगा। हर तरह की शिक्षा हिंदी में हो और विज्ञान तथा ज्ञान की पुस्तकें हिंदी में उपलब्ध हों। यह लड़ाई आसान नहीं है, लेकिन हिंदी को शिक्षा से बाहर नहीं हटाना चाहिए। देश में हिंदी को स्थापित करने की जिम्मेदारी सरकार और राजनीतिक इच्छाशक्ति की है। हिंदी सदियों से संघर्ष कर जिंदा है। आज सम्राट मुंशी प्रेमचंद नहीं हैं, लेकिन कोई भारतेन्दु, महादेवी वर्मा जरूर आएगा। द्विवेदी युग फिर आएगा। हिंदी प्रेमी निराश न हों, हिंदी रहेगी। हिंदी पखवाड़े में जकड़ी नहीं जाएगी, इसे हर रोज मनाना होगा। हिंदी प्रेम की भाषा है, इसे प्रेम से विश्व की भाषा बनाना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# हिमाचल में मानसून इस बार छोड़ गया गहरा दर्द और सूनापन



**नरेंद्र भारती**
स्वतंत्र टिप्पणीकार



देवभूमि हिमाचल को सूनापन देकर आखिरकार 99 दिन तक तबाही मचाने वाला मानसून लौट गया। 29 सितंबर को लौटने वाला मानसून तीन दिन पहले 26 सितंबर को ही लौट गया। 20 जून को हिमाचल पहुंचा दक्षिण पश्चिम मानसून लोगों को ताउम्र याद रहेगा। सितंबर 2025 तक, हिमाचल प्रदेश में मानसून के कारण 47 बादल फटने, 98 अचानक बाढ़ और 148 बड़े भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 454 लोगों की मौत हुई है, 50 लोग अभी लापता हैं और लगभग 498 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में से 264 लोगों की जान वर्षाजनित घटनाओं और 190 की सड़क दुर्घटनाओं में जान गई है।

प्रदेश को 4881 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है और 15022 संरचनाओं को क्षति हुई है, जिसमें 9230 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। भयावह त्रासदी के बाद अब जीवन पटरी पर लौटने लगा है। त्रासदी में खोये अपनों के गम में रात दिन रोते रहे लोगों की आखों के आंसू सूख चुके हैं। आखें पथरा गई हैं क्योंकि आखों के सामने सब उजड़ गया। अपनों को खोने का गम क्या होता है, यह वही जान सकता है जिसने आंखों के सामने अपनों को बहते देखा हो। अब जब मुआबजा मिलेगा, तभी नए आशियाने बन सकते हैं। उम्र भर की पसीने की कमाई से बनाए घर तबाह हो गए।

पलभर में सब तबाह हो गया। आलिशान आशियाने मिट्टी में मिल गए, अब मलबे के ढेर ही बचे हैं। बेरहम मानसून ने कई घरों के चिरागों को बुझा दिया। मानसून की तबाही में किसी ने अपना भाई खोऐ, किसी के सिर से बाप का साया उठ गया। कई माताओं-बहनों के माथे का सिंदूर मिट गया। सामाजिक संस्थाओं ने आपदा से ग्रस्त हुए लोगों की निस्वार्थ सहायता करके मानवता की मिसाल पेश की हैं। सराज से तबाही का आगाज हुआ, जहां बहुत ही खौफनाक मंजर हुआ था। 99 दिन तक मानसून ने ऐसी इबारत लिखी कि हर इंसान खौफ के साए में जीने को मजबूर हो गया था। लोग बरसात के डर से रात भर जागते रहते थे कि पता नहीं बरसात कब आफत बनकर कहर ढाएगी। मानवीय तबाही से लोग एक डरावने माहौल में दिन काट रहे थे। बीते सालों 2018, 2022, 2023, 2024 में हुई तबाहियों के जख्म अभी तक नहीं भर पाए हैं। चार वर्ष से तबाही ही तबाही हो रही है। गत वर्ष 2024 में आनी के निरमंड में बादल फटने से समेज गांव में बहुत त्रासदी हुई, जहां 45 लोग बेमौत मारे गए थे । 2025 में सैंज के पंग्लीयूर में एक ही परिवार के नौ लोग मारे गए।

आनी में भी एक ही परिवार के आठ लोग मकान के जमींदोज होने से जिंदा दफन हो गए। सरकार को चाहिए कि प्रत्येक गांव से लेकर शहरों तक आपदा प्रबंधन कमेटियां गठित करनी चाहिएं जिसमें डाक्टर्स, नर्स व अन्य प्रशिक्षित स्टाफ रखना चाहिए ताकि त्वरित कारवाई करके लोगों को मौत के मुंह से बचा सके। अकसर देखा गया है कि जब तक आपदा प्रबंधन की टीमें घटनास्थलों पर पहुंचती हैं, तब तक बची हुई सांसें उखड़ जाती हैं। लाशों के ढेर लग जाते हैं। अगर समय पर आपदा ग्रस्त लोगों को प्राथमिक सहायता मिल जाए तो हजारों जिदंगियां बचाई जा सकती हैं।

प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सरकार को कॉलेजों व स्कूलों में भी मॉकड्रिल जैसे आयोजन करने चाहिएं ताकि अचानक होने वाली आपदाओं से अपना व अन्य का बचाव किया जा सके। स्कूलों व कॉलेजों मे चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना व स्काउट एंड गाइड के स्वंयसेवियों को आपदा से निपटने के लिए पारंगत किया जाए। अगर यही स्वयंसेवी अपने घर व गांवों में लोगों को आपदा से बचने के तरीके बताएं तो काफी हद तक नुकसान को कम किया जा सकता है। सरकार को चाहिए कि आपदा से बचाव के लिए प्रत्येक विभाग के कर्मचारियों को पूर्वाभ्यास करवाया जाए ताकि वह समय पर काम आ सके।

पुलिस व अग्शिमन के कर्मचारियों को भी समय-समय पर ऐसे आयोजन करते रहना चाहिएं। अगर सभी लोग आपदा से बचाव के तरीके समझ जाएंगे तो तबाही कम हो सकती है। प्रकृति के प्रकोप से बचना है तो हमें अपनी जीवन शैली बदलनी ही होगी, प्रकृति से छेड़छाड़ बंद करनी होगी। अगर अब भी मानव ने प्रकृति पर अत्याचार बंद नहीं किया तो प्रकृति अपना बदला लेती रहेगी और मानव को सबक सीखाती रहेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भगत सिंह जैसे शहीदों का बलिदान और आजादी की भावना



**डॉ. कमल के. प्यासा**
परुथी 108/6, द्वितीय तल
लोअर समखेतर, मंडी



यह आम बात है कि जब कोई कमजोर होता है, तो हर कोई उसे दबाने की कोशिश करता है। प्रकृति का नियम है कि वही जीवित रहता है जो परिस्थितियों का सामना कर सके। कमजोर का कहीं भी अस्तित्व नहीं होता, चाहे वह इंसान हो या कोई अन्य जीव। आज का समाज भी इसी स्थिति में है, जहां हर कोई केवल अपने फायदे के लिए लूट-खसूट में लगा रहता है। इसी तरह पहले अंग्रेजों ने भी विश्व के कई देशों को अधीन कर लूटा। भारत में भी उनकी लूट और अत्याचारों का सिलसिला जारी रहा।

अंग्रेजों के भारत आगमन के बाद ही उनके विरुद्ध कई विद्रोह शुरू हो गए थे, जिनमें बंगाल का सैनिक विद्रोह, चुआड़ विद्रोह, संथाल विद्रोह, भूमिस विद्रोह आदि प्रमुख थे। ये विद्रोह 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रूप में एक बड़े विस्फोट में बदल गए। इसके बाद भी अंग्रेजों के खिलाफ निरंतर विरोध होता रहा। पंजाब का कूका विद्रोह भी स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 1915 में रास बिहारी बोस और शाचिंद्र नाथ सेन्याल ने बंगाल, बिहार, दिल्ली, राजपूताना, पंजाब से लेकर पेशावर तक कई छावनियाँ स्थापित कीं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का गठन किया, जिससे देश के कोने-कोने से युवा क्रांतिकारी संगठित होने लगे।

इसी बीच पंजाब के एक किसान सिख परिवार में जन्मे सरदार भगत सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम में अमिट छाप छोड़ी। उनका जन्म 28 सितंबर 1907 को पंजाब के गांव बंगा (अब पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता किशन सिंह और चाचा उपनिवेशीकरणविधेयक के विरोध में जेल में थे, इसलिए उनकी दादी ने उनके जन्म की खुशी में उनका नाम भगत सिंह रखा। उनकी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी पाठशाला और लाहौर कॉलेज में हुई। 1919 में जालियांवाला बाग हत्याकांड ने 12 वर्षीय भगत सिंह को झकझोर दिया। वे पैदल 12 मील चलकर वहां गए। 1922 में चौरी-चौरा कांड के बाद महात्मा गांधी से संतोष न मिलने पर उन्होंने अहिंसा से विश्वास उठाया और समझा कि स्वतंत्रता के लिए हथियार उठाना जरूरी है। वह चंद्रशेखर आजाद से मिले और गदर पार्टी में शामिल हुए। काकोरी कांड में राम प्रसाद बिस्मिल समेत कई क्रांतिकारियों की सजा से वे निराश हुए और हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ गए।

1928 में साइमन कमीशन के विरोध में लाला लाजपत राय पर पुलिस लाठीचार्ज हुआ, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। यह घटना भगत सिंह के लिए गहरा आघात थी। बदला लेने के लिए उन्होंने साथी राजगुरु के साथ 17 सितंबर 1928 को सहायक पुलिस अधीक्षक सांडर्स की हत्या की। पहचान छुपाने के लिए उन्होंने बाल कटवाकर होली बदल ली। 8 अप्रैल 1929 को भगत सिंह, बटुकेश्वर दत्त और चंद्रशेखर आजाद ने ब्रिटिश भारतीय असेंबली में बम फेंका, पर भागे नहीं। गिरफ्तार होकर उन्हें दो साल की सजा मिली। जेल में 64 दिन की भूख हड़ताल की, जिसमें यतीन्दरनाथ की मृत्यु हो गई। भगत सिंह ने जेल में लेखन और पढ़ाई जारी रखी। वे कहते थे कि मुझे मार सकते हो, पर मेरे विचारों को नहीं। मेरा शरीर कुचला जा सकता है, पर मेरी आत्मा नहीं।

वे मानते थे कि क्रांति मानव का अविभाज्य अधिकार है और स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार। 29 अगस्त 1930 को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराधी घोषित किया गया। 7 अक्तूबर 1930 को उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई। लाहौर में धारा 144 लागू की गई। प्रिवी काउंसिल में फांसी रद्द करने की याचना खारिज हो गई। कांग्रेस नेताओं के प्रयास विफल रहे। अंतत: 23 मार्च 1931 को तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दी गई। कहते हैं कि फांसी से पहले भगत सिंह लेनिन की जीवनी पढ़ रहे थे और उन्होंने कहा, 'अब चलो।' फांसी की ओर जाते हुए वे यह गीत गा रहे थे 'मेरा रंग दे बसंती चोला, मां, माए रंग दे बसंती चोला।'

अंग्रेजों को इतना डर था कि उन्होंने शहीदों की मृत्यु की सूचना जनता से छुपाई। उन्होंने शहीदों के शवों को टुकड़ों में बांटकर जलाने का प्रयास किया, ताकि लोगों को पता न चले, पर गांव वालों ने उनकी इस कोशिश को नाकाम करते हुए सम्मानपूर्वक दाह संस्कार किया। आज हम आजाद भारत में रहकर स्वतंत्रता के सुख भोग रहे हैं, जो अनगिनत देशभक्तों के बलिदान का परिणाम है। मेरा उन सभी शहीदों को शत-शत नमन।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नशे के कारोबार में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी गहरी चेतावनी



**केशव शर्मा 'रसिक'**
स्वतंत्र टिप्पणीकार
घुमारवीं, बिलासपुर (हिप्र)



समाज में नशा एक ऐसा जहर बन चुका है, जो युवाओं, परिवारों और पूरी पीढ़ी को खोखला कर रहा है। नशे का शौक पहले केवल पुरुषों तक ही सीमित हुआ करता था, परंतु धीरे-धीरे आधुनिकता की होड़ में अब इसमें महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज के लिए और भी गंभीर खतरे का संकेत है। नशे के काले धंधे में अब महिलाएं केवल उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि कारोबार का हिस्सा बनती जा रही हैं। आर्थिक तंगी, बेरोजगारी, लालच और दबाव जैसे कई कारण महिलाओं को इस गलत रास्ते पर धकेल रहे हैं।

एक ओर जहां महिलाएं घर और समाज की आधारशिला मानी जाती हैं, वहीं दूसरी ओर उनका इस गंदे कारोबार में शामिल होना आने वाली पीढ़ी पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। कल तक संभालती थी जो नारी घर-संसार, आज वही कर रही नशे का गंदा कारोबार। हिमाचल प्रदेश में स्थानीय अभियान व अन्य रिपोर्टों के अनुसार गत 2 वर्षों में लगभग 100 महिलाओं को ड्रग तस्करी के विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किया गया है, जिसमें पुलिस ने महिला तस्करों व पेडलरों की गिरफ्तारी और हेरोइन व चिट्टा जैसे नशीले पदार्थों की भारी मात्रा में बरामदगी की है। नशे के कारोबार में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से कानून व्यवस्था की चुनौतियां भी और कठिन होती जा रही हैं। कई बार महिलाएं कानून से बचने के लिए ढाल बनती हैं, जिससे पुलिस और प्रशासन को कार्रवाई करने में मुश्किल होती है।

यह प्रवृत्ति न केवल परिवारों को तोड़ रही है, बल्कि समाज की जड़ों को भी हिला रही है। नशे के इस गंदे कारोबार से महिलाओं को बाहर निकालने के लिए सरकार को जहां और कड़े कानून बनाने की आवश्यकता है, वहीं महिलाओं के नाम पर चल रहे नशे के कारोबार पर विशेष अभियान चलाकर पुलिस को और प्रभावी बनाया जाए तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गरीब और बेरोजगार महिलाओं को स्वरोजगार व कौशल विकास योजनाओं से जोड़ा जाए। इसके अलावा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जाएं। सरकार के साथ-साथ हर परिवार को भी सतर्क रहना चाहिए और यह देखना चाहिए कि महिलाएं किसी गलत संगत या दबाव में न आएं। इस समस्या को जड़ से मिटाने के लिए स्वयंसेवी संगठन, महिला मंडल और पंचायतें मिलकर नशा विरोधी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा जो महिलाएं इस कारोबार में फंस चुकी हैं, उनके लिए पुनर्वास केंद्र और काउंसिलिंग की व्यवस्था की जाए।

इसके अतिरिक्त क्योंकि महिलाएं प्राय: परिवार में बच्चों पर प्रभाव डालती हैं, इसलिए युवाओं के लिए नशा मुक्ति कार्यक्रम भी ज्यादा प्रभावी ढंग से चलाए जाएं। इस बढ़ती भागीदारी को रोकने के लिए सरकार, समाज और परिवार, तीनों को मिलकर प्रयास करने होंगे। महिलाओं को आर्थिक अवसर, आत्मनिर्भरता और जागरूकता देना सबसे अहम कदम है।

शिक्षा और संस्कारों के साथ-साथ प्रशासनिक सख्ती भी जरूरी है, ताकि नशे के इस अंधकारमय जाल को तोड़ा जा सके। नशे के कारोबार में महिलाओं की भागीदारी केवल अपराध की समस्या नहीं है, बल्कि यह समाज की नैतिकता और संतुलन पर भी चोट है। यदि समय रहते सख्त कदम न उठाए गए तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। इसलिए सरकार, समाज और परिवार—तीनों को मिलकर इस बढ़ती प्रवृत्ति को रोकना ही होगा, अगर अब भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया, तो आने वाली पीढ़ियां एक असुरक्षित और खोखले समाज की विरासत पाएंगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# विक्रमादित्य के खिलाफ लगे मुर्दाबाद के नारे

## थलौट से पंडोह शिफ्ट किए लोक निर्माण विभाग के मंडल कार्यालय के निर्णय के खिलाफ खोला मोर्चा

नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** थलौट से पंडोह शिफ्ट किए गए लोनिवि के मंडल कार्यालय के निर्णय के खिलाफ शनिवार को थलौट फिर गर्माया रहा। इस दौरान द्रंग एवं बालीचौकी से आए विभिन्न संगठनों के लोगों ने अलग-अलग से सरकार एवं विभाग के खिलाफ मोर्चा खोला। इस अवसर पर दरंग भाजपा मंडल ने अपने मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में मंडल कार्यालय को शिफ्ट करने पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के डिवीजन को शिफ्ट करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विक्रमादित्य सिंह के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए।

भाजपा के स्थानीय मंडल के अध्यक्ष मेहर चंद भारती ने सरकार के इस निर्णय को जनता के खिलाफ बताया और कहा कि अगर निर्णय की वापस नहीं लिया गया तो भाजपा उग्र प्रदर्शन कर एनएच पर चक्का जाम करेगी। उन्होंने इस विषय पर पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर की चुप्पी को लेकर उन्हें आड़े हाथों लिया। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत औट के प्रधान भूषण वर्मा ने भी प्रदेश सरकार के इस निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां बरसात में बालीचौकी और द्रंग क्षेत्र की 80 प्रतिशत सड़कें बंद है, वहीं सरकार संस्थान को शिफ्ट करने पर तुली है, जो निंदनीय है। इस दौरान द्रंग भाजपा नेत्री भानू कपूर ने भी मंडल कार्यालय शिफ्ट करने पर सरकार की घेरेबंदी की।

दूसरी ओर बालीचौकी क्षेत्र के लोगों ने भी अधिशासी अभियंता थलौट के कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को किसान सभा राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा, कांग्रेस सराज पूर्व मंडल अध्यक्ष टेक सिंह चौहान और किसान नेता नरपत राम ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अधिशाषी अभियंता थलौट की कार्यप्रणाली पूरी तरह से संदेह के घेरे में है,और जो लगातार सरकार को गुमराह कर रहे हैं। इन नेताओं ने कहा अब जबकि अधिकांश सड़के बंद पड़ी हुई है, भवन के निर्माण कार्य अधूरे पड़े है, लेकिन अधिशासी अभियंता सड़के खोलने के बजाय अपने निजी जुगाड़ में लगे हैं। इस दौरान सराज कांग्रेस के पूर्व मंडल अध्यक्ष टेक सिंह चौहान और नरपत राम ने सरकार से कार्यालय शिफ्ट करने के निर्णय पर पुनर्विचार की गुहार की।



### विरोध-प्रदर्शन के दौरान थलौट स्थित मंडल कार्यालय में तालाबंदी

**लोगों** के विरोध-प्रदर्शन के दौरान थलौट स्थित मंडल कार्यालय में तालाबंदी रही। कार्यालय के मुख्य गेट पर अंदर से तालाबंदी की गई थी। हालांकि कार्यालय में कार्यरत अधिकांश कर्मचारी कार्यालय की बालकनी में टहलते नजर आए। इस पर जब अधिशाषी अभियंता विनोद कुमार शर्मा से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि कार्यालय पंडोह शिफ्ट हो गया है, इसलिए थलौट कार्यालय आज बंद था।

# प्रदेश में विचित्र फैसलों के निर्णय लेने के लिए जानी जाएगी कांग्रेस सरकार : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान, बालीचौकी

प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की सरकार विचित्र फैसलों के निर्णय लेने के लिए जानी जाएगी। प्रदेश में खोले गए संस्थानों को बंद करना और बदलकर दूसरी जगह स्थानांतरण कर देना सुक्खू सरकार की प्राथमिकता है। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कही है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस सरकार ने सराज के थुनाग स्थित बागवानी एवं वानिकी कॉलेज को बदलकर दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर दिया। अब पीडब्ल्यूडी थलौट के मंडलीय कार्यालय को थलौट से पंडोह शिफ्ट करना सरकार का अजीबोगरीब फैसला है, जो स्वीकार नहीं होगा।



नेता प्रतिपक्ष ने कहा आपदा के दौर से अबतक हिमाचल बाहर नहीं निकल पाया है, लेकिन सरकार संस्थानों को बदलने के काम में लगी हुई है। उन्होंने कहा पीडब्ल्यूडी का थलौट मंडल कार्यालय दो विधानसभा सराज और दरंग के लोगों की सहूलियत के लिए खोला गया था, जिसका फैसला भौगोलिक और प्रशासनिक दृष्टि से लिया गया था। जयराम ने कहा कि इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के सचिव से बात करने पर उन्होंने बताया कि मंडल कार्यालय स्थानांतरण की उन्हें जानकारी नहीं है, जबकि पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य से पूछने पर उन्होंने बताया कि थलौट में स्थिति कार्यालय को निजी भवन में चलाने का किराया देना पड़ता था और पंडोह में किराया नहीं चुकाना पड़ेगा। नेता प्रतिपक्ष ने रातों रात मंडल कार्यालय का सामान उठाकर शिफ्ट करने के कार्य का विरोध किया है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि जिस स्थान पर पहले कार्यालय को खोला गया था उसे दोबारा वहीं पर शुरू किया जाए, वहीं मंडल कार्यालय को शिफ्ट करने के मुद्दे पर बालीचौकी भाजपा ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

### संस्थानों को बंद व बदलकर दूसरे स्थान पर शिफ्ट करना सुक्खू सरकार की प्राथमिकता

भाजपा के मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया और प्रदेश सरकार से 2 दिन के भीतर कार्यालय शिफ्ट करने की अधिसूचना वापिस लेने की मांग की और कहा कि निर्धारित अवधि के बाद भाजपा के लोग थलौट स्थित एनएच पर चक्का जाम करेंगे, वहीं मंडल कार्यालय शिफ्ट करने के विरोध में ब्लॉक समिति बालीचौकी ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें कार्यालय को थलौट में यथास्थिति रखने की मांग की गई है। पंचायत समिति अध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रस्ताव की कॉपी मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री को भेजी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### अपने देश के साथ जोड़ती है हिंदी भाषा: निशा

**अनंत ज्ञान, बरोट।** बरोट स्कूल में हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसकी अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य राजकुमार ठाकुर ने की। कार्यक्रम की संयोजिका प्रवक्ता हिंदी निशा ठाकुर ने प्रधानाचार्य का स्वागत किया। निशा ने कहा हिंदी एक भाषा है, जो हमें अपने देश के साथ जोड़ती है। हिंदी हमें अपने देश की एकता में मदद करती है और हमें अपने देश की प्रगति में मदद करती है। अतः हमें हिंदी का महत्व समझना चाहिए और इसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। हमें हिंदी में बोलना, पढ़ना, लिखना चाहिए व हिंदी के साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। बच्चों के द्वारा चित्रकला, नारालेखन, कविता पाठ और हिंदी भाषा के महत्व पर भाषण दिया गया।

### धर्मपुर में संस्था ने प्रभावितों को बांटे 51 हजार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर क्षेत्र में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता हेतु हीलिंग मांउटेन फाउंडेशन के सदस्यों ने सभी युवाओं के सहयोग से 51,000 रुपए की सेवा राशि एकत्रित कर आज बाढ़ प्रभावित सहारा समिति धर्मपुर के अध्यक्ष को प्रदान की। यह सहयोग प्रभावित परिवारों की आवश्यक जरूरतों को पूरा करने और राहत कार्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दिया गया। संस्था के प्रतिनिधि राहुल भंडारी ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रत्येक व्यक्ति और संगठन का यह कर्तव्य बनता है कि वह जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आए। हीलिंग मांउटेन फाउंडेशन समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में सदैव तत्पर रहा है और आगे भी हर संभव सहयोग करता रहेगा। हीलिंग मांउटेन फाउंडेशन समय-समय पर विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक और आपदा प्रबंधन संबंधी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है और समाज के उत्थान के लिए लगातार कार्यरत है।

### शिक्षकों ने सीखे प्रश्न पत्र तैयार करने के टिप्स

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रदेश सरकार द्वारा समग्र शिक्षा के तहत सरकारी स्कूलों में कार्यरत 35 हजार प्राथमिक शिक्षकों के लिए मूल्यांकन को लेकर प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को विद्यार्थियों का सतत् एवं समग्र मूल्यांकन की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। शुक्रवार को जोगिंद्रनगर में शुरू हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने प्रश्न पत्र तैयार करने के टिप्स सीखे और समूह बार प्रश्न पत्र तैयार कर उसका प्रदर्शन भी किया। प्रशिक्षण के समापन पर उपनिदेशक मंडी (क्वालिटी) मीना राठौर ने विशेष रूप शिरकत की और प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे शिक्षकों से प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीखे गए टिप्स को स्कूलों में जाकर उपयोग में लाने का आग्रह भी किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षा खंड द्रंग- 1, द्रंग- 2, चौंतड़ा चौंतड़ा- 1 व चौंतड़ा चौंतड़ा- 2 के 59 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षक संदीप कुमार राय ने बताया कि जोगिंद्रनगर में अब तक 700 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस दौरान सहायक प्रशिक्षक राजेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

### गांधी जयंती पर निकाली जाएगी प्रभात फेरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्तूबर को मंडी शहर में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि प्रभात फेरी सुबह 6 बजे सेरी मंच से आरंभ होगी। यह प्रभात फेरी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या, बालकरूपी मंदिर, चौबाटा बाजार, भगवाहन मोहल्ला, सनातन धर्म सभा और पोस्ट ऑफिस से होकर पुनः सेरी मंच पहुंचेगी। इसके उपरांत संकन गार्डन कॉम्प्लेक्स की परिक्रमा करते हुए गांधी चौक पर संपन्न होगी, जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। प्रभात फेरी के उपरांत गांधी भवन में सर्वधर्म प्रार्थना और कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा। उपायुक्त ने नगर निगम को गांधी चौक के आसपास सफाई व्यवस्था और सजावट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### सरोजिनी नायडू सदन ने झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत केरल के व्यंजनों की हाउस स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सरोजिनी नायडू सदन की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कल्पना चावला और लक्ष्मीबाई सदन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत और व्यंजनों को समझना और उनका आदान-प्रदान करना था। स्कूल प्रभारी विनोद गुलेरिया ने बताया कि यह पहल बच्चों में देश की विविध संस्कृतियों को जानने का उत्साह बढ़ाती है। उप प्रधानाचार्य रविकांत ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ती हैं।

### छात्रों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में आज नशा मुक्ति भारत अभियान और ड्रग मॉनिटरिंग क्लब के तत्वावधान में नशा मुक्ति और तस्करी पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसएचओ जोगिंद्रनगर सकीनी कपूर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। सकीनी कपूर ने अपने संबोधन में छात्रों को नशे की लत और उससे होने वाले खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उत्तर भारत और हिमाचल प्रदेश में नशे की बढ़ती स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि यह सामाजिक ढांचे को कमजोर कर रहा है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे नशे के दुष्चक्र से दूर रहें, 'नशे को ना कहना सीखें' और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए एक संदेशवाहक बनें।कार्यक्रम के अंत में छात्रों को नशीली दवाओं का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। समापन भाषण वरिष्ठ एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपक मोहन ने दिया। उन्होंने छात्रों को नशे के खतरों के प्रति सतर्क रहने और समाज में नशा मुक्ति के संदेश को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर डॉ. श्रवण सिंह, डॉ. अतुल, प्रो. आरती शर्मा और प्रो. अनीता देवी सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

### भरत मिलाप: राम परिवार का भावपूर्ण मिलन

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** धनोटू-घांघल मार्ग पर स्थित गूग्गा जाहरपीर मंदिर के सामने रामलीला मंच पर शुक्रवार को रामायण की चौथी कथा का भव्य मंचन हुआ। नाटक में दिखाया गया कि राजा दशरथ के निधन पर अयोध्या में शोक की छाया थी और संस्कारों के लिए राजकुमारों की उपस्थिति आवश्यक थी। इस संकट में भरत और शत्रुघ्न को उनके ननिहाल से लाने का आदेश दिया गया। भरत ने कैकयी को खरी-खोटी सुनाई और विलाप करते हुए राम को राजगद्दी संभालने के लिए मनाने वनवास के लिए निकले। मार्ग में निषादराज से भेंट हुई, जिन्होंने उनका सहयोग किया। राम, सीता और लक्ष्मण के केवट नदी पार करने के बाद परिवार का मिलन हुआ। भरत ने साफ किया कि वे राजगद्दी पर नहीं बैठेंगे, पर राज्य का पालन-पोषण करेंगे और वनवास समाप्त होने पर राम ही राजा बनेंगे। भरत की खड़ाऊं राजगद्दी पर विराजित की जाएगी। भावपूर्ण मिलन के बाद सभी अपने-अपने स्थान लौटे। यह नाटक प्रेम, त्याग और कर्तव्य का अद्भुत चित्रण था, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

# भाजपा नेत्री को बुलाने पर कार्यक्रम रद्द शिक्षा के मंदिर में राजनीति का हस्तक्षेप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

- बीवॉक पर्यटन विभाग का आयोजन विवादों में
- भाजपा बनाम कांग्रेस की वैचारिक खींचतान उजागर

अंतरराष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर वीजीसी बीवॉक के पर्यटन विभाग द्वारा एक निजी होटल में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम को अचानक रद्द कर दिया गया। कार्यक्रम का विवादास्पद रद्द होना इस वजह से बताया जा रहा है कि इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री अनुपमा सिंह को आमंत्रित किया गया था।

सूत्रों के अनुसार, पर्यटन विभाग ने बाकायदा अनुपमा सिंह को आमंत्रण भेजने की प्रक्रिया शुरू की थी और उनसे समय मांगा गया था। शनिवार सुबह उन्होंने अपनी सहमति भी दे दी थी। लेकिन विभाग की एक महिला प्रोफेसर, जो कांग्रेस विचारधारा से जुड़ी मानी जाती हैं, ने इस आमंत्रण पर आपत्ति जताई और मामला कॉलेज प्रिंसिपल के समक्ष रखा।

इसके बाद विवाद ने तूल पकड़ लिया। आरोप है कि प्रिंसिपल ने कांग्रेस सरकार में भाजपा नेत्री को बुलाए जाने पर कड़ा रुख अपनाया और विभाग को चेतावनी दी। अंततः कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया और विभाग को भविष्य में अनुशासनात्मक कार्रवाई की धमकी भी दी गई।

### अनुपमा ने जताया दु:ख

**भाजपा** नेत्री अनुपमा सिंह ने इस घटनाक्रम पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि गत रोज मुझसे समय मांगा था और मैंने सहमति दे दी और मैंने औपचारिक निमंत्रण भेजने का भी आग्रह किया था, लेकिन बाद में मुझे सूचित किया गया कि चूंकि आप मुख्य अतिथि हैं, इसलिए कार्यक्रम ही रद्द कर दिया गया है। यह अत्यंत दुखद और चिंताजनक है कि शैक्षणिक संस्थानों में इस स्तर की राजनीति हावी हो रही है। भाजपा नेत्री ने समाज और मीडिया से अपील की है कि इस घटना को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिरों में इस तरह की घटिया राजनीति के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए और इस प्रवृत्ति पर तुरंत अंकुश लगाया जाना चाहिए।

# पधर की बेटी सिमरन बनी जज

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र के लिए आज का दिन ऐतिहासिक और गर्व से भरा हुआ है। पधर उपमंडल के डलाह वार्ड से जिला परिषद सदस्य रविकांत की सुपुत्री सिमरन ने न्यायिक सेवा (जज) परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पिता रविकांत ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बेटी की इस उपलब्धि से पूरा जिला गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि सिमरन ने कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय से यह सफलता प्राप्त की है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। सिमरन की प्रारंभिक शिक्षा भारतीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल पधर से हुई। इसके बाद उन्होंने लॉ की पढ़ाई काला अंब से पूरी की व न्यायिक सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए राहुल आईएएस इंस्टीट्यूट, दिल्ली से कोचिंग प्राप्त की। अपनी सफलता का श्रेय सिमरन ने माता-पिता, गुरुजनों, दोस्तों व परिवारजनों को दिया।



# सुंदरनगर पुलिस ने 19 वर्षीय युवक को 481 ग्राम चरस सहित पकड़ा



चरस सहित पकड़ा 19 वर्षीय युवक पुलिस टीम के साथ।

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर टीम ने जिला बिलासपुर के घुमारवीं क्षेत्र के रहने वाले एक युवक के कब्जे से 481 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार किरतपुर-मनाली फोरलेन पर शनिवार को पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम एएसआई दौलत कटारिया के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल हंसराज सैनी, कांस्टेबल कुलदीप और सतीश कुमार द्वारा पुंघ में नाकाबंदी के दौरान सुंदरनगर से बिलासपुर की ओर जा रहे वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान सुंदरनगर की ओर से एक युवक बैग सहित पैदल हराबाग की ओर जा रहा था, जिसे पुलिस टीम ने शक के आधार पर चेकिंग के दौरान उसके बैग से 481 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की शिनाख्त सूर्यांश (19) पुत्र अनिल कुमार निवासी गांव व डाकघर कुठेहड़ा तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर के तौर पर हुई है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# नवदुर्गा उत्सव के साथ होगा रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के चौंतड़ा में इस बार शरद नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री नवदुर्गा समिति ने धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सामाजिक सेवा का भी अनूठा प्रयास किया है। समिति ने रक्तदान शिविर और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया है, जो सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। समिति के सदस्य नरेश अवस्थी ने बताया कि रक्तदान को महादान माना जाता है क्योंकि इससे जरूरतमंदों की जान बचती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नवरात्रि के उत्सव में भाग लेने के साथ-साथ इस सामाजिक सेवा में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहेंगे जो लोगों की जांच करेंगे और जरूरत पड़ने पर सलाह भी देंगे। इस पहल को स्थानीय लोग सामाजिक जिम्मेदारी और धार्मिक आस्था का सुंदर समन्वय मान रहे हैं, जो चौंतड़ा क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश के रूप में उभरा है।

# धार्मिक कार्यक्रम में शराब पीने और पिलाने के साथ शोर मचाना सख्त मना

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** लोगों की अटूट आस्था का प्रतीक चौहार घाटी में स्थित देवादि देव श्री देव पशाकोट के मूल स्थल मंठी बजगाण में नवरात्रि के उपलक्ष्य में देव पूजा-अर्चना के बाद देव कारज विधिवत संपन्न हुआ। इस दौरान चौहार घाटी की पांच पंचायतों के पंचायत प्रधान समस्त जनता, देवादि देव नारायण देवता के मुख्य गुर फूंगणी भगवती, देव पशाकोट गुर, माता नौणी गुर, भंडारी, पुजारी, दुमच, कडू, देव गहरी के मुख्य गुर सहित नाल डेहरा में स्थित देव पशाकोट मंदिर के वर्तमान व पूर्व कारदार और देवता के अन्य भक्तगण विशेष तौर से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सर्व सहमति से अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिसमें देव पशाकोट के मुख्य स्थल मंठी बजगाण और देव पशाकोट नाल डेहरा मंदिर में शराब और बियर पीना और पिलाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। देवता पशाकोट मंदिर के आसपास के क्षेत्र तथा पुराना सह से नालडेहरा मंदिर परिसर व देव बणी में आयोजित सभी धार्मिक आयोजन के दौरान या फिर किसी भी प्रकार पार्टी आदि का आयोजन करने दौरान शराब पीने और पिलाने के साथ-साथ शोर मचाना आदि सख्त मना किया गया है। देव पशाकोट के गोपनीय कारज, गुर खेल, पूजा अर्चना, नरोल कामकाज, हारका, गोपनीय वर्जित देव स्थान की फोटो और वीडियोग्राफी पूर्ण रूप से बंद की जाती है। देव पशाकोट के रथ के साथ पीठ टीका कर बैठना और फोटोग्राफी तथा वीडियोग्राफी करना समस्त लोगों के लिए निषेध रहेगा। देवता का निरादर तथा मनमानी करने पर पूरी तरह से सख्ती बरती कर और मन्याउणी ली जाएगी और उस व्यक्ति को दंडित किया जाएगा।



- चौहार घाटी के नालडेहरा मंदिर परिसर व देव बणी में लिया फैसला

इसके साथ-साथ सोशल मीडिया से मांग की गई है कि देव पशाकोट के नाम से अनधिकृत लोगों द्वारा बनाए गए सोशल मीडिया अकाउंट को तत्काल प्रभार से बंद किया जाए। सोशल मीडिया में देव पशाकोट से संबंधित मनमाने सोशल मीडिया से जुड़े समस्त फेसबुक तथा यूट्बरों से पोस्ट, ब्लॉग बनाकर किसी भी प्रकार की गलत जानकारी होने पर उनकी पूरी तरह से जवाबदेही तय की जाएगी। गलत पोस्ट के वायरल होने और देवता के मान-सम्मान में ठेस पहुंचने पर स्पष्टीकरण देना पड़ेगा।

# सरकाघाट में 1 से 3 अक्तूबर तक चलेगा विशेष प्रचार अभियान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मंडी जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा एक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सूचना एवं जन संपर्क विभाग के साथ संबंधित फोक मीडिया समूह, अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में जाकर गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे।

इस अभियान के दौरान नशा निवारण तथा प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसी क्रम में सरकाघाट क्षेत्र में 1 से 3 अक्तूबर तक बलद्वाड़ा, रोपा ठाठर, सैण, डोलन, छिम्बा बल्ह में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में सरकाघाट में पहली अक्तूबर को राधिका म्यूजिकल ग्रुप खुडला द्वारा प्रातः 11 बजे व ग्रांम पंचायत बल्द्वाड़ा व ग्रांम पंचायत भाम्बला के रोपा ठाठर में 2 बजे, जबकि हिमाचल संगीत कला केन्द्र मंच रसैण द्वारा 2 अक्तूबर को ग्रांम पंचायत खलारडू के सैण में प्रातः 11 बजे व ग्रांम पंचायत चौरी के डोलन में दोपहर 2 बजे कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। वहीं ग्रांम पंचायत पिंगला के छिम्बा बल्ह में 3 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार रहने का किया आह्वान



बी वॉक विभाग के विश्व पर्यटन सप्ताह के समापन अवसर पर छात्र।

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

- सरकाघाट कॉलेज में विश्व पर्यटन सप्ताह का समापन

**सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के बी वॉक विभाग द्वारा आयोजित विश्व पर्यटन सप्ताह का समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। डॉ. कौंडल ने अपने संबोधन में पर्यटन के महत्व पर जोर दिया और बी वॉक के छात्रों को इस उभरते हुए क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन एक ऐसा उद्योग है जो स्थानीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है। समापन समारोह में नजदीकी विद्यालयों पौंटा, नबाही और रखोह के शिक्षकों और छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे आयोजन को एक व्यापक मंच मिला। विभिन्न प्रतियोगिताओं में इन स्कूली छात्रों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को भी उनके उत्साह के लिए प्रमाण पत्र दिए गए।

# पॉडकास्ट प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा का तिलक हाउस अव्वल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में हिंदी पखवाड़े के समापन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गतिविधि कालांश के दौरान कक्षा आठवीं एवं नौवीं के विद्यार्थियों के मध्य सदनवार हिंदी पॉडकास्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता 27 सितंबर को संपन्न हुई।



पॉडकास्ट प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।

कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के लिए पॉडकास्ट का विषय कल्पना चावला रखा गया, जबकि कक्षा नौवीं के लिए वैज्ञानिक चेतना के वाहक चंद्रशेखर वेंकट रामन विषय निर्धारित किया गया। प्रत्येक पॉडकास्ट में एक विद्यार्थी ने रिपोर्टर की भूमिका निभाई और दो विद्यार्थी अतिथि बनकर शामिल हुए, जिससे प्रतियोगिता को जीवंतता और रोचकता प्राप्त हुई।

प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों गांधी, नेहरू, टैगोर और तिलक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा आठवीं तथा नौवीं से प्रत्येक सदन के तीन-तीन विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इसमें कक्षा आठवीं से तिलक हाउस ने प्रथम स्थान, गांधी हाउस ने द्वितीय और नेहरू हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और नौवीं से गांधी हाउस ने प्रथम, तिलक हाउस ने द्वितीय तथा टैगोर हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी पखवाड़े का समापन विद्यालय प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश भी दिया।

## कार्यक्रम: धर्मपुर एफपीओ ने सेवानिवृत्त बीडीओ की अध्यक्षता में मनाया स्थापना दिवस

# 3 हजार से अधिक शेयरों का लक्ष्य हासिल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा (एफपीओ) ने टिहरा रेस्ट हाउस में भव्य रूप से अपने तीसरे स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी दीवान चंद की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जबकि हिमको फेड के पूर्व सचिव बृजलाल शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में कर्नल बलबंत ब्राड़ी, कर्नल विधि चंद, डॉक्टर अशवनी राठौर, डॉ. दिनेश शर्मा समेत कई विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।



धर्मपुर एफपीओ ने टिहरा में मनाया तीसरा स्थापना दिवस।

तीन वर्षों में तीन हजार से अधिक शेयरधारकों के लक्ष्य को हासिल करने पर मुख्यातिथि बृजलाल शर्मा ने एफपीओ के सचिव भूपेंद्र सिंह, रजनी सकलानी सहित अन्य पदाधिकारियों को एनसीडीसी और मार्गदर्शक कंपनी की ओर से सम्मानित किया। साथ ही प्रोसेसिंग सेंटर सकोह, घरवासड़ा तथा कम्पोस्ट खाद तैयार करने वाले केंद्रों और उत्कृष्ट किसानों को भी सम्मानित किया गया।

धर्मपुर एफपीओ ने लौंगनी ग्राम पंचायत की 15 आपदा प्रभावित महिलाओं को शेयरधारक बनाकर सामाजिक समरसता का उदाहरण पेश किया। एनसीडीसी के क्षेत्रीय निदेशक ने मल्टी प्रोसेसिंग लघु उद्योग के लिए वित्तीय सहायता देने की घोषणा की।

पूर्व सैनिक सदस्यों की भागीदारी और अनुशासन से एफपीओ ने मजबूती पाई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के सलाहकार डॉ. अशवनी राठौर ने गुणवत्ता और मार्केटिंग पर जोर दिया। नाहन मेडिकल कॉलेज के डॉ. दिनेश शर्मा ने जैविक कृषि व स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। सहकारिता विभाग के ओमचंद ने महिलाओं की भागीदारी को सराहा, जबकि एफपीओ फेडरेशन के जोगिंदर वालिया ने इसे मंडी जिले के अन्य एफपीओ के लिए मॉडल बताया और सहयोग का आश्वासन दिया।

- आपदा प्रभावित महिलाओं को शेयरधारक बनाकर सामाजिक समरसता बढ़ाई

स्थापना दिवस समारोह जनसहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें साईं इटरनल फाउंडेशन, कर्नल बलबंत ब्राड़ी और कर्नल विधि चंद ने 21,000 रुपये का योगदान दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, उत्पाद प्रदर्शनी और हेल्थ कैम्प ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। धर्मपुर एफपीओ का यह सफल आयोजन स्थानीय किसानों और ग्रामीण समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरा है।

## न्यूज ब्रीफ

### शादी से घर लौट रहे युवक पर चाकू से हमला

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना मुख्यालय के साथ लगते मलाहत में शादी समारोह में आए युवकों पर एक युवक ने तेजधार हथियार से वार कर दिया। उक्त हमले में एक युवक गंभीर रुप से जख्मी हुआ है। जिसे आगामी उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया है। जबकि दूसरे युवक का उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस को दी शिकायत में एक युवक ने बताया कि यह अपने दोस्त के साथ मलाहत में एक शादी समारोह में आया था। यहां रास्ते में कुछ गाडियां खड़ी थी। इस दौरान एक गाड़ी में सवार होकर कुछ युवक वहां आ गए और इन्हें गालियां निकालने लगे। जब इसने गालियां निकालने से मना किया तो एक युवक गाड़ी से तेजधार हथियार लेकर आया और इन पर हमला बोल दिया। जिससे इनकी बाजुयों में चोटें आई है। उक्त हमले में इसके साथी को गंभीर चोटें आई है। जिसे आगामी उपचार के लिए पीजीआई रेफर कर दिया गया है। उधर, एसपी अमित यादव ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### बच्चों ने लगाई केरल और हिमाचली व्यंजनों की प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, क्षेत्रां में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों ने केरल और हिमाचल के पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। विद्याधियों ने सिड्डू, इडली, सांभर, डोसा, पतरोड, अप्पे, मालपूडे आदि व्यंजन बनाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद द्विवेदी ने सभी विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए उन्हें इनाम दिए। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक भी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को दी स्वच्छता और स्वास्थ्य की जानकारी

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** संत ढांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय, बीटन (ऊना) स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके जन्मदिवस 17 सितंबर 2025 को आरंभ किए गए राष्ट्रीय अभियान 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' तथा राष्ट्रीय पोषण अभियान 2025 के अंतर्गत संत ढांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय, बीटन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं एवं छात्रों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें हीमोग्लोबिन जांच तथा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण प्रमुख रहे। डॉ. प्रदीप एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों को पोषण, एनीमिया से बचाव, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े विषयों पर जानकारी दी।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियानी।** उपमंडल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जटहेड़ी, ऊना में 'वीर गाथा प्रोजेक्ट 5.0' के अंतर्गत एक प्रेरणास्पद एवं जागरूकता से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं कक्षा बारहवीं की छात्रा अंजली ठाकुर ने पीपीटी के माध्यम से परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा और कैप्टन अनमोल कालिया के अद्भुत जीवन साहस की कहानियों को साझा कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं की मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रक्षिता द्वितीय स्थान पर रहीं। कविता पाठ में बारहवीं की शिवानी ने अपनी ओजस्वी वाणी से प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं 11वीं की पलक शर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं। निबंध लेखन प्रतियोगिता में भी छात्रों ने वीरता, देशभक्ति और नैतिक मूल्यों पर सुंदर विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू रानी जी ने कहा कि वीर गाथा प्रोजेक्ट न केवल विद्यार्थियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रबल करता है, बल्कि उनमें नागरिक जिम्मेदारियों और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न करता है।

### रोवर्स एंड रेंजर्स शाखा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना की रोवर्स एंड रेंजर्स शाखा द्वारा बनौड़े महादेव में एक दिवसीय सफाई कार्यक्रम संपन्न किया गया । इस सफाई अभियान का उद्देश्य समाज को साफ सफाई के प्रति जागरूक करना एवं युवाओं को एक सकारात्मक दिशा दिखवाना है। इस अभियान के तहत बच्चों ने मंदिर परिसर को स्वच्छ करने में श्रमदान देकर मदद की एवं भजन कीर्तन करके परिसर को संगीतमय किया। इस अभियान में रोवर लीडर डॉक्टर शाम सिंह बैंस तथा रेंजर लीडर डॉक्टर श्रेयसी सिंह भी सहभागी रहे। इस आयोजन में मंदिर के पुजारी जयेंद्र पैनूली और मंदिर कमेटी प्रधान विजय कुमार का सहयोग रहा। इस अभियान को सफल बनाने में राजकीय महाविद्यालय ऊना की प्राचार्या डॉक्टर मीता शर्मा का विशेष सहयोग रहा उन्होंने अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं में देश और प्रकृति के प्रति जागरूक बनाने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी होते हैं ।

### दौलतपुर चौक स्कूल में करवाया कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर चौक में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन नोडल अधिकारी एवं संस्कृत प्रवक्ता मधु कोंडल के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत (केरल) की पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। कार्यकारी प्रधानाचार्य वासुदेव ठाकुर ने विद्यार्थियों की मेहनत व प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल छात्रों की दक्षता और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं बल्कि विभिन्न सांस्कृतिक परंपराओं को समझने और उनसे जुड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर अध्यापकगण अरुणा देवी, भारत भूषण शर्मा, मनोज ठाकुर, कंचन डोगरा, मधु शर्मा, तपस्या देवी, मोनिका देवी, रीना , पूजा सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

### चौकीमन्यार कॉलेज में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में 'स्वस्थ नारी, स्वास्थ्य परिवार' अभियान के अंतर्गत निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रेड रिबन क्लब, एनएसएस इकाई, महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर अस्पताल थाना कलां के सौजन्य से आयोजित हुआ, जिसमें एमएचएस यशवंत सिंह, एसएलटी भरत ठाकुर, एफएच डब्ल्यू सरिता देवी आशा कार्यकर्ता अनिता शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय में आकर इस आयोजन को मुर्त रूप दिया। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बलविंद्र सिंह राणा ने शिविर के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी। इस स्वास्थ्य जांच शिविर के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलविंद्र सिंह राणा ने सिविल अस्पताल थाना कलां के कर्मचारियों का विशेष रूप से धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर कविता कौशल, डॉक्टर रामकुमार नेगी, डॉ. राम सिंह, डॉक्टर सगुन डोगरा, प्रोफेशन नवीन शर्मा तथा समस्त कार्यालय स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### हवन यज्ञ कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी मंदिर में हर दिन विशेष हवन आयोजन किया जाता है, जिसमें सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। मंदिर के पुजारी बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ इस हवन को प्रारंभ करते हैं। हवन में वे अग्नि को आहुतियां देते हुए विश्व शांति और समग्र कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं।यह हवन समारोह मंदिर परिसर में पूरी श्रद्धा और धार्मिक भक्ति के माहौल में संपन्न होता है। स्थानीय श्रद्धालु और दर्शनार्थी इस पवित्र आयोजन को देखकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर के प्रबंधन का कहना है कि इस प्रकार का नियमित हवन न केवल वातावरण को पवित्र बनाता है, बल्कि समाज में सद्भाव और एकता भी बढ़ाता है। श्रद्धालु इस पावन आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और मंदिर परिसर में आस्था का माहौल देखते ही बनता है।

### भाजपा ने जीएसटी दरें कम होने के गिनाए फायदे

**अनंत ज्ञान, गगरेट (ऊना)।** जीएसटी बचत उत्सव के तहत भारतीय जनता पार्टी की ओर से दौलतपुर मंडल और गगरेट मंडल में मुबारिकपुर में विशेष जनजागरण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय बाजार में व्यापारी बंधुओं एवं उपभोक्ताओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें केंद्र सरकार की जनहितैषी नीतियों एवं जीएसटी सुधारों से अवगत कराया। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम मिन्हास ने की। व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ महंगाई कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजीव राजू, दौलतपुर मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर, गगरेट मंडल अध्यक्ष नितिन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और गरीब-कल्याणकारी नीतियों के कारण आज देशवासियों को राहत मिल रही है। वहीं पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा छोटे व्यापारियों, मध्यम वर्ग और उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देते आए हैं। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली, पर्चे वितरित किए और संवाद स्थापित कर जनता को योजनाओं की जानकारी दी।

---

उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने किया चिंतपूर्णी हिल्स में कैफे एवं रेस्टोरेंट का शुभारंभ, कहा-

# 250 करोड़ से बनेगा माता का भव्य भवन

- कैफे का मंदिर ट्रस्ट की संपत्ति पर आउटसोर्सिंग मॉडल के तहत होगा संचालन

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन को नए आयाम देने और आतिथ्य एवं सेवा क्षेत्र में युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुबारिकपुर स्थित चिंतपूर्णी हिल्स में नव-स्थापित '1971 कैफे एवं रेस्टोरेंट' का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहल श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए स्थानीय उद्यमशीलता और रोजगार को भी बढ़ावा देगी।

यह कैफे माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट की संपत्ति पर आउटसोर्सिंग मॉडल के तहत संचालित होगा। इस दौरान विधायक सुदर्शन बबलू, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, कैफे संचालक दक्ष नेगी व लक्ष्य वैद्य सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।


चिंतपूर्णी में पूजा-अर्चना करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री एवं अन्य ।

#### मंदिर से जुड़े पुजारियों को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से दिया ऑनलाइन प्रशिक्षण

**उपमुख्यमंत्री** ने बताया कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के भव्य भवन के निर्माण पर 250 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के लिए देवभूमि हिमाचल के पावन मंदिरों का संरक्षण, सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे धार्मिक पर्यटन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि मंदिर में लागू सुगम दर्शन प्रणाली ने भीड़ प्रबंधन के साथ-साथ वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को बड़ी सुविधा प्रदान की है। ऑनलाइन लंगर बुकिंग और ऑनलाइन दर्शन जैसी डिजिटल सेवाएं भी शुरू की गई हैं। इसके अतिरिक्त प्रसाद योजना के अंतर्गत मंदिर के लिए 56.26 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। फरवरी 2025 में मंदिर से जुड़े पुजारियों को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया गया है, ताकि पूजा-पद्धति की पवित्रता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

#### कार्यों की जानकारी लेकर दिए आदेश

**उपमुख्यमंत्री** ने माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में माता रानी की पावन पिंडी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उनकी पुत्री डॉ. आस्था अग्निहोत्री भी उपस्थित रहीं। ट्रस्ट के सहायक आयुक्त एवं एसडीएम सचिन ने उपमुख्यमंत्री को सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री ने मंदिर के विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

#### बेटी और दामाद के साथ मां के दरबार में भरी हाजिरी

**डिप्टी** सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने बेटी आस्था अग्निहोत्री और होने वाले दामाद एसडीएम सचिन शर्मा के साथ शारदीय नवरात्र में मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी। इस मौके पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी नव कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई और मां के दरबार में हाजिरी लगाई।

---

## पति ने पत्नी के खिलाफ घर के बाहर चस्पां दिए बदनामी के पोस्टर, मामला दर्ज

- पीड़िता का आरोप-पति उसे मानसिक तौर पर करता रहता है प्रताड़ित
- पीड़ित अध्यापिका हरोली के एक सरकारी स्कूल में है कार्यरत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला ऊना के हरोली विधानसभा क्षेत्र में एक हैरतअंगेज कारनामा सामने आया है जिसमें एक अध्यापिका ने अपने ही पति पर उसे बदनाम करने के आरोप लगाए हैं। साथ ही पति पर उसके चरित्र को लेकर पोस्टर भी चस्पाने के गंभीर इल्जाम जड़ें हैं। पीड़ित पत्नी ने पति की अजीबो-गरीब हरकतों को गंभीरता से लेते हुए मामले की शिकायत पुलिस थाना हरोली में दर्ज करवाई है।

पेशे से सरकारी स्कूल में तैनात अध्यापिका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 2013 को हो चुकी है और उसके बाद उनका एक बेटा भी 11 वर्ष का है। शादी के बाद से ही उसका पति उससे विवाद करता आया है। मामले को लेकर माननीय अदालत में तलाक का केस भी चला हुआ है। जिसकी पेशी अगले महीने है। 21 सितंबर को सांय मुझे और मेरे माता-पिता को बदनाम करने के लिए पोस्टर मेरे घर के बाहर लगाए हैं, जिनमें कई झूठे आरोप लगाकर मुझे बदनाम किया गया है और मेरे चरित्र पर भी उंगली उठाई है।

पीड़िता ने कहा कि इसी बीच उसका पति उसे मानसिक तौर पर प्रताड़ित करता रहता है और प्रताड़ना की हद तो तब हो गई जब वह 23 सितंबर को अपने घर से स्कूल के लिए जा रही थी तो उसके पति ने रास्ता रोककर कहा कि वह हर जगह पोस्टर लगाकर बदनाम कर देगा और धमकियां भी दी गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसका पति जगह-जगह उसकी बदनामी कर रहा है।

पीड़िता ने पति के विरूद्ध कार्रवाई के लिए हरोली पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई है जिस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि पीड़ित अध्यापिका जिला मंडी से संबंधित है जो कि मौजूदा समय में हरोली के एक सरकारी स्कूल में कार्यरत है। एसपी अमित यादव ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

---

### सिंचाई के मेन टैंक में रिसाव

**अनंत ज्ञान, ऊना।** समीपवर्ती टक्का गांव में सिंचाई के टैंक का रिसाव 3 साल के बाद भी बंद नहीं हो पाया है। इस समस्या से लोगों को आलू की फसल में पानी लगाने में समस्या आ रही है।

गांव के शिकायत कर्ता सुनील दत्त संजीव मोहन डिक्की ने बताया कि यह समस्या स्कीम के पुराने नंबर 20 और न्यू 2 नंबर में है। अब आलू की फसल को पानी का समय आ गया है।

आधे से जायदा लोगों के खेतों में पानी इसी टैंक से होकर जाता है। रिसाव इतना है कि पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इन लोगों ने विभाग से समस्या के समाधान की मांग उठाई है।

## पूजा शर्मा को चंडीगढ़ में बेहतर सेवाओं के लिए मिला पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



बंगाणा उपमंडल के गांव नाईली की पूजा शर्मा पत्नी विवेक शर्मा को चंडीगढ़ शिक्षण विभाग द्वारा गवर्नर गुलाब चंद कटारिया और राज्यसभा सदस्य सतनाम सिंह संधू की अध्यक्षता में मूल्यवान सेवाओं के लिए विशेष मान्यता पुरस्कार 2024-2025 दिया गया ।

उन्हें यह अवार्ड राष्ट्रीय चैनल किशोर मंच व डीटीएच चंडीगढ़ में व्याख्यान देने के लिए मिला। आपको बता दें पिछले दस वर्षों से पूजा शर्मा चंडीगढ़ शिक्षण विभाग में टीजीटी विज्ञान पद और वहीं उनके पति टेलीकॉम कंपनी में नेटवर्किंग पंजाब राज्य के पद पर सेवाएं दे रहे हैं।

उनके संस्कारों को आगे बढ़ाते हुए ओर हिमाचल का नाम रोशन करने पर कुटलैहड़ विधायक विवेक शर्मा, जिला पार्षद सत्या शर्मा, प्रधान विजय शर्मा, बीडीसी अध्यक्ष देवराज शर्मा व गांववासियों ने बधाई दी है ।

## जीएसटी पर रैली निकालकर किया जागरूक

**सुदीप सरोच, अनंत ज्ञान**

**मुबारकपुर।** क्षेत्र के पूर्व विधायकों ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को देश की अर्थव्यवस्था में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी सुधार बताया है। उनका कहना है कि जीएसटी के लागू होने से देशभर में कर प्रणाली अधिक पारदर्शी, सरल और एकीकृत हुई है।

पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, चैतन्य शर्मा और भाजपा जिला अध्यक्ष शाम मिनहास ने मुबारिकपुर में शनिवार को रैली निकाल सभी दुकानदारों व उपभोक्ताओं को जीएसटी से मिलने वाले लाभों के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने इस दौरान प्रेस वार्ता में कहा कि जीएसटी ने राज्यों के बीच कर संबंधी असमानताओं को समाप्त किया है और व्यापारियों के लिए एक समान कर ढांचा तैयार किया है। अब व्यवसायियों को अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग करों का भुगतान नहीं करना पड़ता, जिससे न केवल व्यापार में सरलता आई है, बल्कि समय और धन दोनों की बचत हो रही है उन्होंने कहा कि जीएसटी के माध्यम से सरकार को कर राजस्व में वृद्धि हुई है, जिससे विकास योजनाओं के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आधारित यह व्यवस्था भ्रष्टाचार को रोकने और कर चोरी पर नियंत्रण पाने में भी काफी सहायक सिद्ध हुई है। बताया कि जीएसटी के कारण छोटे और मध्यम उद्योगों को भी लाभ मिला है।


जागरूकता रैली निकालने के दौरान भाजपा नेता ।

---

## तुरकाल गांव की बेटी शशि वाला बनी सिविल जज

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**



**लठियानी।** जिला ऊना उपमंडल बंगाणा की पंचायत बुधान के छोटे से गांव तुरकाल की बेटी शशि वाला ने सिविल जज बनकर अपने परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस असाधारण उपलब्धि से क्षेत्र में गर्व और खुशी की लहर दौड़ गई है।

शशि वाला ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही राजकीय प्राथमिक पाठशाला बुधान से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने दसवीं की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान से तथा +1 व +2 की शिक्षा लठियानी स्कूल से करने के उपरांत शिक्षा के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की पढ़ाई के लिए पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी, जालंधर तक पहुंचाया। तकनीकी क्षेत्र में सफलता के बाद उन्होंने कानून के क्षेत्र में कदम रखते हुए एलएलबी की डिग्री पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला से प्राप्त की।

शशि वाला की इस सफलता के पीछे उनका मजबूत आत्मबल, निरंतर परिश्रम और पारिवारिक सहयोग रहा। उन्होंने इस अवसर पर अपने पिता विजय कुमार, माता विमला देवी, पति एडवोकेट सुनील और गुरुजनों का आभार व्यक्त किया। इस गौरवपूर्ण क्षण पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने शशि वाला को बधाई देते हुए कहा कि 'यह क्षेत्र की बेटी नहीं, पूरे समाज की प्रेरणा है।' उन्होंने शशि वाला बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह आने वाले समय में न्यायपालिका में अपनी सेवाओं से समाज को नई दिशा देंगी। शशि वाला की यह उपलब्धि न केवल महिलाओं को, बल्कि ग्रामीण परिवेश में पल रहे हर युवा को यह संदेश देती है कि मजबूत इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। यह केवल एक चयन नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक यात्रा की शुरुआत है। स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को शशि वाला से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

## प्रभु श्री राम 14 वर्षों के वनवास पर, भावुक हुआ पंडाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली में चल रहे शुद्ध रामायण मंचन के अंतर्गत चतुर्थ नवरात्रे पर शुक्रवार की रात प्रभु श्री राम जी को 14 वर्षों का वनवास मिलने का भावुक प्रसंग मंचित किया गया। मंच पर महारानी कैकेई और महाराजा दशरथ के संवाद ने पंडाल को भावुक कर दिया। मंचन के अनुसार महारानी कैकेई ने दशरथ से दो वरदान मांगे, पहले में अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राजतिलक और दूसरे में प्रभु श्री राम जी को 14 वर्षों का वनवास।

यह दृश्य जैसे ही मंच पर साकार हुआ, दर्शकों ने खड़े होकर तालियों और जयकारों से अभिनंदन किया। इसके पूर्व नारद, श्री राम और लक्ष्मण का संवाद प्रस्तुत किया गया, जिस पर पंडाल गूंज उठा और दर्शकों ने मंच कलाकारों की अदाकारी की सराहना की।

कलाकारों ने भावनाओं को इतनी सुंदरता से अभिव्यक्त किया कि दर्शक क्षणभर के लिए स्वयं उस युग में खो गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सिया क्लॉथ हाउस ऊना के प्रबंधक एवं दीवा फाउंडेशन के सीईओ अंकुश वर्जाता, हंसराज वर्जाता, ज्योति वर्जाता और गुड़िया रानी विशेष रूप से मुख्यतिथि के रूप में पधारे। अंकुश वर्जाता ने क्लब को 11,100 रुपए की राशि सहयोग स्वरूप भेंट की। उन्होंने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि वे पिछले 16 वर्षों से श्री राम नाटक क्लब हटली की सेवा करते आ रहे हैं और यह सब प्रभु श्री राम जी की अपार कृपा से संभव हो पाया है।

उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कारों का संचार होता है और बाल पीढ़ी को हमारी संस्कृति से जोड़ने का यह सबसे पवित्र माध्यम है। क्लब के प्रधान मदन सोनी ने मुख्यतिथियों और सभी आगंतुकों का धन्यवाद प्रकट किया। मंच संचालन विपिन साजन ने कहा कि क्लब हटली हर वर्ष बाल कलाकारों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास करता है।

छोटे-छोटे कलाकारों को मंच देकर अभिनय के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर दिया जाता है। यही कारण है कि क्लब न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। दर्शकों की भारी भीड़, तालियों की गड़ गड़ाहट और जयकारों के बीच मंचित यह वनवास प्रसंग लंबे समय तक सभी के हृदयों में अंकित रहेगा। हटली क्लब का यह आयोजन स्थानीय लोगों के लिए आस्था और संस्कृति का संगम बन गया है, जो समाज में धार्मिक मूल्यों को जीवित रखने का प्रेरणादायक प्रयास है। वही हर दिन क्लब हटली में श्री रामायण से संबंधित एक दर्जन इनाम निकाले जाते हैं। श्री राम की भूमिका में अवनीश सोनी, लक्ष्मण की भूमिका में दिनेश खत्री सीता की भूमिका में तरुण कौशल, दशरथ की भूमिका में संजय सोनी, कैकेई की भूमिका में विवेक शील शर्मा, कौशल्या की भूमिका में राज कुमार हैं।

### अहिल्या उद्धार की लीलाओं ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** आर्मी ग्राउंड पड़ाव गगरेट में आयोजित श्री रामलीला एवं जन्माष्टमी कमेटी का वार्षिक रामलीला महोत्सव चौथे दिन भक्तिभाव और उत्साह से सराबोर रहा। मंच पर ताड़का वध, अहिल्या उद्धार सहित अन्य प्रसंगों का मंचन हुआ, जिसने श्रद्धालुओं को भक्ति और आस्था के रंग में डुबो दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिष्ठित उद्योगपति वेद गोयल और शिक्षा बोर्ड से सेवानिवृत्त सुपरिटेंडेंट रजनीश शास्त्री ने विधिवत आरती कर किया। जैसे ही मंच पर भगवान श्रीराम ने राक्षसी ताड़का का वध किया और शिला रूपी अहिल्या को मुक्त किया, पूरा पंडाल जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। उपस्थित श्रद्धालु इस अद्भुत दृश्य को देखकर भाव-विभोर हो उठे।

रामलीला महोत्सव की इस पावन संध्या को सफल बनाने में रामलीला कमेटी के सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर ओमप्रकाश शर्मा, अरुण कुमार नीटू, जगन्नाथ शर्मा, डॉ. जॉली, विकास कालिया,हनीश कौशल , विकास शर्मा शैंटु, निशांत जसवाल, पवनेश धीमान, उपस्थित रहे।

---

राहत | विधायक विवेक ने किया डंगोली में पंचायत भवन का उद्घाटन

## कुटलैहड़ में 15 करोड़ की पेयजल योजना को मिली स्वीकृति

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार तेज होती दिखाई दे रही है। शनिवार को कुटलैहड़ के पंचायत डंगोली में 45 लाख की लागत से निर्मित पंचायत भवन का भव्य उद्घाटन विधायक विवेक शर्मा ने किया। यह पंचायत भवन महज आठ माह की अवधि में तैयार होकर जनता को समर्पित किया गया है।



विधायक विवेक शर्मा का पंचायत डंगोली पहुंचने पर स्थानीय जनता ने बैंड बाजों से स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम में विधायक विवेक शर्मा को मंच से सम्मानित भी किया। इस मौके पर विधायक विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि डंगोली पंचायत का यह भवन न केवल पंचायत बैठकों और प्रशासनिक कार्यों के लिए उपयोगी साबित होगा, बल्कि ग्रामीणों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी एक बेहतर मंच प्रदान करेगा। निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया। उक्त पंचायत के 60 परिवारों को शिलाई मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि उनका प्रयास है कि प्रत्येक परिवार किसी न किसी प्रकार से स्वरोजगार से जुड़कर मजबूत हो। विधायक विवेक शर्मा ने विकास कार्यों की रूपरेखा रखते हुए कहा कि कुटलैहड़ में 15 करोड़ रुपए की पेयजल योजना को सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है।

इस परियोजना का शिलान्यास शीघ्र किया जाएगा। निचले कुटलैहड़ क्षेत्र के लिए 45 करोड़ रुपए के शिव प्रोजेक्ट्स के तहत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसका शिलान्यास भी जल्द ही होने जा रहा है।

#### विपक्ष भ्रम फैलाने का कर रहा है कार्य

**विपक्ष** पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वह केवल झूठे आरोपों और भ्रम फैलाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे ऐसे भ्रामक प्रचार से दूर रहें और क्षेत्र में हो रहे वास्तविक विकास कार्यों को देखें। कुटलैहड़ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका ने पंचायत भवन की सौगात और अन्य योजनाओं की घोषणाओं पर विधायक विवेक शर्मा का आभार प्रकट किया। मौके पर मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों ने भी माना कि पिछले कुछ वर्षों में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों ने गति पकड़ी है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

## 72 घंटे में मैहतपुर पुलिस थाने में हुआ ऑनलाइन ठगी के मामले का निपटारा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

यह अपने आप में प्रशंसनीय है कि 72 घंटे में मैहतपुर पुलिस थाना में ऑनलाइन ठगी के मामले का निपटारा हुआ है। इस बात की जानकारी राष्ट्रीय इंटक के सचिव एवं हिमाचल इंटक के महासचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने शनिवार को जारी बयान में दी।

उन्होंने कहा कि 22 सितंबर 2025 को मैहतपुर में डीटीडीसी कुरिअर कंपनी द्वारा दिए गए नकली पार्सल की लिखित शिकायत इसी रोज पुलिस थाना मैहतपुर में दी थी। थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर अंकुश डोगरा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीटीडीसी मैहतपुर के स्टाफ को मौके पर बुला लिया और उनसे कई बातों की इंक्वायरी करते हुए उन्होंने यह केस हेड कांस्टेबल जसविंदर कुमार को अगली जांच के लिए दे दिया। हेड कांस्टेबल जसविंद्र कुमार ने कड़ी मेहनत कर संबंधित कंपनी से 698 रुपए वापस करवा लिए। जगत शर्मा ने इस कार्रवाई के लिए मैहतपुर पुलिस थाना के इंचार्ज सहित समस्त स्टाफ की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ठगी जैसे केस के चक्कर में कई लोग फंस जाते हैं और पुलिस के पास न आकर ऐसे अपराध को दबा लेते हैं, लेकिन ऐसे में लोगों को पुलिस पर विश्वास रखकर अपने नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत करनी चाहिए, ताकि अपराधियों को सबक मिल सके।

ऑनलाइन में ठगी का मामला जो मेरे साथ हुआ है वह नि:संदेह बहुत बड़ा नहीं है, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई आज भी ऐसे मामलों में लोगों के बीच कानून के मजबूत होने का प्रमाण देती है। जगत राम शर्मा ने लोगों को परामर्श दिया है कहा कि किसी भी ऑनलाइन पार्सल को मंगवाने के समय डिलीवरी पर पहले पार्सल खोल चेक कर लें।


# मनाली में बढ़ने लगी पर्यटकों की चहलकदमी

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

- पश्चिम बंगाल के पर्यटकों ने पर्यटन नगरी मनाली में दी दस्तक
- लग्जरी बसों के मनाली पहुंचते ही गति पकड़ेगा पर्यटन कारोबार

**कुल्लू ।** जून माह से पर्यटकों के बिना सुनसान पड़ी पर्यटन नगरी मनाली में अब धीरे धीरे पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ने लगी है। आपदा की मार झेल रही और वीरान पड़ी पर्यटन नगरी मनाली में करीब साढ़े तीन माह बाद एक बार फिर से पर्यटकों की दस्तक से रौनक लौटने लगी है।

हालांकि अभी छुटपट ही सैलानी यहां पहुंच रहे हैं लेकिन अब कुछ हद तक सड़क मार्ग दुरुस्त होने और बारिशें रुकने के बाद पर्यटकों ने फिर से कुल्लू-मनाली की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। पर्यटकों की दस्तक से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे में उम्मीद की किरण दिखने लगी है। मनाली में फिलहाल पश्चिम बंगाल के पर्यटकों ने दस्तक दी है। पर्यटक वाया शिमला किन्नौर होते हुए काजा घूमकर मनाली पहुंच रहे हैं। जून महीने से बंद पड़े कुल्लू मनाली के होटलों में रौनक लौटने लगी है। हालांकि सड़कों की खस्ताहालत व लग्जरी बसों के मनाली न आने से पर्यटन कारोबार को गति पकड़ने में कुछ समय लगेगा।


पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड में चहलकदमी करते पर्यटक

## पर्यटन कारोबार के गति पकड़ने की उम्मीद

**लग्जरी** बसों के मनाली पहुंचते ही पर्यटन कारोबार गति पकड़ेगा। होटल कारोबारी बुद्धि सिंह, मकरध्वज शर्मा, चमन शर्मा, किशन राणा, संजय वर्मा, रवि ब्यास, राजू शर्मा, बंशी व हैप्पी ने बताया कि लंबे समय से चल रही मंदी के जल्द दूर होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि बाहरी राज्यों से छुटपुट पर्यटक मनाली पहुंचने लगे है। उन्होंने बताया कि लग्जरी बसों के मनाली पहुंचते ही पर्यटन कारोबार गति पकड़ेगा।

## साढ़े तीन महीने से बंद पड़े थे होटल

**साढ़े** तीन महीने से बंद पड़े होटलों में रौनक दिखने लगी है। ट्रेवल एजेंट बुद्धि प्रकाश, राजू, डोले राज व जय राम ठाकुर का कहना है कि बाहरी राज्यों के बहुत से पर्यटक सड़कें ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दशहरा व दिवाली में पर्यटकों की आमद बढ़ेगी।

## मंदी अब जल्द दूर होने वाली है : रोशन ठाकुर

**होटल** एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही मंदी अब जल्द दूर छंटने वाली है। उन्होंने बताया कि 2023 में भी पर्यटन कारोबारियों को आपदा से नुकसान झेलना पड़ा था लेकिन इस बार 2025 में उससे भी नुकसान हुआ है। पिछले करीब साढ़े तीन माह से पर्यटन नगरी मनाली सहित सभी पर्यटन स्थल पर्यटकों के बिना वीरान हैं। उन्होंने कहा कि अब लग्जरी बसें चलने से पर्यटन कारोबार में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

### कुल्लू दशहरा उत्सव की तैयारियों को लेकर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वर्चुअली की चर्चा, कहा-

# कुल्लू दशहरा आस्था एवं सामूहिक एकता का महापर्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

2 से 8 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की तैयारियों को लेकर शनिवार को उपमुख्यमंत्री, मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और निदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग रीमा कश्यप वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

बैठक में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं विधायक कुल्लू सुंदर सिंह ठाकुर, मिल्क फेडरेशन के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह, उपायुक्त एवं उत्सव समिति की उपाध्यक्ष तोरुल एस. रवीश, एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन, एडीसी अश्वनी कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री, मुकेश अग्निहोत्री ने समस्त प्रदेशवासियों और कुल्लू की जनता को दशहरा उत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कुल्लू दशहरा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह धर्म, संस्कृति, समाज और इतिहास का अनोखा संगम है, जो हिमाचल की पहचान को विश्व स्तर पर स्थापित करता है। यह उत्सव देवभूमि की सांस्कृतिक पहचान है और पूरी दुनिया से लोग इसे देखने आते हैं।

उन्होंने कहा कि हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा को देखते हुए आयोजन समिति द्वारा उत्सव के खर्चों में कटौती और सभी संध्याओं में प्रदेश के कलाकारों तथा प्रदेश के सांस्कृतिक दलों को ही आमंत्रित किया जाना सराहनीय पहल है। उपमुख्यमंत्री ने उत्सव समिति को आश्वस्त किया कि उत्सव के आयोजन को लेकर सरकार हर सम्भव सहायता उपलब्ध करवाने के लिये बचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को लोगों की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिये विशेष प्रयास करने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि उत्सव के दौरान लोगों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में ट्रैफिक प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि किसी भी पर्यटक या स्थानीय व्यक्ति को कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उत्सव स्थल और प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि आपदा के बाद सड़कों के खराब होने के कारण कुल्लू और मनाली के लिए बंद वॉल्वो बस सेवा को अब सड़कें ठीक होने के बाद पुनः बहाल करने आदेश अधिकारियों को जारी कर दिये गए हैं। इसके साथ ही उत्सव के दौरान लोगों की सुविधा के लिए दशहरा स्पेशल बसें भी चलाने के आदेश जारी किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू शहर की जलापूर्ति पूरी तरह से बहाल कर दी गई है।

उत्सव के दौरान मेला मैदान में जरूरत के अनुरुप पेयजल नल लगवाने के भी आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्सव के दौरान सफाई व्यवस्था, पार्किंग का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।

## उत्सव में खर्चों में कटौती का प्रयास

**इससे** पहले विधायक एवं उत्सव समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि इस बार उत्सव में खर्चों में कटौती का प्रयास किया गया ताकि आपदा प्रभावितों के लिये मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान दिया जा सके। उन्होंने कहा कि उत्सव के दौरान जेबकतरों और अनावश्यक रूप में एकत्रित होने बाले भिखारियों पर भी नज़र रखने के लिए कहा गया है। इस अवसर पर उपायुक्त तोरुल एस. रवीश ने उपमुख्यमंत्री को पिछले वर्ष दशहरा उत्सव में आय और व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने इस वर्ष आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### विभिन्न जगहों पर आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल कुल्लू ने जानकारी देते हुए बताया कि 11/0.415 केवी 250 केवीए सब-स्टेशन रामशीला व 250 केवीए सब-स्टेशनन अदरला अखाडा की एलटी लाइनों की मुरम्मत व आवश्यक रख रखाव हेतु 2025 रविवार को प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक रामशीला कुल्लू वेली स्कूल, तंबाकू गली, लक्ष्मी नारायण मंदिर व आस पास के इलाके में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी ।

### पीएम मोदी ने निभाया अपना वादा : अखिलेश

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार का आभार जताया कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश के



किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त एडवांस में जारी कर दी है , यह किस्त अक्टूबर माह के आखिरी हफ्ते में किसानों को मिलनी थी , इस किस्त में 160.21 करोड़ रुपए जारी हिमाचल के किसानों के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। यह राशि प्रदेश के 80,145 किसानों के खातों में सीधे अंतरण की गई है। अखिलेश कपूर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने हालिया हिमाचल दौरे में आश्वासन दिया था कि प्रदेश के आपदा प्रभावित किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। आज इस वादे को निभाते हुए केंद्र सरकार ने किसान सम्मान निधि की अग्रिम किस्त जारी कर किसानों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि यह कदम दर्शाता है कि मोदी जी केवल आश्वासन नहीं देते बल्कि उन्हें निभाने में विश्वास रखते हैं। इस राशि से किसानों को अपनी तत्काल आवश्यकताएं पूरी करने, अगली बुवाई के लिए बीज व उर्वरक खरीदने और खेती को पुनः शुरू करने में मदद मिलेगी। अखिलेश कपूर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार आपदा से जूझ रहे किसानों के लिए ठोस कदम उठाने में विफल रही है, प्रदेश की अधिकांश ग्रामीण सड़कें बंद होने से किसानों की फसलें खेतों में ही ख़राब हो गई और किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है, उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने मुश्किल समय में किसानों के साथ खड़े रहकर उन्हें संबल दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हृदय से धन्यवाद देती है और उन्हें किसानों का सच्चा हितैषी मानती है।

### संसारी-तांदी सड़क सुधार कार्य के लिए समिति गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** सहायक आयुक्त जिला लाहौल स्पीति-एवं प्रशासक संसारी-किलाड़-थिरोट-तांदी सड़क कल्याणी तिवाना ने जानकारी देते हुए बताया कि सीमा सड़क संगठन 94 आर.सी.सी.बी.आर.ओ. उदयपुर द्वारा संसारी-किलाड़- थिरोट-तांदी सड़क के सुधारीकरण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए सरकारी/वन भूमि के साथ-साथ निजी भूमि अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ हेतु नियमानुसार दिनांक 17, 19, 20 और 22 सितंबर 2025 को विभिन्न भू-मालिकों के साथ जन सुनवाई का आयोजन किया गया था। उक्त जनसुनवाई में प्रभावित भू-मालिकों द्वारा यह मामला उठाया गया कि उनके मुहाल में पुनः सर्वे करवाया जाए, क्योंकि अधिकांश भू-मालिकों को यह ज्ञात नहीं था कि उनके मुहाल में उपरोक्त सड़क निर्माण व सुधार हेतु सीमा सड़क संगठन द्वारा किस प्रकार की विस्तार परियोजना तैयार किया गया है।उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में तहसीलदार लाहौल की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है, जोकि 3 और 4 अक्तूबर को प्रभावित क्षेत्र का सर्वे करेगी। उन्होंने बताया कि कमेटी में तहसीलदार लाहौल, नायब तहसीलदार, उदयपुर, वन परिक्षेत्र अधिकारी, लाहौल जहालमा/उदयपुर, कार्यकारी अभियंता 94 आरसीसीबीआरओ उदयपुर प्रभावित क्षेत्र की समस्त पंचायतों के प्रधानों को कमेटी का सदस्य का सदस्य बनाया गया है। उन्होंने प्रभावित भू मालिकों से इस सर्वे में भाग लेने का आग्रह किया है।

### मनाली से तीर्थ यात्रा अमृतसर रवाना

**अनंत ज्ञान, मनाली।** भगवान बाल्मीकि प्रकटोत्सव को लेकर मनाली से तीर्थ यात्रा अमृतसर रवाना हुई। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष चमन कपूर व अध्यक्ष मनोज लारजे ने समूह को विधिवत रवाना किया। यह द्वितीय तीर्थ यात्रा पूरे हिमाचल प्रदेश से जा रही है। आज मनाली के याक होटल से रवाना होकर यात्रा 28 सितंबर को एक विशेष गंतव्य पर पहुंचेगी। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि राम द्वारा निर्वासित किए जाने के बाद देवी सीता ने अपना अंतिम वनवास वाल्मीकि के आश्रम में ही व्यतीत किया। उन्होंने कहा कि माता सीता ने यहीं पर अपने जुड़वाँ पुत्रों लव और कुश को जन्म दिया। वाल्मीकि ने इन दोनों को शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान प्रदान किया। कपूर ने कहा कि वाल्मीकि को संस्कृत का प्रथम कवि (आदिकवि) और रामायण को प्रथम महाकाव्य होने का गौरव प्राप्त है। उनकी व्यापकता किसी विवाद का विषय नहीं है बल्कि स्तुति का विषय है।नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज लारजे ने कहा कि भगवान बाल्मीकि के जीवन से शिक्षा मिलती है कि व्यक्ति अपने कर्मों और विचारों से महान बनता है, न कि जन्म से, और यह सामाजिक समरसता और बदलाव का प्रतीक है। संगत नाथ जी जलंधर वाले व माता काली नाथ गाढ़ाशकंर ने जाने से पहले विधवत पूजा अर्चना कर सभी भक्तों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद किया। हिमाचल यात्रा कमेटी के अध्यक्ष लक्की तेजी ने कहा कि इस बार वाल्मीकि जयंती या परगट दिवस सात अक्टूबर को मनाया जा रहा है।

### आनी में वित्तीय साक्षरता पर जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को वित्तीय साक्षरता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विषय पर जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने बताया कि यह कार्यक्रम वित्तीय साक्षरता केंद्र आनी एवं पंजाब नेशनल बैंक आनी के सहयोग से आयोजित हुआ। इसमें छात्रों को वित्तीय प्रबंधन, बचत, निवेश एवं ऋण संबंधी जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में महाविद्यालय करियर गाइडेंस सेल तथा पूर्व छात्र संघ की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में वित्तीय जागरूकता फैलाना तथा वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना रहा। टीम इंचार्ज मान ठाकुर ने बताया कि वित्तीय साक्षरता केंद्र विशेषकर ग्रामीण एवं वंचित वर्गों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल उपकरणों और वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम बनाने का कार्य करता है। इस अवसर पर विभिन्न अधिकारियों ने छात्रों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पंजाब नेशनल बैंक आनी के डिप्टी मैनेजर एवं महाविद्यालय के पूर्व छात्र गनी ने छात्रों को डिजिटल इंडिया और साइबर क्राइम से जुड़े महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर जागरूक किया। महाविद्यालय के करियर गाइडेंस सेल द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।

# खखनाल में उमड़ा आस्था का सैलाब

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** मनाली घाटी के प्रसिद्ध स्कन्द माता मंदिर, खखनाल में तीन दिवसीय शतचंडी पाठ एवं देवी पंचायतन यज्ञ का विधिवत समापन धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ हुआ। तीन दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान में पूरे क्षेत्र के श्रद्धालु उमड़ पड़े और माहौल भक्ति एवं वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजता रहा। इस भव्य आयोजन में 21 विद्वान ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार के साथ शतचंडी यज्ञ एवं देवी पंचायतन का पाठ किया।

माता पार्वती और कार्तिक स्वामी ख़खनाल के कारदार लालचंद ठाकुर ने जानकारी दी कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ शतचंडी पाठ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ घाटी में सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण के लिए समर्पित है। यज्ञ के दौरान विशेष रूप से कार्तिक स्वामी, माता पार्वती, भगवान विष्णु, सज़ला देवता और दानी देवता की पालकियां भी मंदिर परिसर में विराजमान रहीं। देवताओं की उपस्थिति से पूरा माहौल दिव्य और आध्यात्मिक बन गया। कुल पुरोहित नितिन शर्मा ने बताया कि तीन दिनों तक चले इस अनुष्ठान में 21 ब्राह्मणों द्वारा शास्त्रोक्त विधि से शतचंडी पाठ और देवी पंचायतन का जाप किया गया।

ऐसे अनुष्ठानों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर न केवल ख़खनाल बल्कि आस-पास के गांवों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु पहुंचे।


खखनाल में आयोजित शतचंडी पाठ के समापन अवसर पर देवता

## प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि आईजीएमसी जैसे बड़े संस्थानों में भी कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाएं नहीं मिल रही हैं। मरीज डॉक्टर का पर्चा लेकर दवा के लिए जाते हैं, लेकिन उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि सरकार का करोड़ों का बकाया है, दवा नहीं दे सकते।

उन्होंने आरोप लगाया कि हिम केयर योजना का 400 करोड़ रुपये से अधिक बकाया है, फिर भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी विदेश यात्रा की तैयारियों में जुटे हैं। उन्होंने सरकार को बेशर्मी की सरकार करार देते हुए कहा कि जब भाजपा सदन से लेकर सड़क तक जनता की समस्याएं उठाती है।

# चंद्रा नदी पर बनेगा 110 मीटर लंबा आरसीसी ब्रिज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

- नाबार्ड ने विधायक प्राथमिकता के तहत स्वीकृत किए 9.72 करोड़

लाहौल घाटी किनचंद्रा नदी पर सिस्सु के पास नर्सरी ब्रिज का निर्माण अब जल्द शुरू होगा। करीब 110 मीटर लंबा यह आरसीसी पुल 9.72 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। नाबार्ड ने विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत इस परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। साल 2023 में आई बाढ़ के दौरान यहां बना पुराना पुल बह गया था। तब से स्थानीय लोग नदी को जान जोखिम में डालकर झूले की मदद से आर-पार कर रहे थे।

अब नाबार्ड की मंजूरी के बाद लोक निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है। विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि उन्होंने लगातार सरकार और नाबार्ड के समक्ष यह मामला उठाया था। उनके प्रयासों से नर्सरी ब्रिज और हाल ही में सुमनम की खंडिप नहर के लिए बजट स्वीकृत हुआ है। खंडिप नहर के लिए नाबार्ड ने 14.39 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है।

विधायक ने पुल निर्माण के बजट को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया। वहीं, जिप चेयरमैन वीना देवी, जिप सदस्य निर्मला, दोरजे लारजे, छेजंग डोलमा और बीडीसी चेयरमैन विपिन शाशनी ने भी इस स्वीकृति के लिए विधायक अनुराधा राणा का आभार जताया है।

# बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए रोटरी क्लब मनाली ने बढ़ाया हाथ


रोटरी क्लब द्वारा आवंटित राहत सामग्री।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

रोटरी क्लब मनाली ने अपने सामाजिक कार्यों की श्रृंखला को जारी रखते हुए आज बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए एक विशेष वितरण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत, क्लब के सदस्यों ने उन जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री वितरित की जो हाल की बाढ़ के कारण प्रभावित हो गए थे।गौर हो गत 25 अगस्त को ब्यास नदी में आई भीषण बाढ़ व भूस्खलन ने मनाली के सैकड़ों परिवारों को नुकसान पहुंचाया था। इस कार्य में क्लब के सभी सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

रोटरी क्लब मनाली की प्रधान अमिता ठाकुर व महासचिव मीनाक्षी ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित मनाली गांव, बुरुआ, समाहन व आसपास के क्षेत्रों सहित तिब्बती कलोनी डोभी में प्रभावित परिवारों के लगभग 300 लोगों को खाद्य सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य उन लोगों के साथ एकजुटता दिखाना है, जिन्होंने इस प्राकृतिक आपदा में बहुत नुकसान उठाया है। रोटरी क्लब मनाली इस मुश्किल समय में प्रभावित परिवारों के साथ है। इस अभियान को सफल बनाने व योगदान देने के लिए रोटरी क्लब रोटेरियन अजय अबरोल का विशेष आभार व्यक्त करती है। उन्होंने बताया कि उनके अभियान में समाज सेवी नीना गांधी भी शामिल हुई। उन्होंने भी जरूरतमंदों को कपड़े व जरूरी सामान वितरित किया। अमिता ठाकुर व मीनाक्षी ने कहा कि उनका अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# 50 साल बाद बनेगा माता भेखली का नया देवरथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

50 वर्षों बाद जिला कुल्लू की कोठी सारी घाटी की आदि शक्ति मां भुवनेश्वरी (भेखली) के रथ का पुनर्निर्माण होने जा रहा है। इस देवरथ के निर्माण के लिए कुल्लू जिला के कमांद से लकड़ी लाई जाएगी। शनिवार को हजारों की संख्या में माता के देवलू इस देवकारज के चलते कमांद रवाना हुए। मंदिर में सुबह ही हजारों माता के भक्त पहुंचे और इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने।

घाटी सहित कुल्लू के लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही खास और ऐतिहासिक बन गया है। इसके बाद हजारों देवलू माता की निशान के साथ लाव लश्कर के साथ कमांद के लिए रवाना हुए।

माता के पुजारी राकेश ने बताया कि लगभग 50 वर्षों के बाद माता भुवनेश्वरी के नये रथ निर्माण के लिए कमांद से महर्षि पराशर द्वारा प्रदत्त दिव्य लकड़ी लाने का पावन अवसर आया है। इस अवसर पर समस्त कोठी सारी के अंतर्गत आने वाले करीब 2000 से 2500 देवलू शनिवार को प्रस्थान कर किया है। कमांद पहुंचे के बाद रात्रि विश्राम वहीं पर किया जाएगा और रविवार को माता के आशीर्वाद सहित वापसी करेंगे। इस अवसर पर भेखली से लेकर ढालपुर तक सभी रास्तों पर माता के भक्तों ने धूपबत्ती कर माता का आशीर्वाद ग्रहण किया। भक्तों का कहना है कि यह यात्रा केवल रथ निर्माण की परंपरा तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह देव संस्कृति, देव परम्परा, भक्तों की आस्था, संस्कृति और मां की दिव्य कृपा का उत्सव है। श्रद्धालुओं ने माता रानी से समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की।

## अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में है विशेष महत्व

**माता** भेखली को सारी कोठी की प्रमुख अधिष्ठात्री देवी के रूप में पूजा जाता है और उनका कुल्लू घाटी में विशेष स्थान है। उनकी महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विश्व प्रसिद्ध कुल्लू दशहरा उत्सव का शुभारंभ माता भेखली की हरी झंडी के बाद ही होता है। जब तक माता अपने मंदिर से भगवान रघुनाथ की रथ यात्रा शुरू करने का आदेश नहीं देतीं, तब तक ढालपुर में रथ यात्रा आगे नहीं बढ़ती। नए देव रथ के निर्माण की खबर से श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

- हजारों श्रद्धालु लकड़ी लाने के लिए हुए रवाना
- महाराजा कोठी के कमांद से लाई जाती हैं लकड़ियां


भेखली माता के नए रथ के पुनर्निर्माण के लिए लकड़ी लाने रवाना होते देवलू।

**उत्सव** — देवता 200 किमी का पैदल सफर तय कर पहुंचेंगे ढालपुर मैदान

# देवता कुईकंडा नाग 365 साल बाद दशहरा उत्सव में लेंगे भाग

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** 2 अक्तूबर से 8 अक्तूबर तक आयोजित होने जा रहे देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में जहां हर बार की तरह इस बार भी सभी देवी देवता अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे।

वहीं, ऐसे में एक देवता ऐसे भी हैं जो कि 365 सालों के बाद कुल्लू दशहरा उत्सव में सम्मिलित होंगे। यह देवता 200 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर ढालपुर मैदान पहुंचेंगे।

जी हां, उपतहसील निरमंड के आराध्य देवता कुईकंडा नाग देवता लगभग 365 साल बाद इस बार अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में भाग लेंगे। देवता साहिब करीब 200 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा कर निरमंड से कुल्लू पहुंचेंगे। परंपरा के अनुसार इस यात्रा में क्षेत्र के हर घर से एक सदस्य का आना अनिवार्य होगा। कुईकंडा नाग को कुल्लू दशहरा में सबसे दूर से पहुंचने वाला देवता माना जाएगा। बताया जाता है कि वर्ष 1660 में राजा जगत सिंह के शासनकाल में शुरू हुई परंपरा के अनुसार देवता दशहरे में नहीं गए थे। इस बार देवता साहिब के आदेश के बाद यह निर्णय लिया गया। कुईकंडा नाग तांदी मंदिर में हुई बैठक में गुरु, कारदार व अन्य स्थानीय लोगों ने इस पर सहमति जताई है। देवता के आदेश के मुताबिक 29 सितंबर को देवता साहिब कुल्लू के लिए रवाना होंगे।

देवता कुईकंडा नाग की दशहरे में भागीदारी को लेकर पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। श्रद्धालु इसे ऐतिहासिक और दिव्य अवसर मान रहे हैं।


निरमंड के आराध्य देवता कुईकंडा नाग।

## इन क्षेत्रों के भी आराध्य हैं देवता

कारदार कमलेश रावत ने बताया कि देवता कुईकंडा नाग तांदी की मान्यता न केवल स्थानीय, बल्कि निथर क्षेत्र के बाहर से भी कई लोगों में भी है। सिरीगढ़, नरेणगढ़ और हिमरीगढ़ के लोग कुईकंडा नाग को अपना आराध्य मानते हैं।

## दशहरा उत्सव में क्यों नहीं जाते देवता?

**देवता** के कारदार कमलेश रावत ने बताया कि दशहरा पर्व राजा जगत सिंह ने 1660 में शुरू किया था। उसी समय से 365 देवी-देवताओं को निमंत्रण दिया जाने लगा और देवताओं की परंपरा का पालन किया जाने लगा। उस समय देवता साहिब कुईकंडा नाग तांदी ने दशहरा उत्सव में शिरकत की थी, लेकिन राजा द्वारा देवता को राजदरबार के प्रौढ़ (प्रवेशद्वार) के नीचे से गुजारने की कोशिश की गई जबकि देवता किसी की भी चौखट पार नहीं करते हैं। जिसके बाद देवता गुस्सा हो गए और फिर कभी कुल्लू के दशहरा उत्सव में नहीं आए। ऐसे में अब करीब 365 साल बाद देवता दशहरा उत्सव में भाग लेने जा रहे हैं।

# आश्वासनों तक सीमित रही सरकार प्रभावित राहत को तरस रहे : शौरी


बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी आपदा प्रभावित लोगों से चर्चा करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने शनिवार को एक बार फिर सैंज घाटी के आपदा प्रभावित सारी क्षेत्र का दौरा किया। इस एक दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने न्यूल से लेकर कांढा, फ़व्यारी व तलाड़ा तक पूरी पहाड़ी पैदल नापी और घर-घर जाकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की।

उन्होंने आपदा पीड़ितों का हौसला बढ़ाया और उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक शौरी दो सप्ताह पूर्व भी राहत सामग्री लेकर प्रभावितों के बीच पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आपदा के दो माह बीत जाने के बाद भी सरकार ने राहत व पुनर्वास कार्यों के लिए कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं। प्रभावित परिवार अभी भी सरकार की अधिसूचना और मुआवजा मापदंडों की प्रतीक्षा में हैं। उन्होंने कहा कि विभागों से लेकर आम जनता तक सभी असमंजस की स्थिति में हैं, जबकि आपदा पीड़ित ग्रामीण आज भी राहत की बाट जोह रहे हैं। विधायक शौरी ने कहा कि प्रभावितों के प्रति सरकार का यह रवैया संवेदनहीनता और निर्लज्जता को दर्शाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. शांडिल 28 को सोलन क्षेत्र के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 28 सितंबर, 2025 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. शांडिल 28 सितंबर, 2025 को प्रातः 10.30 बजे कंडाघाट में नगर पंचायत कंडाघाट के कचरा एकत्रिकरण वाहन को झंडी देकर रवाना करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत प्रातः 11.30 बजे उपायुक्त कार्यालय सोलन के सम्मेलन कक्ष में लाभार्थियों को 2 तथा 3 बिस्वा भूमि आवंटन के आदेश वितरित करेंगे। डॉ. शांडिल इस कार्यक्रम के उपरांत दिन में 01.00 बजे नौणी में आयोजित किसान मेला में मुख्यातिथि होंगे।

### कंडाघाट स्कूल बना फुटबॉल का जिला चैंपियन

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** सोलन जिला के कुनिहार में आयोजित बॉयज जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंडाघाट की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनी। इस प्रतियोगिता में कुल सात टीमें शामिल हुईं। कंडाघाट की टीम ने अपने सभी लीग मैच जीते। क्वार्टर फाइनल इस टीम ने वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सबाथू को 3-0 से हराया, इसमें रुद्रांश मेहता ने 2 और अजय कश्यप ने 1 गोल किया। सेमीफाइनल में इस टीम ने फ्लोरेंस स्कूल सबाथू को 1-0 से हराया। विजयी गोल अजय कश्यप ने किया। फाइनल में मेजबान वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुनिहार के साथ मुकाबला 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ, इसमें टीम के सागर ने गोल किया। पेनल्टी शूटआउट में कंडाघाट ने 4 गोल और कुनिहार 3 गोल किए। इस जीत के बाद कंडाघाट 10 साल बाद जिला का चैंपियन बना। प्रधानाचार्य कुलदीप सूर्या, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान देविंद्र ठाकुर व अन्य सदस्यों, सभी अध्यापकों और विद्यार्थियों ने स्वागत किया।

### स्वच्छ भारत दिवस पर सोलन कॉलेज में श्रमदान अभियान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन कॉलेज में स्वच्छ भारत दिवस अभियान के अंतर्गत स्वच्छता रैली तथा श्रमदान का आयोजन किया गया। कॉलेज के 50 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लेकर रैली निकाली। यह रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारम्भ होकर दमरोड क्षेत्र तक गई, जहां कैडेट्स ने स्थानीय लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। रैली के उपरांत कैडेट्स ने दमरोड क्षेत्र में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को इसे जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी सीटीओ डा. भारती गुप्ता भी कैडेट्स के साथ उपस्थित रहीं और छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

### पठियार गांव में महिलाओं को स्वास्थ्य पर दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, अर्की।** गांव पठियार में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अर्की डॉ. मुकता रस्तोगी के मार्गदर्शन में किया गया। महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी डॉ. विजय कुमार शांडिल (काउंसलर, एचआईवी काउंसलिंग एवं टेस्टिंग सेवाएं, सिविल अस्पताल अर्की, जिला सोलन) द्वारा दी गई। डॉ. शांडिल ने महिलाओं को एचआईवी जांच के महत्व के बारे में बताया।

### बागा गांव में महिलाओं ने मंदिर परिसर संवारा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पंचायत रौडी के गांव बागा के महिला मंडल बागा की महिलाओं ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंदिर परिसर की सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर नवरात्रों में कीर्तन आयोजन को लेकर भी चर्चा हुई। स्वास्थ्य जागरूकता के तहत आशा वर्कर मीरा ने पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लिया। महिला मंडल ने प्रशासन व सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया जाए, ताकि ग्रामीणों को बैठकों व आयोजनों के लिए सुविधाजनक स्थल मिल सके। बैठक में महिला मंडल प्रधान मीरा, सचिव प्रेमलता, वार्ड सदस्य मीना, रीता, हेमा, अनीता, शकुन्तला, मनीषा, वीना, रेखा, शीला, मंजू, रामप्यारी और मोनिका सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

### ग्रामीणों को मिली सरकारी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से संबद्ध सांस्कृतिक दल शिव शक्ति कला मंच के कलाकारों द्वारा आज विकास खण्ड कुनिहार की ग्राम पंचायत पारनु व दाड़ला में प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों व कार्यक्रमों के बारे में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। कलाकारों द्वारा 'एकता की राह' गीत व 'कहानी उस घर की' नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा ग्रामीणों को नशा निवारण के बारे में भी जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत पारनु के प्रधान केशव राम, ग्राम पंचायत दाड़ला के प्रधान बंशी राम, वार्ड सदस्य विजय कुमार, खेम राज, वंदना सहित ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित थे।

### सोलन कॉलेज में विश्व पर्यटन सप्ताह का समापन



**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के बी. वॉक विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अंतर्गत आयोजित विश्व पर्यटन सप्ताह का समापन आज महाविद्यालय सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. कोहली ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र की अपार संभावनाएं हैं, जिनका उपयोग स्थानीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर करना चाहिए। बी. वॉक विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों, गैर-शिक्षकों और छात्रों का स्वागत किया।

### पझौता कॉलेज में मतदाता जागरूकता सत्र आयोजित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय पझौता में चुनावी साक्षरता क्लब द्वारा युवा मतदाता जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में चलचित्रों के माध्यम से फॉर्म नंबर 6 तथा अन्य फॉर्मों की जानकारी दी गई। इसके उपरांत फॉर्म नंबर 6 को ऑफलाइन तथा ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया से विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में युवाओं को शीघ्र अति शीघ्र मतदाता सूची में फॉर्म नंबर 6 के माध्यम से नाम दर्ज करवाने तथा नैतिक एवं स्वस्थ मतदान की अपील की गई। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर विजेंद्र सिंह जी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### डिग्री कॉलेज राजगढ़ में मनाया पर्यटन दिवस

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** युवा पर्यटन क्लब राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ द्वारा विश्व पर्यटन दिवस शनिवार को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी तथा वीडियोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः सारिका बीए द्वितीय वर्ष, नेहा मेहता बीए द्वितीय वर्ष तथा नूतन ठाकुर बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। वीडियोग्राफी प्रतियोगिता में अंशुल बीए तृतीय वर्ष प्रथम, दिव्यांश बीए तृतीय वर्ष द्वितीय, तथा सुशान बीए तृतीय वर्ष तीसरे स्थान पर रहे। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में अदिति ठाकुर बीए प्रथम वर्ष, दीपक चौहान बीए प्रथम वर्ष तथा नेहा मेहता बीए द्वितीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर क्लब की प्रभारी प्रोफेसर अमिता मेहता ने इस वर्ष की थीम पर्यटन और सतत विकास पर प्रकाश डाला।

### हरीश शर्मा कंडाघाट कॉलेज की पीटीए के अध्यक्ष बने

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज के अभिभावक शिक्षक संघ की आम सभा की बैठक शनिवार को आयोजित की गई इसमें संघ की पिछली कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में डॉ. बविता शर्मा ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जिसे एकमत से पारित किया। पिछली कार्यकारिणी के योगदान की सराहना करते हुए प्रधानाचार्य मदन लाल मनकोटिया ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इसके बाद पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया गया और पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें हरीश शर्मा अध्यक्ष, संतोष शर्मा उपाध्यक्ष, डॉ. बविता महासचिव, मेद राम कश्यप सह-सचिव और बलदेव कश्यप को मुख्य सलाहकार के चुने गए। इसके अतिरिक्त डॉ हरिंद्र लाल, डॉ. गीता नेगी, डॉ. सुधीर कुमार, विजय वर्मा, मीरा, शिव कुमार, सुषमा और प्रवीण को पीटीए कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया कि कार्यकारिणी सदैव छात्रहित में प्रशासन का साथ देगी।

## बारिश थमते ही नेशनल हाईवे-5 सलोगड़ा-कंडाघाट से मलबा हटाने का कार्य हुआ तेज

# सिंगल लेन डायवर्जन से जोखिम भरा सफर

- मलबा हटाने का कार्य एक या दो सप्ताह में पूरा होने की है उम्मीद
- लैंडस्लाइड को लेकर चंबाघाट से कैथलीघाट तक अपनाई जा रही रेनफोर्स मैट तकनीक

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** प्रदेश में बारिश का दौर थमते ही सड़कों पर आए मलबे को हटाने के कार्य में तेजी आई है। इससे परवाणु-शिमला को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे-5 में बारिश से सड़क पर गिरे आए मलबा को हटाने का कार्य युद्ध स्तर किया जा रहा है।

खासकर सलोगड़ा से कंडाघाट के बीच बरसात में बड़ी मात्रा में पहाड़ियों से लैंड स्लाइड हुआ है। इससे कई जगहों पर ट्रैफिक सिंगल लेन भेजा जा रहा है। डायवर्जन से सफर जोखिम भरा है। ऐसे में वाहन चालकों को संभल कर चलने के चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। अभी भी मलबा आने के खतरे को देखते हुए कई जगहों पर सिंगल लेन से वाहनों को भेजा जा रहा है।

हालांकि फोरलेन निर्माण कंपनी ने सड़क में आए मलबे को हटाने का कार्य तेज कर दिया है। उम्मीद की जा रही है कि यह कार्य एक से दो सप्ताह में पूरा हो जाएगा। वहीं लैंड स्लाइड के जोखिम को कम करने के लिए इस मार्ग पर चंबाघाट से कैथलीघाट तक एनएचएआई की तरफ से लैंड स्लाइड रोकने में रेनफोर्स मैट तकनीक अपनाई जा रही है।




सोलन से कैथलीघाट फोरलेन में लैंड स्लाइड से आए मलबे का दृश्य।

### कई जगहों पर सिंगल लेन से वाहन चालक परेशान

**चंबाघाट**-कैथलीघाट फोरलेन में मलबा पड़ा होने के चलते अभी भी सिंगल लेन के सहारे ही वाहनों की आवाजाही हो रही है। इससे वाहन दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। फोरलेन पर अब भी कई जगह पर एनएचएआई डबल लेन सड़क को नहीं खोल पाया है। इसी तरह परवाणू से सोलन तक भी कई जगह सिंगल लेन ही चल रही है। इन जगहों पर सड़क हादसों का खतरा तो बना ही है साथ ही चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ियों से गिरते पत्थर वाहनों में यात्रा कर रहे लोगों के लिए खतरा बन चुके हैं। हाईवे में चक्की मोड़ से लेकर कैथलीघाट तक कई ऐसी जगहें हैं लैंड स्लाइड हो सकता है। वहीं हाईवे अथॉरिटी इन पहाड़ियों को दरकने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

### रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

**खास** बात यह है कि लैंड स्लाइड की दृष्टि से खतरा बनी पहाड़ियों में रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है पर दरकती पहाड़ियां से जोखिम भी बड़ा है। निर्माण कंपनी लैंड स्लाइड की दृष्टि से अति संवेदनशील सलोगड़ा, मनसार और कंडाघाट की पहाड़ियों में पर रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य कर रहा है। कुछ जगह पर मैट न लगा होने के कारण कभी पत्थर गिरने का खतरा बना रहता है, जिससे चालक भी परेशान होते हैं।

> हाईवे से मलबा हटाने के साथ पहाड़ियों से भूस्खलन रोकने के रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। काम पूरा होने के बाद लैंड स्लाइडिंग पर काफी हद तक काबू पा लिया जाएगा।
>
> -आंनद दहिया, प्रोजेक्ट मैनेजर, एनएचएआई।

## जिले के दूरदराज क्षेत्रों में लगाए जाएंगे वित्तीय जागरूकता शिविर

- यूको आरसेटी की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरमौर (यूको आरसेटी) की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए वार्षिक ऋण योजना 2025-26 के अंतर्गत जून 2025 को समाप्त तिमाही में हुई प्रगति की समीक्षा, राष्ट्रीय ग्रामीण व शहरी आजीविका मिशन तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना, महिला एवं बाल विकास निगम, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास निगम की जून, 2025 तक की समीक्षा की।

बैठक में समिति द्वारा अवगत करवाया कि सिरमौर जिला में पिछले तीन माह के दौरान 342 वित्तीय साक्षरता शिविर लगाए गए है। उपायुक्त ने बैंकों को जिला के दूर दराज क्षेत्रों में भी वित्तीय जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री जन धन योजना तथा प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना की प्रगति को देखते हुए जिला की सभी ग्राम पंचायतों में जन सुरक्षा कैंप लगाने के लिए कहा ताकि लोगों की जागरूकता के साथ-साथ इन योजनाओं को भी गति प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि कम आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में भी बैंकिंग सुविधाओं को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। सभी बैंक ऋण आबंटन के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करें ताकि लोगों को स्वरोजगार के क्षेत्र में अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि सभी बैंक एटीएम व बैंक परिसर में भी सुरक्षा के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित बनाए तथा सीसीटीवी कैमरों का बैकअप कम से कम 90 दिनों तक सुरक्षित रखें।

यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की निदेशक मंजीत ने बताया कि यूको आरसेटी द्वारा गत तीन माह के दौरान जून, 2025 तक 2 प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से 53 युवक-युवतियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

बैठक में जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड बिक्रमजीत सिंह, निदेशक यूको आरसेटी मंजीत, एलडीएम के सहायक प्रबंधक सुखप्रीत कौर, उप निदेशक उद्यान, उपनिदेशक कृषि राजकुमार सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईवीएम और वीवीपैट का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज यहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) व वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) भंडारण कक्ष का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया।

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज सोलन के कथेड़ स्थित भण्डारण कक्ष में यह निरीक्षण किया गया।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिव दत्त ठाकुर, कंचन राणा, भारतीय जनता पार्टी के चंद्रकांत शर्मा व विजय ठाकुर, नायब तहसीलदार निर्वाचन दीवान सिंह ठाकुर इस अवसर पर उपस्थित थे।

## डॉ. ललित तीन बार विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में शामिल

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब**



डॉ. ललित कुमार, स्व. तेजबीर सिंह और सत्या देवी के सुपुत्र हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर, तहसील पांवटा साहिब गांव कोलर ने तीसरे वर्ष स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा एल्सेवियर के सहयोग से प्रकाशित विश्व के शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में अपना स्थान बनाया है।

उन्होंने लगभग 160 शोध-पत्र स्कोपस-सूचीबद्ध जर्नलों में प्रकाशित किए हैं, जिन्हें लगभग 2,400 बार उद्धृत किया गया है। उन्होंने विभिन्न सरकारी एजेंसियों और फार्मास्युटिकल उद्योगों द्वारा वित्तपोषित 14 शोध परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूर्ण की हैं। डॉ. ललित ने दो अंतरराष्ट्रीय स्तर की पुस्तकें प्रकाशित की हैं और तीन पुस्तकें प्रकाशनाधीन हैं। वर्तमान में वे पाँच पीएच.डी. और नौ स्नातकोत्तर छात्रों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। डॉ. ललित कुमार ने अपने स्कूल, कॉलेज व अन्य शिक्षकों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## जूनियर व सीनियर 'सी' योगासन टीम विजयवाड़ा रवाना

**अनंत ज्ञान, सोलन**




राष्ट्रीय स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई टीम।

हिमाचल प्रदेश की जूनियर एवं सीनियर सी योगासन खेल टीम छठी राष्ट्रीय स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हमीरपुर से विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता 'योगासन भारत' द्वारा 28 सितंबर से 1 अक्तूबर 2025 तक आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश योगासन खेल संघ के राज्य सचिव डॉ. विवेक सूद ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश से कुल 13 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें 11 खिलाड़ी जूनियर वर्ग (14 से 18 आयु वर्ग) तथा 2 खिलाड़ी सीनियर सी वर्ग (45 से 55 आयु वर्ग) से चयनित हुए हैं।

टीम के साथ फीमेल कोच के रूप में संतोष ठाकुर (कुल्लू) तथा मेल कोच के रूप में ध्यान चंद भंडारी (शिमला) को जिम्मेदारी दी गई है। खिलाड़ियों में जूनियर वर्ग से यशोवर्धन अत्री, निधि डोगरा, वंशिका ठाकुर (हमीरपुर), देवाशीष शौरी (कुल्लू), सिया शर्मा (सोलन), हार्दिक (मंडी), हरप्रीत कौर (ऊना), आनंद, अक्षित और साक्षी (सिरमौर), त्र्यंबक तिवारी (कांगड़ा) शामिल हैं। वहीं सीनियर सी वर्ग में रमेश कुमार (मंडी) और संतोष ठाकुर (कुल्लू) ने जगह बनाई है।

संयुक्त सचिव विनोद ने स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश योगासन खेल संघ एक मात्र ऐसी संस्था है जिसे योगासन भारत से मान्यता प्राप्त है। हमीरपुर जिला योगासन खेल संघ की अध्यक्ष स्वाति शर्मा वा सेक्रेट्री अजय शर्मा ने को टीम हमीरपुर से रवाना किया।

## बार एसो. अर्की ने न्यायाधीश बनने पर भारद्वाज को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, अर्की**



बार एसोसिएशन अर्की के अध्यक्ष भीम सिंह।

बार एसोसिएशन अर्की के सभी सदस्यों ने जिला सोलन की अर्की तहसील के जयनगर क्षेत्र से पूर्व में अधिवक्ता रहे जियालाल भारद्वाज को प्रदेश उच्च न्यायालय में बतौर न्यायाधीश नियुक्त होने पर शुभकामनाएं व बधाई दी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जोगिंदर ठाकुर ने कहा कि यह हमारे क्षेत्र के साथ-साथ पूरे सोलन जिला के लिए सौभाग्य की बात है, उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है की आने वाले समय में वह न्याय प्रक्रिया में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

## त्रिलोकपुर मंदिर में 14 हजार श्रद्धालुओं ने टेका माथा


**अनंत ज्ञान, नाहन**



देश भर में इस समय नवरात्रि पर मंदिरों में श्रद्धालुओं का ताँता लगा हुआ है। सिरमौर जिले में प्रसिद्ध सिद्धपीठ माता बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में दूर दूर से श्रद्धालु शीश नवाने पहुंच रहे हैं। मंदिर न्यास से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को 14 हजार श्रद्धालुओं ने माथा टेका जबकि नकद चढ़ावा 10 लाख 34 हजार तीन सौ और इसके इलावा 50 ग्राम 400 मिलीग्राम सोना व 1375 ग्राम चांदी भी चढ़ावे में प्राप्त हुई है।

## बेरोजगारों के साथ कुठाराघात : विनय गुप्ता

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** प्रदेश सरकार ने बेरोजगारों के साथ बहुत बड़ा कुठाराघात किया है सुक्खू सरकार के हर साल एक लाख जॉब देने के वायदे खोखले साबित हो रहे है। यह आरोप हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने लगाए है।



कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही पहली कबिनेट में 1 लाख युवाओं को रोजगार देने वायदा किया था परंतु रोजगार देना तो दूर, अब विभिन्न विभागों में सैकड़ों पदों को ही समाप्त करके रोजगार की उम्मीद में बैठे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

सरकार ने हुड्डा की बोर्ड आफ डायरेक्टर्स की बैठक में 347 पद समाप्त कर दिए हैं और साथ में मुख्य अभियंता के पद को समाप्त कर एडवाइजर का पद सृजित किया है ताकि उस पद पर किसी मित्रमंडली की ताजपोशी की जा सके।

## नशे में वाहन चलाने वालों पर गिरेगी गाज, 42 लाइसेंस निलंबित

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

उपमंडलाधिकारी कल्पा डॉ. अमित कल्थाईक ने स्पष्ट किया है कि जिला प्रशासन और पुलिस विभाग अब यातायात नियमों के उल्लंघन पर किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेगा।

नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की सिफारिश पर सर्वोच्च न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति ने मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा 21 के तहत अब तक 42 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं।

ऐसे मामलों पर पुलिस और प्रशासन अब और ज्यादा सख्ती बरतेगा। डॉ. कल्थाईक ने बताया कि जिला प्रशासन समय-समय पर जागरूकता शिविरों का आयोजन करेगा ताकि यातायात नियमों का पालन करें और सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

## गांजा रखने के दोषी को चार साल की कैद, 20 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, बद्दी (सोलन)**

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज गुप्ता की अदालत ने पश्चिम बंगाल के जिला मुर्शिदाबाद के निश्चितपुर गांव के अबु ताहिर ऊफ सलीम को गांजा रखने के आरोप में दोषी पाते हुए चार साल की कैद व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सहायक जिला न्यायवादी गीतांजलि ने बताया कि 18 मई 2016 को उप निरीक्षक राकेश रॉय व उनकी टीम गश्त पर थे तो उन्हें मुखबिर खास से सूचना मिली कि दोषी अबू ताहिर अपने किराये के कमरे में अवैध गांजा बेचने का धंधा करता है। सूचना के आधार पुलिस टीम दोषी के किराये के कमरे जुड्डीकलां में दबिश दी।

रेड के दौरान दोषी के कमरे से कुल 4.385 किलो गांजा व 2730 नकदी बरामद हुई। जिस पर बद्दी थाने में मामला दर्ज किया। शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज गुप्ता ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अबू ताहिर उर्फ सलीम उपरोक्त को एनडीपीएस एक्ट के तहत में चार साल का कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

## टूर्नामेंट

### नौणी विश्वविद्यालय में किक बॉक्सिंग महाकुंभ संपन्न

# किक बॉक्सिंग में पंजाब का दबदबा, हिमाचल रनरअप

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में नेशनल किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट संपन्न हो गया। टूर्नामेंट में पंजाब की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। हिमाचल प्रदेश की टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार रनर-अप स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र की टीम तीसरे स्थान पर रही।

हिमाचल प्रदेश किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के वर्किंग प्रेसीडेंट पुनीत वर्मा और महासचिव परशुराम अवार्ड से सम्मानित डॉ संजय यादव ने बताया की पंजाब की टीम ने 22 गोल्ड, 10 सिल्वर और 23 ब्रॉन्ज पदक जीते। हिमाचल के खिलाड़ियों ने शानदार जज्बा दिखाते हुए 20 गोल्ड, 23 सिल्वर और 16 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। महाराष्ट्र ने 16 गोल्ड, 16 सिल्वर और 21 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर तीसरा स्थान पाया। टूर्नामेंट में देश भर के 28 राज्यों से 1000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह में वाको इंडिया किक बॉक्सिंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि संतोष अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन देश के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। इस टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी किक बॉक्सिंग के एशियन टूर्नामेंट में भाग लेंगे।




नेशनल किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट के पदक विजेता मुख्यअतिथि के साथ।

### आखिरी दिन के रोमांचक मुकाबले...

**टूर्नामेंट** के अंतिम दिन हुए बाउट्स ने दर्शकों का दिल जीत लिया। विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। 45 किग्रा वर्ग (महिला) पंजाब की डोली ने पहला स्थान, हरियाणा की दिव्यांशी दूसरे, तनीषा व वंशिका तीसरे स्थान पर। 42 किग्रा वर्ग (पुरुष) शुभ प्रताप प्रथम, श्रेय गर्व द्वितीय। 45 किग्रा वर्ग (पुरुष) अंशुल ने सोना, मानस शर्मा ने रजत। 48 किग्रा वर्ग (पुरुष) अभिराज प्रथम, मनजीत सिंह द्वितीय, बक्श गुरु व प्रज्वल तीसरे। 51 किग्रा वर्ग (पुरुष) वेस्ट बंगाल के दस सैनी प्रथम, गणेश द्वितीय, अभिजीत व वलसान तृतीय। फीमेल वर्ग (40 किग्रा) सोनोवाल भारती प्रथम, मुझवर द्वितीय। फीमेल 48 किग्रा डिंपल ने गोल्ड, धनु ने सिल्वर। फीमेल 52 किग्रा सुभाश्री ने पहला। फीमेल 56 किग्रा एलिस प्रथम। इसी तरह कई भार वर्गों में रोमांचक मुकाबले हुए, जिनमें खिलाड़ियों ने कौशल और जुझारूपन दिखाया।

## विनय ने नौहराधार में 45 लाख से निर्मित पंचायत भवन का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, नाहन**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने अपने सिरमौर प्रवास के दौरान आज रेणुकाजी विधान सभा क्षेत्र के विकास खंड संगडाह के नौहराधार में लगभग 45 लाख रुपए से निर्मित सामुदायिक केंद्र एवं ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान क्षेत्र वासियों ने उपाध्यक्ष का पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ स्वागत किया। उपाध्यक्ष ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायती राज संस्थाएं प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और प्रदेश सरकार इन संस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि रेणुकाजी विधान सभा क्षेत्र के हरिपुरधार तथा नोहराधार की विभिन्न पंचायतों में नाबार्ड द्वारा विधायक प्राथमिकता से 18 करोड़ की 13 सिंचाई जल ईकाइयां स्वीकृत करवाई गई है जिससे इस क्षेत्र के लोगों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त भराड़ी पेयजल योजना के सुधार के लिए भी विधायक प्राथमिकता द्वारा 1 करोड़ रुपए की राशी स्वीकृत की गई है जिससे लोगों को पर्याप्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौहराधार को सीबीएसई बोर्ड में शामिल किया गया है जिससे यहां के विद्यार्थीयों को बेहतर शिक्षा के अतिरिक्त विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को चूडधार सड़क तथा बांदल-लाणा चेता सड़क की शीघ्र मुरम्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपाध्यक्ष ने लोगों की समस्याओं को भी सुना तथा अधिकांश का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया।

स्थानीय पंचायत प्रधान राजेंद्र ठाकुर ने उपाध्यक्ष को शाल, टोपी व सिरमौरी परिधान लोईया भेंट कर सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा सरकार ने बढ़ाया बाजरे का खरीद मूल्य

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने किसानों को राहत देते हुए बाजरे की खरीद मूल्य में वृद्धि का ऐलान किया है। अब राज्य की खरीद एजेंसियां बाजरा 2200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदेंगी, जबकि भावांतर भरपाई योजना के तहत शेष 575 रुपए प्रति क्विंटल किसानों के खातों में सीधे ट्रांसफर किए जाएंगे। इस तरह किसानों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2775 रुपए प्रति क्विंटल की पूरी राशि प्राप्त होगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि पहले खरीद मूल्य 2150 रुपए प्रति क्विंटल था और भावांतर योजना के तहत 625 रुपए प्रति क्विंटल ट्रांसफर किए जा रहे थे। बाजरे के बाजार भाव की हालिया समीक्षा के बाद किसानों के हित को देखते हुए यह संशोधन किया गया है। प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि यदि कोई निजी व्यापारी भी ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से 2200 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक दर पर बाजरा खरीदता है, तब भी सरकार किसानों को 575 रुपए प्रति क्विंटल की अतिरिक्त राशि देगी। इससे किसानों कोएमएसपी से अधिक का लाभ मिलेगा। यह कदम राज्य के किसानों की आय बढ़ाने और उनकी उपज के बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की गंभीरता को दर्शाता है।

### विधायी प्रारूपण ही लोकतंत्र की आत्मा : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि कानून लोकतंत्र की रीढ़ है, लेकिन इसकी असली ताकत इस बात में है कि उसे कितनी स्पष्टता और प्रभावशीलता के साथ तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि विधायी प्रारूपण सिर्फ शब्दों का खेल नहीं, बल्कि न्याय, सुशासन और नागरिक अधिकारों की रक्षा का उपकरण है। वे चंडीगढ़ स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में हरियाणा विधानसभा और लोकसभा की संविधान एवं संसदीय अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में बोल रहे थे। प्रशिक्षण शिविर में विधायी प्रारूपण से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। राज्यपाल ने कहा कि विधायी प्रारूपण एक लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है और इसमें कार्यरत अधिकारियों को न सिर्फ कानूनी विशेषज्ञता, बल्कि नैतिक संवेदनशीलता भी होनी चाहिए, ताकि कानून न्याय और समानता के मूल्यों को दर्शा सके। उन्होंने कहा कि एक अच्छी नीति तभी सफल होती है जब उसका विधायी प्रारूपण सटीक हो। इसके लिए भाषा, कानून, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र और तकनीक की समझ जरूरी है। राज्यपाल ने स्पष्ट कहा कि जितनी बेहतर कानून की भाषा होगी, उतना ही मजबूत हमारा लोकतंत्र होगा।

### इंटरसॉफ्ट ने सरस्वती पुनरुद्धार को दिया 36 लाख का योगदान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को इंटरसॉफ्ट कंपनी के निदेशक संदीप पासे ने सरस्वती नदी के जीर्णोद्धार के लिए 36 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। यह राशि कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के तहत सरस्वती हैरिटेज विकास बोर्ड को सौंपी गई है। मुख्यमंत्री ने इस योगदान के लिए श्री संदीप पासे का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सहयोग राज्य की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में निजी भागीदारी का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि लुप्त हो चुकी सरस्वती नदी का पुनरुद्धार सरकार की प्राथमिकता में शामिल है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य विकास के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित कर आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेज कर रखना भी है। सरस्वती नदी के पुनरुद्धार के कार्य में जनसहयोग और निजी क्षेत्र की भागीदारी एक प्रेरणादायक उदाहरण है। इस अवसर पर सरस्वती हैरिटेज विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री धुम्मन सिंह किरमच, विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार श्री पवन चौधरी उपस्थित थे।

### मां की हत्या करने वाला नशेड़ी बेटा गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** झज्जर में 12 सितंबर को नशे की लत में छोटे बेटे कर्मबीर ने मां कृष्णा की हत्या कर दी थी। पुलिस ने करीब 15 दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार किया। मृतका कृष्णा अपने छोटे बेटे के साथ रहती थी, जो नशे का आदी था और अकसर झगड़ा करता था। हत्या तेजधार हथियार से गले पर वार करके की गई। बड़ी बेटे धर्मपाल ने पुलिस को शिकायत दी थी। पुलिस ने आरोपी कर्मबीर को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां उसे दो दिन के रिमांड पर भेजा गया।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत करनाल नगर निगम ने पांच शहरों को लिया गोद

## मुख्यमंत्री सैनी की मौजूदगी में समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



करनाल के जिला सचिवालय सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत स्वच्छ शहर जोड़ी–समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। स्वच्छता के प्रति मार्गदर्शन के लिए करनाल नगर निगम की ओर से प्रदेश के 5 शहरों की नगर पालिकाओं के साथ एमओयू किया गया। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन व शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल सोनीपत से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश की विभिन्न निकाय संस्थाओं से जुड़े और स्वच्छ शहर जोड़ी पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर सीएम सैनी ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार करनाल को देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ था। अब करनाल प्रदेश के 5 शहरों- सीवन व राजौंद (कैथल), ईस्माइलाबाद (कुरुक्षेत्र), नारनौंद (हिसार) और कालांवाली (सिरसा) का स्वच्छता को लेकर मार्गदर्शन करेगा। इस बारे में आज एमओयू किया गया। उन्होंने कहा कि दूसरे शहरों अथवा कस्बों को भी स्वच्छ, सुंदर व हरा भरा बनाने के लिए निर्धारित मापदंडों को पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम हरियाणा के शहरों के बीच भी स्वच्छता की प्रतियोगिता आयोजित करेंगे। हमने हरियाणा के शहरों की रैंकिंग भी तय की है। उसके लिए कुछ पैरामीटर भी तय किए हैं। नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद क्षेत्र में साफ-सफाई के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, ताकि प्रधानमंत्री मोदी का जो सपना है कि प्रदेश साफ - सुथरा हो, शहर स्वच्छ हों, हरे भरे हों, उसे साकार किया जा सके। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सैनी ने कहा कि स्वच्छता में बेहतर रैंकिंग पाने वाले शहरों ने आज पांच-पांच अन्य शहरों को गोद लिया है, ताकि भविष्य में इन्हें भी स्वच्छ बनाया जा सके। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि धान की खरीद जारी है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मंडियों में इलेक्ट्रॉनिक कांटे लगें, ताकि मंडियों में धान की खरीद सही तरीके से हो।

### पौधरोपण के बाद उसकी देखभाल भी करें : राव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** वन एवं वन्य जीव विभाग तथा इस्कॉन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आज गुरुग्राम के गांव भौंडसी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने शिरकत की और ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। कार्यक्रम में सोहना के विधायक तेजपाल तंवर भी मौजूद रहे। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे केवल पौधा लगाने तक ही सीमित न रहें, बल्कि उसकी देखभाल उसी प्रकार करें जैसे अपनी संतान की करते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के साथी हैं और इनके संरक्षण से ही स्वस्थ वातावरण और बेहतर भविष्य सुनिश्चित हो सकता है।

पर्यावरण मंत्री ने चिंता जताते हुए कहा कि अगर पर्यावरण ठीक नहीं रहेगा तो आर्थिक स्थिति का भी कोई महत्व नहीं होगा। बरसात के मौसम में महज दो महीने ही वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सामान्य रहता है, जबकि शेष 9-10 महीने प्रदूषण हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को प्रभावित करता है। उन्होंने नागरिकों से पॉलिथीन से परहेज करने की भी अपील की।

# पंचकूला में नवरात्र की गरिमा के संग गरबा–डांडिया की धूम

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**

शारदीय नवरात्र केवल पूजा–पाठ और उपवास का पर्व नहीं, बल्कि संस्कृति, रंग, संगीत और नृत्य का उत्सव भी है। इसी भावना के साथ राजस्थान परिषद युवा मंच द्वारा पंचकूला के ओस्वा वेन्यू में आयोजित डांडिया नाइट्स में पारंपरिक परिधान, राजस्थानी–गुजराती संगीत और भक्तिभाव का अनूठा संगम देखने को मिला।

**पारंपरिक गीतों और माता रानी की भक्ति से सराबोर हुआ माहौल**

कार्यक्रम में जैसे ही 'केसरिया रंग तने लाग्यो ना गरबा' और 'पंखिड़ा रे उड़ने जाजे पावागढ़ रे' जैसे पारंपरिक गीत बजे, तो पूरे माहौल में उमंग और उल्लास की लहर दौड़ गई। डीजे की थाप पर महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक डांडिया खनकाते हुए माता रानी की भक्ति में झूम उठे।

राजस्थान परिषद के प्रधान राज किशोर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ना है।

वहीं, युवा मंच टीम (2025–26) की नीतू विनोद सेठिया, डिम्पल किशनलाल बोथरा और रजनी गिरीश रखेचा ने बताया कि नवरात्र भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण उत्सव है, जो युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ता है।

कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी की आरती से हुई, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। इसके बाद गरबा और डांडिया रास का सिलसिला शुरू हुआ। मंच पर गुजराती और राजस्थानी वेशभूषा में सजे लोग लोकगीतों और भक्ति संगीत पर जमकर थिरके। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं, जिसमें विजेताओं को सम्मान स्वरूप परितोषिक भेंट किए गए। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने राजस्थानी पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। आयोजन ने भक्ति, संस्कृति और आनंद का अनूठा संगम प्रस्तुत किया।

# श्रीमद् भागवत कथा में झूम उठा चंडीगढ़ इंद्रेश महाराज ने बांधा भक्ति का रंग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




श्री कृष्ण प्रिया जू संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में शनिवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं वृंदावन प्राकट्य उत्सव की भव्य शुरुआत हुई। पहले दिन ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण राधा–गोविंद के जयकारों से गूंज उठा। विश्वविख्यात कथाव्यास परम पूज्य इंद्रेश महाराज ने अपनी मधुर वाणी और भक्तिमयी शैली से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी कथा सुनते ही चंडीगढ़ मानो वृंदावन बन गया और भक्त प्रभु भक्ति में झूम उठे।

इस मौके पर प्रसिद्ध गायक बी प्राक ने कहा कि यह कथा आयोजन 3 अक्तूबर तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन भजन संध्या का भी आयोजन होगा, जिसमें देश के ख्याति प्राप्त संत और कलाकार भाग लेंगे। आगामी दिनों में बागेश्वर सरकार, मोहित मराल (राधा वल्लभ से), चित्र विचित्र, जया किशोरी सहित अन्य संतों की उपस्थिति कथा में रहेगी। कार्यक्रम में मुनीश बजाज, संदीप चुग, तनमे बंसल, हैप्पी और युवराज गुप्ता भी मौजूद रहे।

# फोर्टिस में बिना सर्जरी बदला दिल का वॉल्व, मरीज की जान बचाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** फोर्टिस हॉस्पिटल, मोहाली की कार्डियोलॉजी टीम ने डॉ. आरके जसवाल के नेतृत्व में एक 62 वर्षीय मरीज का ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) सफलतापूर्वक किया। मरीज को गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस था और वह ओपन–हार्ट सर्जरी के लिए उपयुक्त नहीं था।



सामान्यत: टीएवीआर प्रोसीजर में ग्रोइन आर्टरी से वाल्व को दिल तक पहुंचाया जाता है, लेकिन इस केस में मरीज का वॉल्व बुरी तरह अवरुद्ध और विकृत था। ऐसे में डॉक्टरों ने ग्रोइन वेन के जरिए दिल के दाहिने चैंबर से बाएं हिस्से में पहुंचने की जटिल प्रक्रिया अपनाई। नया वॉल्व पुराने के अंदर इम्प्लांट कर, रक्त प्रवाह को तुरंत नियंत्रित किया गया। डॉ. जसवाल ने इस दुर्लभ केस को इंडिया वाल्व 2025 कॉन्फ्रेंस में भी प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि टीएवीआर ओपन–हार्ट सर्जरी का बेहतरीन विकल्प है और हमने मरीज की जान बिना चीरफाड़ के बचाई। सर्जरी के तीन दिन बाद मरीज को स्वस्थ अवस्था में छुट्टी दे दी गई।

# खरड़ हाउसिंग विवाद : एमर्जिंग इंडिया ग्रुप ने लौटाए 180 से अधिक ग्राहकों के पैसे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



खरड़ सेक्टर–115 में एमर्जिंग इंडिया हाउसिंग ग्रुप द्वारा 2011 में शुरू किए गए आवासीय प्रोजेक्ट को लेकर वर्षों से चली आ रही जद्दोजहद अब समाधान की ओर बढ़ रही है। 2018 में 300 से अधिक घरों का पजेशन देने के बावजूद पंजाब शहरी विकास प्राधिकरण (पुडा) द्वारा प्रोजेक्ट में खामियां बताते हुए निर्माण गिरा दिया गया, जिससे 350 से अधिक परिवार प्रभावित हुए और लगभग 200 करोड़ रुपए के दावे फंसे रह गए।

कंपनी के तीन निदेशक विदेश भाग गए, लेकिन समूह निदेशक गुरप्रीत सिंह सिद्धू ने पंजाब नहीं छोड़ा। उन्होंने कंज्यूमर कमिशन की निगरानी में अब तक 180 से अधिक ग्राहकों को पैसा, प्लॉट या घर लौटाए हैं। बाकी 100 से अधिक मामलों का निपटारा वे सप्ताह में तीन दिन जेल से बाहर आकर स्वयं कर रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संतुष्ट लाभार्थियों ने वर्षों बाद समाधान मिलने पर राहत जताई। अधिकारियों ने इस मुआवजा प्रक्रिया को विश्वास बहाली का बड़ा कदम बताया और कहा कि शेष मामलों का भी पारदर्शिता से समाधान होगा। गौरतलब है, गुरप्रीत सिद्धू को 2025 में आत्मसमर्पण के बाद जमानत रद्द होने पर दोबारा जेल भेजा गया था, लेकिन उन्होंने कानूनी चुनौतियों के बावजूद मुआवजा प्रक्रिया जारी रखी।

## देश-विदेश

### पाक पीएम के जीत के दावे पर भारत का करारा जवाब

# अगर बर्बाद एयरबेस जीत लगते हैं तो पाकिस्तान जश्न मनाए : गहलोत

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने और झूठ बोलने का आरोप लगाया है। भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कहा, 'पाकिस्तान के पीएम ने बेतुके नाटक किए। वे आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं, जो उनकी विदेश नीति का हिस्सा है। कोई भी ड्रामा या झूठ सच को नहीं छिपा सकता।' गहलोत ने शरीफ के मई संघर्ष के दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा, '9 मई तक पाकिस्तान भारत पर हमले की धमकी दे रहा था। 10 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस को नष्ट कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने जंग रोकने की गुहार लगाई। अगर जले और बर्बाद एयरबेस जीत है, तो पाकिस्तान इसका जश्न मनाए।'



**आतंकवादियों को सम्मान देता है पाकिस्तान**

**गहलोत** ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के बहावलपुर और मुरीदके में मारे गए आतंकियों का जिक्र किया और कुख्यात आतंकवादियों को श्रद्धांजलि और सम्मान देने का भी आरोप लगाया। गहलोत ने आगे कहा, 'एक तस्वीर हजार शब्द बयां करती है। जब पाकिस्तानी सैन्य और अधिकारी खुलकर आतंकवादियों को श्रद्धांजलि देते हैं, तो क्या इससे शासन पर संदेह नहीं होगा?'

दरअसल, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने यूएन में भारत को दुश्मन बताया। साथ ही दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी और भारत के 7 विमान गराए थे। (अनंत ज्ञान)

### गुरुग्राम में डिवाइडर से टकराकर पलटी थार, पांच की मौत

**एजेंसी, गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार सुबह दिल्ली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार थार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसे मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूपी नंबर की इस काले रंग की थार में कुल 6 लोग सवार थे। हादसे में दो युवक और तीन युवतियों की मौत हुई है। एक मृत युवती की पहचान प्रतिष्ठा मिश्रा के रूप में हुई है, जो रायबरेली के जज चंद्रमणि मिश्रा की बेटी हैं। घटना की सूचना मिलते ही गुरुग्राम पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। हादसे से पहले का एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया, जिसमें थार हाईवे पर तेज रफ्तार में निकलती हुई नजर आ रही है। (अनंत ज्ञान)

# बरेली बवाल : यूपी पुलिस ने मौलाना तौकीर समेत आठ आरोपी भेजे जेल

**एजेंसी, बरेली**

बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शनिवार को मौलाना तौकीर रजा खां समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अलग–अलग थानों में 10 मुकदमे दर्ज किए हैं। एक मुकदमे में मौलाना तौकीर को बलवा कराने का आरोपी बनाया गया है। गिरफ्तारी के बाद मौलाना समेत आठों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि जुमे की नमाज के बाद अलग–अलग जगहों पर हिंसक प्रदर्शन किया। इसमें अब तक कुल 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं। कोतवाली में पांच, बारादरी में दो, थाना किला, प्रेमनगर और कैंट में एक–एक एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस 39 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। (अनंत ज्ञान)

**जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद, 10 मुकदमे**

**बरेली** जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। बीएसएनएल क्षेत्रीय कार्यालय के जीएम पंकज पोरवाल ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सोशल मीडिया पर जो पत्र वायरल हुआ है, वह सही है। बवाल के मामले में पुलिस ने शहर के अलग-अलग पांच थानों में 10 मुकदमे दर्ज किए हैं। कोतवाली में दर्ज बलवे के मुकदमे में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को आरोपी बनाया गया है, जबकि बाकी मुकदमों में मौलाना के समर्थक नामजद हैं। फाइक एनक्लेव निवासी बरातघर संचालक फरहत और उसके बेटे को बारादरी पुलिस ने जांच के आधार पर मुकदमे में शामिल किया है।

### मुंबई पुलिस ने नष्ट की 26.48 करोड़ की ड्रग्स

**एजेंसी, मुंबई।** नवी मुंबई पुलिस ने अपनी एंटी-नारकोटिक्स अभियान के तहत 26.48 करोड़ रुपए की ड्रग्स नष्ट की। एक अधिकारी ने बताया कि यह ड्रग्स 35 अलग-अलग मामलों में जब्त की गई थी और शुक्रवार को रायगढ़ जिले के तलोजा स्थित मुंबई वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी में आधिकारिक तौर पर नष्ट की गई। पुलिस के अनुसार, यह इस साल का दूसरा बड़ा ऑपरेशन है। इससे पहले 26 फरवरी को 79 मामलों में जब्त 11.61 करोड़ रुपए की ड्रग्स नष्ट की गई थी। इस तरह, इस साल अब तक करीब 38 करोड़ रुपए की ड्रग्स कानूनी रूप से नष्ट की जा चुकी है। साल 2023 से अब तक पुलिस ने 1,831 मामले दर्ज किए, 2,854 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 70.18 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की है। (अनंत ज्ञान)

### न्यूयॉर्क में लगे 'यूनुस पाकिस्तानी है' के नारे

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** बांग्लादेशी प्रवासियों ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र हेडक्वार्टर के बाहर मुख्य सलाहाकार मोहम्मद यूनुस के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस को पाकिस्तानी करार देते हुए यूनुस इज पाकिस्तानी और गो बैक टू पाकिस्तान जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारी बोले यूनुस बांग्लादेश को तालिबान जैसा देश बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूनुस इस्लाम-वादी ताकतों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस पर अगस्त 5, 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूनुस के सत्ता में आने के बाद से मानवाधिकारों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### इसराइली हमलों में गाजा में 38 लोगों की मौत

**एजेंसी, गाजा।** इसराइल द्वारा गाजा में बीती रात किए गए हवाई हमलों में कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि भले ही इसराइल पर युद्धविराम को लेकर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमले जारी रखने पर अड़े हुए हैं। शनिवार तड़के मध्य और उत्तरी गाजा में हुए हमलों में कई लोग अपने घरों में मारे गए। इनमें नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक ही परिवार के नौ सदस्य शामिल थे। उनके शव अल-अवदा अस्पताल लाए गए हैं। शनिवार सुबह गाजा सिटी के तुफाह इलाके में एक घर पर किए गए हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे थे। (अनंत ज्ञान)

### संयुक्त राष्ट्र में नेतन्याहू के भाषण का बॉयकॉट

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** इसराइली पीएम नेतन्याहू के भाषण का संयुक्त राष्ट्र में बॉयकॉट किया गया। नेतन्याहू ने जैसे ही यूएन महासभा में स्पीच देना शुरू किया, 50 देशों के सौ डिप्लोमैट्स हॉल से बाहर चले गए। वॉकआउट करने वाले देशों में ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया सहित वे देश शामिल थे, जिन्होंने हाल ही में फिलिस्तीन को मान्यता दी है। अमेरिका और ब्रिटेन के प्रतिनिधि कक्ष में मौजूद रहे, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों की जगह जूनियर राजनयिक बैठे थे। हालांकि, नेतन्याहू ने भाषण जारी रखा। नेतन्याहू ने कहा कि पिछले एक साल में हालात बदल गए हैं। इसराइल ने अपने सभी दुश्मनों को खत्म कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि इसराइल ने यमन में हूती, गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह, सीरिया में असद और सबसे अहम ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को तबाह कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### नेपाल के पूर्व पीएम ओली 18 दिन के बाद दिखे

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली इस्तीफा देने के 18 दिन बाद सार्वजनिक रूप से दिखे। वे पार्टी के छात्र संगठन के कार्यक्रम में भक्तपुर पहुंचे। उन्होंने जेन-जी विरोध प्रदर्शन के बीच 9 सितंबर को पद से इस्तीफा दे दिया था। देशभर में हो रही हिंसा के बीच ओली को नेपाली सेना ने हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया थाए फिर उन्हें एक अस्थायी आवास में शिफ्ट करा दिया गया था। बैठक में ओली ने कहा कि हम देश को तमाशे वाली सरकार के हवाले करके विदेश नहीं जा सकते। ओली ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार जनता की इच्छा से नहीं बनी है, बल्कि हिंसा और तोड़फोड़ के सहारे बनी है। (अनंत ज्ञान)


### हाइब्रिड मॉडल से चल रहा पाकिस्तानः ख्वाजा

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि देश में शासन का संचालन हाइब्रिड मॉडल के तहत होता है, जहां सेना और नागरिक सरकार मिलकर फैसले लेती है। आसिफ ने यह बयान एक पत्रकार को दिए एक साक्षात्कार में दिया है। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान की सत्ता में सेना का दखल है और निर्णय सहमति से लिए जाते हैं। जब ख्वाजा आसिफ से पूछा गया कि पाकिस्तान में सेना प्रमुख का प्रभाव इतना ज्यादा क्यों है कि रक्षा मंत्री भी उसके अधीन दिखाई देते हैं। इस पर आसिफ ने कहा, 'यह पूरी तरह समान नहीं है, लेकिन फैसले सहमति से लिए जाते हैं। हम असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में सामूहिक निर्णय ही लागू होता है। (अनंत ज्ञान)

# घुसपैठियों को चुन–चुनकर बाहर निकालेंगे : शाह

**एजेंसी, पटना**

अमित शाह ने शनिवार को बिहार के अररिया में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मालिक कहा। अमित शाह ने कहा कि सभी दल नेताओं के आधार पर चुनाव जीतते हैं, सिर्फ हमारी पार्टी ऐसी है कि जिसको चुनाव जिताने का दम नेताओं में नहीं कार्यकर्ताओं में होता है। शाह ने घोटालों को लेकर लालू परिवार पर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि, 'राहुल गांधी चाहते हैं कि घुसपैठियों को वोट का अधिकार मिले। सीमांचल वालों घुसपैठियों का वोट का अधिकार मिलना चाहिए क्या। राहुल बाबा कान खोलकर सुन लो, बिहार और देश से चुन–चुनकर घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे। यह बिहार से घुसपैठियों को बाहर निकालने का चुनाव हैं।' (अनंत ज्ञान)



# सुरक्षा परिषद में भारत–जापान को मिले स्थायी सीट : भूटान

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में विश्व समुदाय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में बड़े सुधार की मांग की। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सुरक्षा परिषद में भारत और जापान जैसे योग्य देशों को स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए, ताकि आज की वैश्विक परिस्थितियों और जटिल चुनौतियों को सही तरीके से दर्शाया जा सके। तोबगे ने कहा कि दुनिया आज कई गंभीर संकटों से जूझ रही है, जिनमें जलवायु संकट, गरीबी और लगातार बढ़ते संघर्ष शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'भूटान संयुक्त राष्ट्र में सुधार का समर्थन करता है, जिसमें सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थायी दोनों तरह की सदस्यता का विस्तार शामिल है। एक सुधारित सुरक्षा परिषद में भारत और जापान जैसे योग्य और सक्षम देशों के साथ अन्य अग्रणी देशों को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि आज की जटिल वास्तविकताओं को सही तरीके से प्रतिबिंबित किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तानी जासूस के संपर्क में थे सोनम वांगचुक : डीजीपी

**एजेंसी, लेह**

लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक का पाकिस्तान इंटेलीजेंस ऑपरेटिव के एक सदस्य से संपर्क में थे। पाकिस्तान इंटेलीजेंस ऑपरेटिव मेंबर को पुलिस ने कुछ दिनों पहले ही पकड़ा था। वह जरूरी जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था। हमारे पास इसका रिकॉर्ड है। यही नहीं वांगचुक पाकिस्तान के न्यूजपेपर डॉन के एक इवेंट कार्यक्रम में शामिल भी हुए थे। इसके अलावा वह बांग्लादेश भी जा चुके हैं। फिलहाल इन सभी मामलों की जांच जारी है। बता दें कि वांगचुक को शुक्रवार दोपहर पुलिस ने उनके गांव उल्याकटोपो से गिरफ्तार किया था। उन्हें एयरलिफ्ट कर राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल भेजा गया। वांगचुक पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है, जिसके तहत लंबे समय तक बिना जमानत हिरासत में रखा जा सकता है। सरकार ने वांगचुक को लेह में 24 सितंबर को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया था। इस हिंसा में 4 युवकों की मौत हुई थी और 80 लोग घायल हुए थे, जिनमें 40 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। लेह में तीन दिन के कर्फ्यू के बाद शनिवार दोपहर चार घंटे के लिए ढील दी गई। (अनंत ज्ञान)

**वांगचुक के बांग्लादेश के दौरे की भी हो रही जांच**

**आह्वान** न्यूयॉर्क में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ब्रिक्स देशों से की अपील

# ब्रिक्स बने बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का रक्षक

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ब्रिक्स देशों से अपील की है कि वे बढ़ते संरक्षणवाद और टैरिफ में उतार–चढ़ाव के बीच बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की रक्षा करें। उन्होंने यह अपील संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र के दौरान न्यूयॉर्क में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में की।

जयशंकर ने कहा, 'जब बहुपक्षवाद पर दबाव होता है, तब ब्रिक्स ने हमेशा समझदारी और रचनात्मक बदलाव की मजबूत आवाज उठाई है। अशांत दुनिया में ब्रिक्स को शांति, संवाद, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन का संदेश और मजबूत करना होगा।'

### यूएन में सुधार के लिए उठाएं आवाज

**भारत** के विदेश मंत्री जयशंकर ने ब्रिक्स देशों से संयुक्त राष्ट्र के मुख्य अंगों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में तकनीक और नवाचार ब्रिक्स सहयोग का अगला चरण तय करेंगे। भारत की 2026 में होने वाली ब्रिक्स अध्यक्षता को लेकर उन्होंने कहा कि उस दौरान भारत खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसके लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, स्टार्ट–अप्स, नवाचार और विकास सहयोग को मजबूत बनाया जाएगा।



### कई देशों के विदेश मंत्रियों से मिले

**एस.** जयशंकर ने कई देशों के विदेश मंत्रियों से भी मुलाकात की। इनमें सिएरा लियोन, रोमानिया, क्यूबा, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, रूस, उरुग्वे, कोलंबिया और एंटीगुआ एंड बारबुडा शामिल थे। उन्होंने यूएई के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से भी मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। ऑस्ट्रिया की विदेश मंत्री बीटे माइनल–राइजिंगर के साथ उन्होंने भारत और यूरोप के सामने मौजूद चुनौतियों और विकल्पों पर बातचीत की। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ उनकी मुलाकात में यूक्रेन संघर्ष, द्विपक्षीय संबंध और पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा हुई। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### यूएई की थेकरा अलकाबी ने 100 मीटर थ्री-व्हील फ्रेम रनिंग में जीता स्वर्ण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की थेकरा अलकाबी ने शनिवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन महिलाओं की 100 मीटर टी71 फ्रेम रनिंग स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता। टी71 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जिनके धड़ और पैरों में गतिशीलता काफी हद तक प्रभावित होती है। अलकाबी 19.89 सेकेंड का समय निकालकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम करने में सफल रही। इस 23 साल की खिलाड़ी ने लिथुआनिया की बेला मोरकस के इस साल जुलाई में कायम 20.08 सेकेंड के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। मोरकस ने यहां 21.53 सेकेंड के समय के साथ रजत, जबकि पोलैंड की मिरियम डोमिनिकोवस्का ने 23.56 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 से 0-5 से हारी

**एजेंसी, कैनबरा।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम के खिलाफ 0-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जो मौजूदा दौरे पर टीम की लगातार दूसरी हार है। ऑस्ट्रेलिया के लिए मकायला जोन्स (10वें, 11वें और 52वें मिनट) ने हैट्रिक बनाई जबकि सैमी लव (38वें मिनट) और मिगालिया होवेल (50वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। भारत को शुक्रवार को पहले मैच में कड़े मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। मेहमान टीम को दूसरे मैच में वापसी की उम्मीद थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती से ही आक्रामक रुख अपनाया और भारतीय टीम को कोई मौका नहीं दिया। मकायला ने जल्दी-जल्दी दो गोल दागकर शुरुआत में ही भारतीय टीम को बैकफुट पर ला दिया। दूसरे हाफ में भी ऑस्ट्रेलिया ने हमले जारी रखे और मौकों का फायदा उठाया। (अनंत ज्ञान)

### इस सदी में सबसे तेज 100 गोल करने वाले खिलाड़ी बने हैरी केन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बायर्न म्यूनिख के स्टार स्ट्राइकर हैरी केन ने क्लब के लिए अपना 100वां गोल करके एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने केवल 104 मैचों में यह मुकाम हासिल कर इस सदी के सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने किसी एक क्लब के लिए 100 गोल किए। केन ने इस रिकॉर्ड के साथ क्रिस्टियानो रोनाल्डो और एर्लिंग हैलैंड को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने क्रमशः रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के लिए 100 गोल 105 मैचों में पूरे किए थे। इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन, जिन्होंने पिछले हफ्ते होफेनहाइम के खिलाफ हुए 4-1 के मैच में हैट्रिक बनाई थी, उन्होंने वर्डर ब्रेमेन के खिलाफ 44वें मिनट में पेनाल्टी के जरिए बायर्न को 2-0 की बढ़त दिलाई। यह उनका बुंडेसलीगा में लगातार 18वां सफल पेनाल्टी गोल था, जिससे उनका रिकॉर्ड बेदाग रहा। बायर्न म्यूनिख ने वर्डर ब्रेमेन को 4-0 से हराया, जिसमें अन्य दो गोल जोनाथन ताह और कोनराड लैइमर ने किए। 32 वर्षीय हैरी केन, जो अब तक इस सीज़न बायर्न के पांच मैचों में 10 गोल के साथ बुंडेसलीगा का अग्रणी गोल स्कोरर है, 2023 में टॉटेनहम हॉटस्पर से बायर्न म्यूनिख में शामिल हुए थे। (अनंत ज्ञान)

### चार्लोट डी व्रीस का खूबसूरत अंदाज

**अमेरिका।** चार्लोट डी व्रीस एक अमेरिकी फील्ड हॉकी खिलाड़ी हैं, जो ईगल्स और यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल टीम के लिए मिडफील्डर और फॉरवर्ड के रूप में खेलती हैं। उन्होंने अप्रैल 2022 में अर्जेंटीना के खिलाफ प्रो लीग मैच के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए अपना सीनियर डेब्यू किया।



## एशिया कप फाइनल | पाक के खिलाफ एक बार फिर एकजुट होकर खेलना होगा भारत को

# भारत-पाक के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला आज

**एजेंसी, दुबई**

जीत ही सब कुछ नहीं होती, लेकिन रविवार को जब 11 भारतीय क्रिकेटर एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरेंगे, तो उनका एकमात्र लक्ष्य जीत हासिल करना होगा। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले ने खेल और राजनीति की सीमाओं को धुंधला कर दिया है। अमेरिकी लेखक माइक मार्कुसी ने ऐसे मौकों को 'बिना गोलीबारी का युद्ध' बताया था और इस बार यह बिल्कुल सटीक बैठता है।

भारत-पाकिस्तान मुकाबले में हमेशा से तनाव और रोमांच रहा है, लेकिन इस बार माहौल कुछ अधिक ही गर्म है। बात सिर्फ खेल तक सीमित नहीं रही। पहले मैच में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का टॉस और मैच के बाद हाथ नहीं मिलाना चर्चा का विषय बना, तो पाकिस्तान के हारिस राऊफ ने इसका जवाब तानों और अशोभनीय इशारों से दिया। नतीजा दोनों पर आईसीसी ने जुर्माना लगाया। राजनीतिक रंग भी इसमें भरपूर दिखा। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी लगातार सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करते रहे। वहीं, मैदान में क्रिकेट अपने आप में रोमांचक बना रहा। भारत अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहा है। अभिषेक शर्मा ने 309 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि कुलदीप यादव के 13 विकेट ने गेंदबाजी में दम दिखाया।

हालांकि, भारत की बल्लेबाजी अभिषेक पर बहुत अधिक निर्भर रही है। तिलक वर्मा 144 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं, लेकिन बाकी बल्लेबाज उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके हैं। दूसरी ओर, पाकिस्तान की बल्लेबाजी और भी कमजोर रही है। सईम अयूब का अभियान निराशाजनक रहा, वह भी चार बार शून्य पर आउट हुए। हुसैन तलत और सलमान अली आगा भी भारतीय स्पिनरों के सामने टिक नहीं सके। रविवार का फाइनल एक बार फिर स्पिनरों की चाल और तेज गेंदबाजों की धार तय करेंगे। अगर शाहीन अफरीदी और हारिस राऊफ भारतीय टॉप ऑर्डर को जल्दी आउट कर दें, तो यह लो-स्कोरिंग मुकाबला हो सकता है। लेकिन भारत की तरह पाकिस्तान भी कुछ खिलाड़ियों पर ही निर्भर नजर आता है। आखिर में, चाहे जीत 'बदसूरत' हो या शानदार, भारत के लिए फाइनल का केवल एक ही सुखद अंत है, पाकिस्तान पर जीत। (अनंत ज्ञान)



### सूर्यकुमार यादव से बड़ी पारी की उम्मीद

**असली** सवाल यह है कि क्या भारत के बाकी खिलाड़ी अभिषेक का बखूबी साथ निभा पाएंगे। सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद है। शुभमन गिल मुकाबले को खत्म नहीं कर पा रहे, जबकि संजू सैमसन और तिलक जैसे खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ महज औपचारिकता के मैच में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। अब तक अभिषेक ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अगर वह असफल रहे तो क्या होगा?

**मैच : रात 8.00 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह।

**पाकिस्तान:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस राऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी और सुफयान मोकिम।

## कप्तान सूर्यकुमार के सामने एशिया कप फाइनल में बल्लेबाज के तौर पर चमक बिखेरने की चुनौती

**एजेंसी, दुबई**

कप्तान के तौर पर एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में अब तक शानदार परिणाम हासिल करने वाले सूर्यकुमार यादव बल्ले से अपनी ख्याति के मुताबिक चमक बिखेरने में नाकाम रहे हैं, लेकिन रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले फाइनल में उनके पास शानदार मौका होगा। सूर्यकुमार का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में नाबाद 47 रन रहा है। उन्होंने यह पारी तब खेली जब टीम जीत के लिए छोटे लक्ष्य का पीछा कर रही थी और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 31 रन की ताबड़तोड़ पारी से टीम के अन्य बल्लेबाजों से दबाव पूरी तरह से हटा दिया था।

कप्तान बनने के बाद सूर्यकुमार की बल्लेबाजी में थोड़ी गिरावट देखने को मिली है। इसका एक कारण उनके बल्लेबाजी क्रम में लगातार बदलाव करना भी है। सूर्यकुमार युवा खिलाड़ियों को बल्लेबाजी का ज्यादा मौका देने के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को आगे पीछे करते रहे हैं। सूर्यकुमार ने 2024 में 15 पारियों में चार अर्धशतक की मदद से 420 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान 271 गेंदें खेली और उनका स्ट्राइक-रेट 155 रहा। इन 15 पारियों में उन्होंने 40 चौके और 22 छक्के लगाए। उनकी डॉट गेंद का प्रतिशत 35 के आसपास का रहा। भारतीय कप्तान ने साल 10 पारियों में 90 गेंदों पर केवल 99 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक-रेट गिरकर 110 हो गया है। इसका मुख्य कारण उनके बल्लेबाजी क्रम में खुद से किए गए बदलाव का भी योगदान है। इसमें से ज्यादातर मैचों में भारतीय टीम इतनी हावी रही है कि पहले गेंदबाजी करने पर उसे जीत के लिए छोटे लक्ष्य मिले।

टीम ने जब पहले बल्लेबाजी की तो अभिषेक और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों की बड़ी पारियों के कारण सूर्यकुमार को क्रीज पर समय बिताने का बहुत कम समय मिला। इसमें सबसे चिंताजनक बात यह है कि उन्होंने इन 10 पारियों में वह केवल 10 चौके और तीन छक्के ही लगाए हैं। उनकी डॉट बॉल का प्रतिशत लगभग 48 तक बढ़ गया है जिसका मतलब है कि वह लगभग हर दो गेंदों में एक डॉट बॉल खेल रहे हैं। भारत के पूर्व विकेटकीपर दीप दासगुप्ता ने पीटीआई से कहा, ''मैं चाहता हूं कि कप्तान सूर्यकुमार बल्लेबाज सूर्यकुमार की परवाह करे। वह जिस तरह तिलक (वर्मा), संजू या अभिषेक की परवाह करते हैं, उसी तरह उन्हें विश्व स्तरीय बल्लेबाज सूर्यकुमार की भी परवाह करनी चाहिए।'' (अनंत ज्ञान)

## ताइवान में युवराज संधू कट हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय गोल्फर



**एजेंसी, ताइपे सिटी।** युवराज संधू दूसरे दौर में दो ओवर 74 के स्कोर से शनिवार को यहां मरकरीज ताइवान मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय गोल्फर रहे। दो दौर के बाद संधू का कुल स्कोर चार ओवर है और वह संयुक्त रूप से 36वें स्थान पर हैं। इस बीच विराज मादप्पा (82-69), शिव कपूर (76-77), राहिल गंगजी (80-74), एसएसपी चौरसिया (79-75), अजितेष संधू (79-77) और राशिद खान (77-82) कट हासिल करने में नाकाम रहे। भारतीय अमेरिकी मानव शाह भी दूसरे दौर में चार ओवर 76 के स्कोर से कुल छह ओवर से स्कोर से कट हासिल नहीं कर पाए। (अनंत ज्ञान)


## लाकोस्टे लेडीज ओपन में प्रणवी शीर्ष 20 में



**एजेंसी, ड्यूविले ( फ्रांस )।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स दूसरे दौर में तीन अंडर 68 के स्कोर से यहां लेडीज यूरोपीय टूर के लाकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस में संयुक्त 16वें स्थान पर हैं। प्रणवी का दो दौर के बाद कुल स्कोर चार अंडर है। प्रतियोगिता में एक दौर का खेल बाकी है। दीक्षा डागर भी दूसरे दौर में दो अंडर 69 के स्कोर से कट हासिल करने में सफल रहीं। एक अंडर के कुल स्कोर से वह संयुक्त 44वें स्थान पर हैं। त्वेसा मलिक (74-72) और अवनि प्रशांत (73-74) कट हासिल करने में नाकाम रहीं जो एक ओवर पर तय किया गया था। पिछले हफ्ते ला सेला ओपन का खिताब जीतने वाली कनाडा की ऐना हुआंग दूसरे दौर में सात अंडर 64 का स्कोर बनाने के बाद शीर्ष पर हैं। (अनंत ज्ञान)

## विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में शीतल देवी ने जीता पहला स्वर्ण

**एजेंसी, ग्वांग्जू ( दक्षिण कोरिया )**



भारतीय पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने महिला कॉम्पाउंड ओपन फाइनल में तुर्की की ओजनूर क्यूरे गिरदी को हराकर विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता है।

स्वर्ण पदक मैच में शीतल ने दूसरे राउंड से बढ़त बनाई और पूरे खेल में मजबूती बनाए रखते हुए 146-143 से फाइनल अपने नाम किया। इस जीत के साथ शीतल ने तीन बार की विश्व चैम्पियन और 2024 पेरिस पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता को मात दी।

यह शीतल का उस दिन का तीसरा मेडल था। उन्होंने पहले टीम इवेंट में रजत और कांस्य पदक भी जीते। दिन की शुरुआत में, शीतल देवी ने सरिता के साथ महिला कॉम्पाउंड ओपन टीम इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया, जहां तुर्की ने फाइनल में उन्हें हराया। इसके बाद शीतल ने टोमन कुमार के साथ मिश्रित टीम कॉम्पाउंड ओपन इवेंट में कांस्य पदक जीता, जब उन्होंने ग्रेट ब्रिटेन के नाथन मैकक्वीन और जोड़ी ग्रिनहम को मात दी। शीतल देवी की इस शानदार प्रदर्शन ने भारतीय पैरा तीरंदाजी को गौरवान्वित किया और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाई। (अनंत ज्ञान)

## शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक चीन ओपन के तीसरे दौर में

**एजेंसी, बीजिंग**



विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने शनिवार को युआन यू को सीधे सेट में 6-0, 6-3 से हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश करके डब्ल्यूटीए टूर में इतिहास रच दिया। डब्ल्यूटीए ने कहा कि शनिवार की जीत के साथ स्वियातेक लगातार तीन सत्र में डब्ल्यूटीए-1000 स्पर्धाओं में 25 या उससे अधिक जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। अन्य मुकाबलों में चौथी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा ने चीन की झू लिन को 6-2, 6-2 से हराया जबकि अमेरिका की ऐमा नवारो ने एलेना-गैब्रियल रुसे को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी। (अनंत ज्ञान)

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दीप्ति जीवनजी 400 मीटर टी20 फाइनल में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत का विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अभियान शानदार तरीके से शुरू हुआ, जब धाविका दीप्ति जीवनजी ने शुक्रवार को यहां सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ महिलाओं की 400 मीटर टी20 स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।
तेलंगाना की 22 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती दौर की दूसरी हीट में 58.35 सेकेंड का समय लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पहली हीट में वेनेजुएला की लियोनेला कोरोमोटो वेरा कोलिना ने 57.10 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया जो उनका भी सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय है। मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक तुर्की की आयसेल ओन्डर 57.88 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।ओन्डर ने पिछले साल पेरिस पैरालंपिक में 54.96 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। यूक्रेन की यूलिया शुलियार (58.01 सेकेंड) ने हीट एक में तीसरा स्थान हासिल किया जबकि डोमीनिकन गणराज्य की डायना विवेनेस (59.41 सेकेंड) और ऑस्ट्रेलिया की तेलाया ब्लैकस्मिथ (एक मिनट 0.10 सेकेंड) ने हीट दो में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

## पीसीबी चेयमैन ने रऊफ पर लगे जुर्माने को भरने का किया ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



एशिया कप में आज सबसे रोमांचक और फाइनल मुकाबला भारत-पाकिस्तान के बीच खेला जाना है। इस रोमांचक मुकाबले के लिए दोनों ही देशों में पारा गरमाया हुआ है। इससे पहले एशिया कप 2025 में दोनों देशों के बीच दो मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें जमकर कंट्रोवर्सी देखने को मिली है। वहीं, अब फाइनल मैच से पहले पाकिस्तानी ने एक और बखेड़ा खड़ा कर दिया है।

बता दें कि मैच के दौरान कंट्रोवर्सी को लेकर आईसीसी ने भारतीय कप्तान और हारिस रऊफ पर जुर्माना भी लगाया है। दरअसल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए आईसीसी ने मैच फीस में 30 प्रतिशत की कटौती किए जाने का फैसला लिया।

वहीं, पाकिस्तानी तेज गेंदबाज तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर भी 30 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया गया था। अब इसमें नया मामला यह आ गया है कि पीसीबी चेयमैन मोहसिन नकवी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर लगे जुर्माने को व्यक्तिगत रूप से चुकाना चाहते हैं। यह खुलासा एक पाकिस्तानी समाचार चैनल की रिपोर्ट में हुआ है। वैसे तकनीकी रूप से आईसीसी की ओर से लगाया गया जुर्माना खिलाड़ी की मैच फीस से काटा जाता है। इसका मतलब है कि जो राशि काटी जाती है, वह सीधे खिलाड़ी को मिली मैच फीस से घटती है। यह मायने नहीं रखता कि कोई और शख्स उस जुर्माने की राशि अपने खर्च से चुकाए। (अनंत ज्ञान)

## भारत के खिलाफ नहीं था कोई मानसिक अवरोध : जयसूर्या

**एजेंसी, दुबई**

श्रीलंका के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने एशिया कप सुपर चार के महज औपचारिकता के मैच में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम के खिलाफ हार के बाद कहा है कि उनकी टीम भारत के खिलाफ 'मानसिक अवरोध' का शिकार नहीं हुई थी।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शुक्रवार को यहां सुपर ओवर में शानदार गेंदबाजी करके भारत को जीत दिलाई। श्रीलंका ने सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका के आक्रामक शतक की मदद से भारत के 202 रन के स्कोर की बराबरी की। पूर्व दिग्गज क्रिकेटर जयसूर्या ने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों से काफी संतुष्ट हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि टूर्नामेंट में श्रीलंका के तीनों सुपर चार मैच हारने के बावजूद यह टीम बहुत आगे तक जा सकती है। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयसूर्या ने कहा, ''मैं मैच को नियमित समय में खत्म करना पसंद करता। कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता।''

उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्य से दासुन (शनाका) तीसरा रन पूरा करने से चूक गए, लेकिन भारत के खिलाफ कोई मानसिक अवरोध नहीं था। हमारा बल्लेबाजी क्रम मजबूत है और हमने उन्हें आत्मविश्वास दिया। 200 (203) के लक्ष्य का पीछा करना कभी आसान नहीं होता लेकिन हमने इसे लगभग हासिल कर ही लिया था जो हमारी क्षमता को दर्शाता है।'' श्रीलंका को 2024 में पाल्लेकल में तीसरे टी20 मैच के दौरान भी इसी तरह की हार का सामना करना पड़ा था जब आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम को भारत के खिलाफ सुपर ओवर में शिकस्त झेलनी पड़ी।

जयसूर्या ने निसांका (107) और कुसाल परेरा (32 गेंद में 58 रन) की तारीफ की जिन्होंने दूसरे विकेट की साझेदारी ने सिर्फ 70 गेंद में 127 रन बनाए। उन्होंने कहा, ''जब आप 202 रन (203) का पीछा कर रहे हो तो आपको लगातार बाउंड्री लगानी होती हैं। उनकी साझेदारी अहम थी। जब हमने विकेट गंवाने शुरू किए तो लय बिगड़ गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि किसी को तो जोखिम उठाना ही पड़ता है।'' जयसूर्या ने कहा, ''दुर्भाग्य से पथुम गलत समय पर आउट हो गए और बाद में गेंद अधिक टर्न लेने लगी। फिर भी यह क्रिकेट का एक बहुत अच्छा मैच था।'' (अनंत ज्ञान)

**सुझाव** | गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने फाइनल से पहले जताई टीम के सुधार की उम्मीदें, बोले-

## भारत को दबाव में करनी होगी बेहतर बल्लेबाजी

**एजेंसी, दुबई**

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल का मानना है कि टीम ने अभी तक 'पूर्ण खेल' नहीं खेला है और उन्हें उम्मीद है कि रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल में बल्लेबाजी इकाई दबाव में प्रदर्शन बेहतर करेगी।

हालांकि, भारतीय स्पिनरों कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने पाकिस्तान सहित अधिकांश विरोधी टीमों को रोकने में सफलता हासिल की, लेकिन दबाव की परिस्थितियों में अभिषेक शर्मा की आतिशी बल्लेबाजी को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन बिल्कुल भी प्रेरणादायक नहीं रहा है। मोर्कल ने रविवार को होने वाले फाइनल से पहले कहा, ''मुझे नहीं लगता कि इस टूर्नामेंट में अब तक हमने अपना पूर्ण खेल दिखाया है। हर मैच के बाद उन क्षेत्रों पर चर्चा होनी चाहिए जिनमें हम सुधार करना चाहते हैं और बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। इसलिए यह एक सामान्य सोच है कि जब हम पर थोड़ा दबाव डाला जाता है तो हमें और तेज होने की जरूरत होती है।''



इसके बाद मोर्कल ने बल्लेबाजी के उन विभागों की सूची बनाई जिनमें सुधार की आवश्यकता है।मोर्कल ने कहा, ''अगर हम बल्लेबाजी से शुरुआत करें तो क्या हम कठिन परिस्थितियों में थोड़ा बेहतर तरीके से स्ट्राइक रोटेट कर सकते हैं? क्या हम साझेदारियों को थोड़ा बचा सकते हैं? क्योंकि नए बल्लेबाज के लिए यहां शुरुआत करना काफी मुश्किल होता है लेकिन फिर भी आक्रामक मानसिकता बनाए रखनी चाहिए।''

इसके बाद उन्होंने गेंदबाजी के बारे में बात करे हुए कहा, ''गेंदबाजी के दृष्टिकोण से विशेष रूप से शुरुआती छह या 10 ओवरों के बारे में बात करें। हम अपनी लेंथ, अपनी सटीकता, अपनी सोच और गेंद को हाथ में लेकर कैसे सुधार कर सकते हैं।'' मोर्कल ने कहा, ''बीच के ओवरों में शायद एक-दो यॉर्कर डाली जा सकती हैं। मुझे लगता है कि चलन यह रहा है क्योंकि विकेट थोड़ा धीमा है इसलिए गति कम होती है।'' मोर्कल ने कहा कि टीम में फाइनल से जुड़े किसी भी दबाव को झेलने के लिए पर्याप्त कौशल है।

### अभिषेक शर्मा और शाहीन शाह के बीच रोमांचक होगा मुकाबला : कोच मोर्कल

**दुबई।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा है कि रविवार को एशिया कप फाइनल में अभिषेक शर्मा की शानदार बल्लेबाजी का मुकाबला शाहीन शाह अफरीदी की सटीक गेंदबाजी से होगा और दोनों के बीच 'कांटे की टक्कर' देखने को मिलेगी। मोर्कल ने इन दोनों खिलाड़ियों के साथ काम किया है। मोर्कल इससे पहले पाकिस्तान टीम के साथ गेंदबाजी सलाहकार के रूप में कुछ समय के लिए काम कर चुके हैं जहां उन्हें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन को कोचिंग देने का मौका मिला था। मोर्कल ने कहा, ''शाहीन निश्चित रूप से एक आक्रामक गेंदबाज है जो आपको पटखनी देने की कोशिश करेगा और अभिषेक भी पीछे नहीं हटेंगे। मुझे लगता है कि अब तक जब भी ये दोनों आमने-सामने आए हैं तो हम सभी क्रिकेट समर्थक और प्रशंसक अपनी सीटों से चिपके रहे हैं और यह खेल के लिए बहुत अच्छा है।'' हालांकि, शाहीन पिछले काफी समय से पाकिस्तान टीम का हिस्सा हैं, लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने मौजूदा एशिया कप में अपनी तेजतर्रार बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा है। इस भारतीय खिलाड़ी ने छह मैच में एक भी बार नाकामी नहीं झेली है। उन्होंने तीन अर्द्धशतक और तीन बार 30 या उससे अधिक के स्कोर बनाए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक यहां हुए दोनों मैच में अभिषेक ने शाहीन की धज्जियां उड़ा दीं।